माघ शुक्ल पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 16 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 191, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अब छंटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव 16

मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री 2

## सोनिया ने लिखी रायबरेली को चिट्ठी... परिवार को संभालिएगा

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली



▸▸ अब सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा पर प्राण आपके पास

**अमृत विचार** : कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजस्थान में राज्यसभा के नामांकन के बाद से भाजपा लगातार उन्हें ट्रोल कर रही है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें अवसरवादी बताया तो इस बीच सोनिया गांधी ने रायबरेली के नाम एक भावानात्मक चिट्ठी लिखी है।

सोनिया गांधी ने पत्र में लिखा कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। यह नेह नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फिरोज गांधी जी को जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक, यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे। आज मैं जो कुछ भी हूँ, आपकी बदौलत हूँ और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है। अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं रायबरेली से अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन मेरा मन-प्राण हमेशा आपके पास रहेगा।

## पंजाब में पटरियों पर बैठे किसान, ट्रेनों का मार्ग बदला

लुधियाना/होशियारपुर, एजेंसी

'दिल्ली चलो' आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई को लेकर पंजाब में कई स्थानों पर किसान घंटों पटरियों पर बैठे रहे। जिससे दिल्ली-अमृतसर मार्ग पर कुछ ट्रेनों को दूसरे मार्गों से भेजा गया। किसानों ने कई टोल प्लाजा पर धरना भी दिया और अधिकारियों पर यात्रियों से पथकर नहीं लेने के लिए दबाव बनाया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) और बीकेयू डकोंदा (धनेर) ने पंजाब में कई जगहों पर चार घंटे के लिए 'रेल रोको' का आह्वान किया था।


### कई टोल प्लाजा पर दिया धरना, पथकर न लेने का बनाया दबाव



पटियाला के राजपुरा में रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान।

किसानों ने दोपहर करीब 12 बजे अपना आंदोलन शुरू किया और कई स्थानों पर पटरियों पर बैठ गए। प्रदर्शन शाम चार बजे तक जारी रह सकता है। हरियाणा पुलिस द्वारा आंसू गैस के इस्तेमाल के विरोध में किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर कई टोल प्लाजा पर प्रदर्शन भी किया। होशियारपुर में किसानों ने जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया। दोआबा किसान कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जंगवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों ने चोलांग और हरसे मानसर में टोल प्लाजाओं का घेराव किया और वहां धरना दिया। उन्होंने केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारे लगाए और किसानों के लिए न्याय की मांग की।

### हमें किसानों के तौर-तरीके पर आपत्ति



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि अपनी मांगों को मनवाने के लिए किसानों के तौर तरीके निंदनीय हैं क्योंकि वे आक्रमण करने जा रही किसी सेना की तरह दिल्ली की ओर कूच करने की कोशिश कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए खट्टर ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों को रोक सकती थी। अगर वे नहीं रुके, तो वहां कुछ समझ होनी चाहिए और 'दिल्ली वाले' कहते हैं कि वे किसानों के आंदोलन के साथ हैं। किसानों के 'दिल्ली चलो' आह्वान में आप की भागीदारी को लेकर एक सवाल पर उन्होंने कहा कि टिप्पणी करना सही नहीं है लेकिन उनके (किसानों के) व्यवहार से पता चलता है कि उन्हें किसी तरह का समर्थन प्राप्त है।

### एक नजर

#### किसानों के लिए खोलें सोयाबीन-चना खरीद केंद्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने महाराष्ट्र सरकार से यवतमाल, चंद्रपुर और विदर्भ जिलों में सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने को कहा है, जहां ज्यादातर किसान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के हैं। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) द्वारा सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने से इसकी खेती में लगे क्षेत्रीय किसानों को लाभ होगा। महाराष्ट्र के सहकारिता, विपणन और कपड़ा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी किसानों की शिकायत और ऐसे खरीद केंद्रों की उनकी मांग के बारे में सूचित किया गया।

#### यूएपीए संबंधी याचिकाएं वापस लेने की अनुमति

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाले व्यक्तियों और समूहों ने गुरुवार को अचानक उच्चतम न्यायालय में अपनी याचिकाएं वापस ले लीं और कहा कि उन्होंने उचित मंचों पर जाने का निर्णय लिया है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने बुधवार को आठ याचिकाएं वापस लेने की अनुमति दे दी।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड पर लगाई रोक

## योजना को निरस्त कर दानदाताओं और राशि के खुलासे का भी दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



▸▸ सर्वोच्च न्यायालय ने कहा-यह अभिव्यक्ति और सूचना के अधिकारों का उल्लंघन

▸▸ 13 मार्च तक निर्वाचन आयोग को दानदाताओं के नाम सार्वजनिक करने के दिए निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया तथा चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था। लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में उच्चतम न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया।

न्यायालय के आदेशानुसार, निर्वाचन आयोग 13 मार्च तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर छह वर्ष पुरानी योजना में दान देने वालों के नामों की जानकारी देगा। संविधान पीठ ने 232 पृष्ठों के अपने दो अलग-अलग, लेकिन सर्वसम्मत फैसलों में कहा कि एसबीआई को राजनीतिक दलों द्वारा भुगतान कराए गए सभी चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देना होगा। इस ब्योरे में यह भी शामिल होना चाहिए कि किस तारीख को यह बॉण्ड भुनाया गया और इसकी राशि कितनी थी। पूरा विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को विवरण साझा करने का भी निर्देश दिया, जिसमें बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीदार का नाम और खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का मूल्य शामिल है।

प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत बोलने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

### ऑडिट रिपोर्ट : भाजपा को मिला सबसे अधिक चंदा

फैसले में 2017-18 से 2022-23 तक राजनीतिक दलों की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट का हवाला दिया गया, जिसमें ऐसे बॉण्ड के माध्यम से प्राप्त पार्टी-वार चंदे को दर्शाया गया है। इस दौरान भाजपा को 6,566.11 करोड़ रुपये, जबकि कांग्रेस को 1,123.3 करोड़ रुपये मिले। इसी अवधि के दौरान तृणमूल कांग्रेस को 1,092.98 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। फैसले में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना चुनाव में काले धन पर अंकुश लगाने का एकमात्र साधन नहीं है।

### फैसले से लोकतंत्र पर विश्वास बहाल होगा : कुरैशी

पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एस. वाई. कुरैशी ने इस फैसले पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों का लोकतंत्र पर विश्वास बहाल होगा। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता था। यह उच्चतम न्यायालय की ओर से पिछले पांच-सात वर्ष में दिया गया सबसे ऐतिहासिक निर्णय है। यह लोकतंत्र के लिए वरदान है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड को असंवैधानिक करार दिया। उच्चतम न्यायालय जिंदाबाद।

### शीर्ष कोर्ट के फैसले का सम्मान : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनावी बॉन्ड योजना का बचाव करते हुए कहा कि इसका प्रामाणिक उद्देश्य चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाना था। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने हालांकि कहा कि उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करती है। चुनावी बॉन्ड योजना को रद किए जाने के बाद केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की यह टिप्पणी सामने आई। भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है ।

### फैसले से वोट की ताकत मजबूत होगी : कांग्रेस

कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय नोट के मुकाबले वोट की ताकत को और मजबूत करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर लिखा कि योजना की शुरुआत के दिन कांग्रेस ने इसे अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताया था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनावी बॉण्ड को कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था।

## लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी नेशनल कॉन्फ्रेंस

श्रीनगर, एजेंसी

▸▸ पार्टी प्रमुख एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला ने की घोषणा

▸▸ आप व टीएमसी ने भी किया है अकेले लड़ने का एलान



जम्मू-कश्मीर की सबसे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी नेशनल कांफ्रेंस ने गुरुवार को घोषणा की कि वह आगामी लोकसभा चुनाव और केंद्र शासित प्रदेश में संभावित विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी प्रमुख और लोकसभा सांसद फारूक अब्दुल्ला ने यहां यह घोषणा की। इसे विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के अलावा क्षेत्रीय गठजोड़ पीएजीडी के लिए एक झटके के तौर पर देखा जा रहा है। अब्दुल्ला ने यहां पत्रकारों से कहा कि मुझे लगता है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव एकसाथ होंगे। जहां तक सीटों के बंटवारे की बात है तो मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि नेशनल कांफ्रेंस अकेले चुनाव लड़ेगी। इसमें कोई दो राय नहीं है।

नेशनल कांफ्रेंस पिछले साल गठित इंडिया गठबंधन का हिस्सा रही है। इसमें कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, राजद, शिवसेना (यूबीटी), टीएमसी, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम और वामपंथी दल शामिल हैं। 'आप' और तृणमूल कांग्रेस ने भी कहा है कि वे क्रमशः पंजाब और पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेंगी।

### सीटों को लेकर कांग्रेस से बातचीत जारी : उमर



**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उनकी पार्टी विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का घटक दल है और वह जम्मू-कश्मीर व लद्दाख की छह लोकसभा सीटों में से तीन को लेकर कांग्रेस के साथ बातचीत कर रही है। उमर अब्दुल्ला का स्पष्टीकरण नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के लोकसभा व विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने के बयान के कुछ ही देर बाद आया है।

## एसटीएफ ने असलहा तस्कर को दबोचा 10 पिस्टल बरामद, सरगना रक्षित फरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अन्तर्जनपदीय स्तर पर असलहा की तस्करी की सूचना पर कार्रवाई

▸▸ इंदौर से असलहा मंगाकर दिल्ली उत्तराखंड में भी करते थे सप्लाई



विनय त्यागी

**अमृत विचार** : एसटीएफ ने बुधवार की रात मेरठ से एक असलहा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 10 पिस्टल बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में सरगना और अन्तरराज्यीय असलहा तस्कर रक्षित त्यागी फरार हो गया। एसटीएफ उसकी गिरफ्तारी में जुटी हुई है।

एसटीएफ टीम ने सहारनपुर के मवाना बस स्टैंड स्थित पेट्रोल पम्प के पास से असलहा तस्कर विनय त्यागी को गिरफ्तार किया। देवबंद (सहारनपुर) के रहने वाले विनय ने पूछताछ में बताया कि फरार साथी चरथावल मुजफ्फरनगर का रक्षित त्यागी था। उसके रूहाना मुजफ्फरनगर स्थित टोल पर कार्य करने के दौरान उसकी मुलाकात रक्षित त्यागी से हुई थी। उसके बाद से वह उसके द्वारा सौंपा गया कार्य करता था। वह मध्य प्रदेश से असलहा लाकर रक्षित को सौंप देता था। ऐसा दो बार वह कर चुका है। तीसरी बार वह इंदौर से असलहा लाया था। मेरठ में किसी को देना था। रक्षित उसी का इंतजार कर रहा था। इसी बीच एसटीएफ टीम पहुंच गई। इस दौरान वह पकड़ा गया जबकि रक्षित फरार होने में कामयाब रहा।

एसटीएस के मुताबिक विनय ने बताया कि रक्षित त्यागी कुख्यात अपराधी विक्की त्यागी का बेटा है तथा उसकी मां मीनू त्यागी जिला कारागार अम्बेडकरनगर में निरुद्ध है। विक्की त्यागी गैंग को रक्षित त्यागी ही संचालित कर रहा है। विनय त्यागी ने यह भी बताया कि रक्षित त्यागी इन्दौर (मप्र) से पिस्टल मंगवाकर मुजफ्फरनगर, मेरठ, दिल्ली एवं उत्तराखण्ड में सप्लाई करता है।

## तहखाने में पूजा पर रोक के लिए दायर याचिका पर 28 को सुनवाई

ज्ञानवापी मामला

**वाराणसी।** वाराणसी की एक अदालत ने गुरुवार को मस्जिद के तहखाने में पूजा-पाठ करने की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के एक वकील ने यह जानकारी दी। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश ((पंचम) अनिल कुमार की अदालत ने मस्जिद परिसर में तहखाने में पूजा-पाठ की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई की तारीख 28 फरवरी तय की है। वाराणसी की जिला अदालत ने 31 जनवरी को फैसला सुनाया था कि एक पुजारी ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में प्रतिमाओं के सामने प्रार्थना कर सकता है। मस्जिद समिति ने इस फैसले के खिलाफ अदालत का रुख किया था। ज्ञानवापी मस्जिद समिति ने जिला अदालत के इस फैसले के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में भी एक याचिका दायर की थी।

## पुलिस भर्ती फॉर्म में त्रुटि वाले अभ्यर्थी भी दे सकेंगे परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 17-18 फरवरी को होगी सिपाही के लिए लिखित परीक्षा

▸▸ उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने जारी किए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार** : उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों के लिए होने वाली लिखित परीक्षा में वह अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे, जिनके ऑनलाइन भरे गए फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटि हो गई है।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के उप सचिव ने सभी डीएम-एसपी को पत्र लिखकर इस बाबत दिशा-निर्देश जारी किया है। दरअसल, सभी जिलों में 2377 परीक्षा केंद्रों में 17 व 18 फरवरी को दो पालियो में लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 4817441 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। इसमें ढेर सारे अभ्यर्थियों ने भर्ती बोर्ड को यह जानकारी दी है कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय अथवा उसमें संशोधन करते समय खुद से या साइबर कैफे द्वारा फार्म में विभिन्न तरह की त्रुटि हो गई हैं। ऐसे में उन्हें परीक्षा में शामिल होने से वंचित न किया जाए। उसके बाद बोर्ड की ओर से निर्देश जारी किया गया। जिसमें कहा गया है कि जरूरी औपचारिकता पूरी कराकर अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल कराना सुनिश्चित किया जाए।

## फेमा मामले में टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा को ईडी का समन



▸▸ पूछताछ के लिए 19 फरवरी को बुलाया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को फेमा कानून के कथित उल्लंघन के एक मामले में समन जारी कर अगले सप्ताह पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 49 वर्षीय मोइत्रा को दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में 19 फरवरी को पेश होने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा के पेश होने पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत उनका बयान दर्ज किया जा सकता है। मोइत्रा के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भी जांच कर रही है। वह लोकपाल द्वारा मामला भेजे जाने पर मोइत्रा के खिलाफ आरोपों की प्राथमिक जांच कर रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर उपहार के बदले लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था।

## रजिस्ट्रार जनरल को मिला बम की धमकी वाला ईमेल

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ धमकी मिलने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय की बढ़ाई गई सुरक्षा

दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) को एक ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद अदालत में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को बुधवार को उनके आधिकारिक अकाउंट में ईमेल मिला। बलवंत देसाई नामक व्यक्ति द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को 12 फरवरी को भेजे गए ईमेल में आगाह किया गया है कि गुरुवार को एक बम धमाका होगा और यह दिल्ली में सबसे बड़ा धमाका होगा। ईमेल में लिखा है कि यह दिल्ली में सबसे बड़ा विस्फोट होगा। मंत्री को भी फोन करो, सबको उड़ा दिया जाएगा। इस ईमेल को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकारियों ने सुरक्षा बढ़ा दी है। ईमेल के बाद उच्च न्यायालय के प्राधिकारियों ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को एक पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय के सक्षम प्राधिकरण ने मामले को गंभीरता से लिया है और आयुक्त से उच्च न्यायालय परिसर में और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया है।

## हेमंत सोरेन को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**रांची।** रांची में एक विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ईडी की हिरासत में थे। पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि हेमंत सोरेन को आज विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया और उन्हें 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हम उनके लिए जमानत याचिका दायर करेंगे।

## रामलला और अयोध्या थीम पर सिक्का जारी

नई दिल्ली, एजेंसी



एसपीएमसीआईएल के स्थापना दिवस समारोह के दौरान सिक्का जारी करतीं वित्तमंत्री।

▸▸ रंगीन सिक्के में एक ओर रामलला तो दूसरी ओर उकेरी गई है श्रीराम मंदिर की आकृति

▸▸ वित्तमंत्री ने महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर भी जारी किए स्मारक सिक्के



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भव्य राम मंदिर पर एक स्मारक सिक्का जारी किया। राम लला और अयोध्या की थीम पर आधारित रंगीन सिक्का में एक तरफ राम लला की प्रतिमा तो दूसरी ओर राम मंदिर की आकृति बनी है। यह सिक्का एसपीएमसीआईएलआई की वेबसाइट से खरीदा जा सकता है। इसके अलावा दो अन्य स्मारक सिक्के भी जारी किए जो महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर हैं।

उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लि. (एसपीएमसीआईएल) के 19वें स्थापना दिवस समारोह में भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति पर दो धातुओं से बना सिक्का और इसमें एक सींग वाले गैंडे (देश में लुप्तप्राय पशु श्रृंखला का हिस्सा) पर सिक्का जारी किया। बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति पर जारी सिक्का सीमित संस्करण वाला है और इस पर बुद्ध और स्तूप की तस्वीर है। सीतारमण ने पंचतंत्र विषय पर स्मारक टिकट और सिक्के लाने के लिए एसपीएमसीआईएल के प्रयासों की सराहना की। इन्हें भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष-विश्व बैंक की द्विपक्षीय बैठकों के दौरान उपहार में दिया था। वित्तमंत्री ने कहा कि हाल ही में आप जिन विषयों को लेकर आ रहे हैं, चाहे वह स्मारक टिकट हों या सिक्के, यह बताता है कि आप दुनियाभर की गतिविधियों से अवगत हैं। आप पर्यावरण और दिव्यांगों के लिए चिंताओं को समझते हैं। साथ ही इसे इतना आकर्षक बनाना चाहते हैं जिसे किसी को उपहार दिया जा सके। वर्चुअली आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता सीतारमण ने की।

राम लला और अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर जारी स्मारिका सिक्का को 50 ग्राम के 999 शुद्ध रजत से बनाया गया है। इसकी कीमत 5 हजार रुपये से अधिक है।

# भारतीय टेस्ट कैप पाकर भावुक हो गए सरफराज और जुरेल

## राहुल के चोटिल होने, अय्यर के बाहर और विराट की अनुपस्थिति के कारण टेस्ट टीम में मिली जगह

राजकोट, एजेंसी



भारतीय टीम में गुरुवार सुबह तब भावनाएं पड़ी जब सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पहले टेस्ट कैप सौंपी गई। मुंबई की तरफ से अच्छा प्रदर्शन कर रहे सरफराज लंबे समय से भारतीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे थे लेकिन इस खिलाड़ी को आखिर इंतजार के बाद टेस्ट टीम में जगह मिल गई।

केएल राहुल के चोटिल होने, श्रेयस अय्यर को बाहर किए जाने तथा विराट कोहली की अनुपस्थिति से सरफराज को टेस्ट टीम में जगह मिला। दूसरी तरफ केएस भरत के बल्लेबाजी में लगातार लचर प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश के जुरेल का विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अंतिम एकादश में चयन तय माना जा रहा था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका औसत लगभग 47 है। सरफराज भारत के 311वें और जुरेल 312वें टेस्ट क्रिकेटर बने। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और देश के

**311 वें टेस्ट क्रिकेटर बने सरफराज**

**312 वें खिलाड़ी चुने गए ध्रुव जुरेल**

सबसे सफल गेंदबाज अनिल कुंबले ने टेस्ट कैप दी। कुंबले ने कहा कि सरफराज जैसे आगे बढ़े उस पर हमें गर्व है। आपने जो हासिल किया मुझे विश्वास है कि आपके पिता और परिवार को गर्व होगा। आपसे पहले केवल 310 लोग टेस्ट खेले हैं। सरफराज को बाद में अपने पिता और कोच नौशाद खान को अपनी टेस्ट कैप दिखाते हुए देखा गया। यही नहीं उनकी पत्नी की आंखों में आंसू छलक आए और सरफराज को उन्हें पोंछते हुए देखा गया। जुरेल को पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने टेस्ट कैप सौंपी। कार्तिक ने कहा कि आगरा से आना और छोटी उम्र में नोएडा जाना और आपके साथ आपकी मां का होना। इस यात्रा में कुछ मुश्किलें जरूर आई होगी। इस यात्रा में कई लोगों ने आपकी मदद की होगी और मुझे यकीन है कि आज आपको देखकर वे खुश हो रहे होंगे। उन्होंने कहा कि आपने विभिन्न प्रारूप में मैच खेले होंगे लेकिन टेस्ट क्रिकेट सबसे कड़ा प्रारूप होता है और जब आप इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बहुत संतुष्टि मिलती है।

# टी-20 विश्व कप तक भारत के मुख्य कोच राहुल और टीम के कप्तान रहेंगे रोहित : शाह

राजकोट, एजेंसी

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि राहुल द्रविड़ इस साल जून में होने वाले टी-20 विश्व कप तक मुख्य कोच बने रहेंगे। द्रविड़ का अनुबंध पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था, लेकिन उन्हें कार्यकाल तय किए बिना उनके सहयोगी स्टाफ के साथ दिसंबर जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के दौरे तक पद पर बने रहने के लिए कहा गया था। शाह ने कहा कि उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप तक द्रविड़ को मुख्य कोच बनाए रखने का फैसला करने से



पहले इस पूर्व कप्तान से बातचीत की। शाह ने कहा कि विश्व कप के बाद राहुल को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाना पड़ा। आप राहुल द्रविड़ जैसे सीनियर के अनुबंध को लेकर चिंतित क्यों हैं। वह टी-20 विश्व कप में भी कोच बने रहेंगे। शाह ने हालांकि संकेत दिए कि टी20 विश्व कप से पहले उनके बीच कुछ दौर की बातचीत होगी।

### रोहित की अगुवाई में भारत टी-20 विश्वकप जीतेगा

जय शाह ने भारत की कप्तानी पर कहा कि उन्हें भरोसा है कि रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत खिताब जीतेगा। शाह ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) स्टेडियम का नाम बदलकर निरंजन शाह स्टेडियम करने के कार्यक्रम में कहा कि हम भले ही 2023 वनडे विश्वकप का फाइनल हार गए हों, लेकिन हमने लगातार 10 मैच जीतकर दिल जीत लिया। मुझे विश्वास है कि भारत बारबाडोस में रोहित की कप्तानी में 2024 टी-20 विश्वकप जीतेगा। शाह ने टी-20 विश्वकप के लिए रोहित को कप्तानी की कमान सौंपने के फैसले के बारे में यह जानकारी दी।

## खेल डायरी

### डब्ल्यूपीएल 2 : यूपी वारियर्स से जुड़े अभय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा रह चुके अभय शर्मा 23 फरवरी से शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र से पहले यूपी वारियर्स से क्षेत्ररक्षण और विकेटकीपिंग कोच के रूप में जुड़ गए हैं। रेलवे के पूर्व रणजी कप्तान अभय ने पिछले घरेलू सत्र में दिल्ली की रणजी टीम को कोचिंग दी थी। वह भारत ए और भारत अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका भी निभा चुके हैं। इंग्लैंड के जॉन लुईस यूपी वारियर्स के मुख्य कोच हैं। डब्ल्यूपीएल के सूत्र ने कहा कि अभय यूपी वारियर्स के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ गए हैं। अभय 54 साल के हैं और उन्होंने 1988 से 2003 के बीच 89 प्रथम श्रेणी मैच खेले। यूपी वारियर्स की टीम बेंगलुरू में ट्रेनिंग कर रही है। डब्ल्यूपीएल का पहला चरण बेंगलुरू में होगा जिसके बाद दूसरा और अंतिम चरण दिल्ली में खेला जाएगा।

### स्वास्थ्य को लेकर चिंतित नडाला कतर ओपन से हटे

**दोहा (कतर), एजेंसी।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल अगले सप्ताह से शुरू होने वाले कतर ओपन से हट गए हैं, क्योंकि उनका मानना है कि कोर्ट पर वापसी के लिए अभी वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हैं। नडाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं दोहा में खेलना पसंद करता जहां आयोजकों के साथ दर्शकों ने भी मेरा भरपूर समर्थन किया। दुर्भाग्य से मैं अभी प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हूं और इस कारण दोहा नहीं आ पाऊंगा। मैं 2014 की अविस्मरणीय जीत के बाद दोहा में खेलना चाहता था। मैं लास वेगास में होने वाले प्रदर्शनी मैच और इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में खेलने के लिए खुद को तैयार करने पर ध्यान दूंगा। स्पेन के इस खिलाड़ी को 3 मार्च को कार्लोस अल्कराज़ के खिलाफ प्रदर्शनी मैच खेलना है और इसके बाद वह कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

### फीफा रैंकिंग में भारत खिसककर 117वें स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम हाल में एएफसी एशियाई कप में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण गुरुवार को फीफा रैंकिंग में 15 पायदान खिसककर 117वें स्थान पर पहुंच गई जो 7 साल में उसकी सबसे खराब रैंकिंग है। भारत एएफसी एशियाई कप में अपने सभी तीनों ग्रुप मैच गंवा बैठा था। यह भारत की जनवरी 2017 में 129वीं रैंकिंग के बाद सबसे खराब रैंकिंग है। अब तक देश की सबसे खराब रैंकिंग 2015 में 173 थी। भारत ने पिछली रैंकिंग से 35 .63 रेटिंग अंक गंवा दिए। अब यह टोगो (116वीं रैंकिंग) और गिनी बिसाऊ (118वीं) के बीच में है। एशियाई देशों में भारत की रैंकिंग 22 है। कोच इगोर स्टिमक के मार्गदर्शन में भारत एशियाई कप में आस्ट्रेलिया से 0-2, उज्बेकिस्तान से 0-3 और सीरिया से 0-1 से हार गया था जिससे उसे कोई अंक नहीं मिला और टीम इसमें कोई गोल भी नहीं कर पाई।

### द. अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को दिया 267 रन का लक्ष्य



**हैमिल्टन (न्यूजीलैंड), एजेंसी।** डेविड बेडिंगहैम के शतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन न्यूजीलैंड के सामने 267 रन का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 1 विकेट पर 40 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने दिन के अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर डेवोन कॉनवे (17) का विकेट गंवाया, जिन्हें ऑफ स्पिनर डेन पीट ने पगबाधा आउट किया। स्टंप के समय टॉम लैथम 21 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में 235 रन बनाए। उसकी पारी का आकर्षण बेडिंगहैम का शतक रहा, जिन्होंने 110 रन बनाए जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। बेडिंगहैम ने इस बीच कीगन पीटरसन (43) के साथ पांचवें विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की । इन दोनों के अलावा कप्तान नील ब्रांड (34) और जुबेर हम्ज़ा (17) ही दोहरे अंक में पहुंचे। दक्षिण अफ्रीका ने अपने अंतिम छह विकेट 33 रन के अंदर गंवाए।

# पहले दिन रोहित और जडेजा ने जड़ा शतक

## तीसरे टेस्ट के पहले दिन खेल समाप्त होने तक भारत ने बनाए 5 विकेट पर 326 रन

राजकोट, एजेंसी



कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने गुरुवार को शतक जड़कर न सिर्फ टीम को शुरुआती झटकों से उबारा बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच का पहला दिन भी भारत के नाम किया। भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 5 विकेट पर 326 रन बनाए हैं। रोहित (131) और जडेजा (नाबाद 110) ने चौथे विकेट के लिए 204 रन की साझेदारी की। यह भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ चौथे विकेट के लिए तीसरी बड़ी साझेदारी है। इन दोनों के अलावा अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज खान ने 66 गेंद पर 62 रन की मनोरंजक पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय जडेजा के साथ



नाइट वॉचमैन कुलदीप यादव एक रन पर खेल रहे थे।

रोहित और जडेजा ने तब मोर्चा संभाला जब भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर अपने तीन युवा बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल (10), शुभमन गिल (00) और रजत पाटीदार (05) के विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अब तक 69 रन देकर 3 विकेट लिए हैं। रोहित और जडेजा ने सहजता से रन बटोरे। उन्हें निरंजन शाह स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर परेशानी नहीं हुई। वुड को हालांकि सुबह के सत्र में थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था लेकिन बाद में इस तेज गेंदबाज ने शॉर्ट पिच गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा ली। रोहित ने लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर दो रन लेकर अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया जो इंग्लैंड के खिलाफ उनका तीसरा शतक है। रोहित ने विशेषकर रेहान को निशाने पर रखा लेकिन वुड ने शॉर्ट पिच गेंद करना जारी रखा। रोहित का धैर्य जवाब दे गया और इस तेज गेंदबाज की एक

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

- **भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर यशस्वी, शुभमन और रजत का विकेट गंवाया**
- **रोहित और जडेजा ने 204 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला, सरफराज ने दिया 62 रन का योगदान**
- **इंग्लैंड की तरफ से तेज गेंदबाज मार्क वुड ने 69 रन देकर 3 विकेट लिए**

और शॉर्ट पिच गेंद को सबक सिखाने के प्रयास में मिड विकेट पर बेन स्टोक्स को कैच दे बैठे। उन्होंने 196 गेंद का सामना करके 14 चौके और 3 छक्के लगाए। जडेजा ने शतक के करीब पहुंचने के बाद धीमी बल्लेबाजी की। उन्होंने 198 गेंद का सामना करके अपने टेस्ट कॅरियर का चौथा शतक लगाया। इस ऑल राउंडर ने लेग साइड में रन बटोरे तथा विकेटों के बीच उनकी दौड़ शानदार रही। जडेजा ने अब तक 212 गेंद का सामना करके 9 चौके और 2 छक्के जड़े हैं। सरफराज को देखकर नहीं लगा कि वह अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे हैं। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी की तथा मैदान के चारों तरफ शॉट लगाकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली की गेंद छक्के के लिए भेजी और 48 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। जब लग रहा था कि सरफराज बड़ी पारी खेलने में सफल रहेंगे तब जडेजा के साथ गफलत के कारण उन्हें रन आउट होना पड़ा। उन्होंने 66 गेंद की अपनी पारी में 9 चौके और 1 छक्का लगाया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही जबकि वुड ने सुबह के सत्र में 2 और हार्टली ने 1 विकेट लेकर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। वुड की गति और पिच से मिल रहे मूवमेंट के कारण भारत को शुरू में कुछ करारे झटके लगे। पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज जायसवाल कुछ खास नहीं कर पाए तथा वुड की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे। विशाखापत्तनम टेस्ट में शतक बनाकर वापसी करने वाले गिल को वुड ने खाता भी नहीं खोलने दिया। उन्होंने विकेटकीपर बेन फॉक्स को आसान कैच दिया। गिल की पारी केवल नौ गेंद तक सीमित रही। भारत का स्कोर तब 3 पर 33 रन हो गया। नंबर 4 पर आए पाटीदार ने हार्टली की गेंद पर शॉर्ट कवर पर खड़े बेन डकेट को कैच दिया। दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले रोहित का भाग्य ने साथ दिया। जेम्स एंडरसन की गेंद पर उन्हें पगबाधा दे दिया गया था, लेकिन डीआरएस से पता चला की गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई थी। इसके कुछ ओवर बाद जो रूट ने हार्टली की गेंद पर स्लिप में उनका कैच छोड़ा। रोहित तब 27 रन पर खेल रहे थे।

### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी)** 326/5 (86 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड | 10 | 10 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड | 131 | 196 | 14/3 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड | 00 | 09 | 0/0 |
| रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली | 05 | 15 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा (खेल रहे) | 110 | 212 | 9/2 |
| सरफराज खान रन आउट (मार्क वुड) | 62 | 66 | 9/1 |
| कुलदीप यादव (खेल रहे) | 01 | 10 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** (बाई-1, लेगबाई-3, नो बॉल -2, वाइड-1) 07, **विकेट पतन:** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, **गेंदबाजी:** जेम्स एंडरसन 19-5-51-0, मार्क वुड 17-2-69-3, टॉम हार्टली 23-3-81-1, जो रूट 13-1-68-0, रेहान अहमद 14-0-53-0

# डब्ल्यूएफआई के फिर से निलंबन की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने गुरुवार को कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फिर से निलंबित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि संजय सिंह की अगुआई वाली संस्था को बहाल करने से पहलवान 'खतरे और उत्पीड़न' के दायरे में आ गए हैं। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने मंगलवार को भारत पर लगा अस्थाई प्रतिबंध हटा दिया लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया कि वह लिखित गारंटी दे कि विरोध कर रहे पहलवानों बजरंग, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी। बजरंग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने हैंडल में साझा किए पत्र में लिखा कि इस फैसले से भारतीय पहलवान एक बार फिर डब्ल्यूएफआई सदस्यों से खतरे और उत्पीड़न के दायरे में आ गए हैं। समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने पिछले साल 23 अगस्त को डब्ल्यूएफआई को निलंबित किया था। कई अड़चनों के बाद अंततः डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए और संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया। बजरंग ने कहा कि हम पहलवान आपसे अनुरोध करते हैं कि विभिन्न माध्यमों से अनुचित कार्यों और उत्पीड़न के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों का समर्थन करें। भारतीय पहलवान न्याय और निष्पक्ष एवं सुरक्षित खेल के अपने अधिकारों के लिए आपकी ओर देख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आप भारत में स्वच्छ और निष्पक्ष खेल गतिविधियों का समर्थन तथा डब्ल्यूएफआई के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के हमारे अनुरोध पर विचार करेंगे।

# भारतीय पुरुष टीम चीन से 2-3 से हारी

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

भारतीय पुरुष टीम को सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार युगल जोड़ी की कमी खली, जिससे उसे गुरुवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप (बीएटीसी) के ग्रुप मैच में चीन से 2-3 से हार मिली। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने अपने एकल मुकाबले जीते लेकिन चीन ने दोनों युगल मुकाबले जीतकर स्कोर 2-2 कर दिया और अंतिम मैच में चिराग सेन को वांग झेंग जिंग से हार मिली, जिससे भारत मुकाबला

**बीएटीसी**



गंवा बैठा। पहले ही नॉकआउट में जगह बना चुकी भारतीय टीम ग्रुप में दूसरी रही और चीन ने शीर्ष स्थान पाया। पता चला है कि सात्विक और चिराग को टीम प्रबंधन ने आराम दिया था क्योंकि भारत पहले ही हांगकांग पर 4-1 की जीत से क्वार्टरफाइनल में जगह बना चुका था। प्रणय ने वेंग पर जीत दर्ज कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। पहले युगल में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला एक गेम जीतने के बावजूद चेन बो यांग और लियू यिन से पराजित हो गए। लक्ष्य सेन ने फिर लेई लान जि को हराकर भारत को वापसी कराई। लेकिन सूरज गोआला और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय की जोड़ी को दूसरे युगल में रेन जियांग यु और जि हाओ नान की जोड़ी से हार मिली, जिससे स्कोरलाइन 2-2 हो गई। निर्णायक मैच में चिराग भारत के लिए मैच नहीं जीत सके।

## बॉलीवुड हलचल

### शैतान का गाना खुशियां बटोर लो रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का पहला गाना खुशियां बटोर लो रिलीज हो गया है। अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'जब आप अपने परिवार के साथ होते हो, तो हर पल कीमती और खूबसूरत'। विकास बहल के निर्देशन में बनी फिल्म 'शैतान' में अजय देवगन के साथ आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।

### आलिया भट्ट की सीरीज पोचर का ट्रेलर जारी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट निर्मित फिल्म पोचर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'पोचर' अमेज़न प्राइम वीडियो की ओरिजिनल क्राइम सीरीज़ है। इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।'पोचर' को आलिया भट्ट ने प्रोड्यूस किया है . वहीं, निर्देशक रिची मेहता है। यह सीरीज असल घटना पर बनी है, इसकी कहानी एक हाथी के इर्द-गिर्द घूमती है। पोचर 23 फरवरी को अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। पोचर को हिंदी के साथ इंग्लिश, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। 'पोचर' के ट्रेलर में हाथियों की लगातार हो रही हत्या की एक झलक दिखाई गई है। इस अवैध शिकार में पुलिस वालों के साथ तमाम लोग इस गिरोह में शामिल होते हैं। इस गिरोह पर जांच बैठती है।

### मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री



बॉलीवुड में जब भी खूबसूरती की का जिक्र होता है मधुबाला के बाद माधुरी दीक्षित का नाम आना लाजमी है। 90 के दशक में माधुरी के नाम का डंका बजता था और वो न केवल सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्री थीं बल्कि कई सुपरस्टार्स से अधिक फीस लिया करती थीं। फिल्म तेजाब का गाना एक, दो, तीन पर माधुरी ने ऐसा डांस किया कि जिसे आज भी उदाहरण की तरह देखा जाता है। इस फिल्म के साथ ही माधुरी की स्टारडम की जर्नी भी शुरू हो गई थी। शादी के बाद जब माधुरी भारत छोड़ कर चली गईं तो उनके फैंस बेहद निराश हुए थे और शायद उन्हीं के लिए वो लौट आईं। माधुरी दीक्षित ने साल 1984 में राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म अबोध से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि उनकी इस फिल्म में उन्हें खास पसंद नहीं किया गया। 1988 में आई फिल्म तेजाब उनके लिए जैकपॉट साबित हुई। इस फिल्म में माधुरी ने अपनी काबिलियत साबित की। उनके डांस के लोग दीवाने हो गए। फिल्म के आइकोनिक सॉन्ग 'एक-दो-तीन' का आज भी कोई जवाब नहीं है। तेजाब के बाद बेटा और दिल जैसी फिल्मों के साथ माधुरी बॉलीवुड पर छा गईं। इसके बाद आई राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म 'हम आपके हैं कौन' जिसकी सफलता ने माधुरी को लेडी सुपरस्टार बना दिया। करियर के पीक पर माधुरी ने 1999 में डॉ श्रीराम नेने से शादी की और फिर अमेरिका चली गईं। इस बात से उनके फैंस बेहद निराश हुए, लेकिन 2007 में माधुरी ने 'आजा नचले' से कमबैक किया और फिर कई सारी सफल फिल्में दीं।

### एकता कपूर ने की मोशन पोस्टर के साथ लव, सेक्स और धोखा 2 की घोषणा



फिल्मकार एकता कपूर ने लव, सेक्स और धोखा की अगली किस्त की घोषणा की। दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी। बनर्जी ने ही 2010 में इसके पहले भाग का निर्देशन किया था। उनकी आखिरी निर्देशित फिल्म 2021 में रिलीज हुई थी जिसका नाम संदीप और पिंकी फरार था। एकता कपूर और उनके बैनर, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड ने संयुक्त रूप से एक मोशन पोस्टर के साथ अपने सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की रिलीज की तारीख साझा की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा कि ये वैलेंटाइन डे आसान नहीं, बस इतना समझ लीजिए, 'लव सेक्स और धोखा' का दरिया है और डूब के जाना है। लव सेक्स और धोखा 2सिनेमाघरों में 19 अप्रैल को। निर्माताओं के अनुसार, लव, सेक्स और धोखा 2 या एलएसडी 2 रिश्तों की जटिलताओं का पता लगाता है और इंटरनेट के युग में आधुनिक प्रेम के छिपे पहलुओं को उजागर करता है। फिल्म एक मनोरंजक कथा और सम्मोहक प्रदर्शन के माध्यम से प्यार, विश्वासघात और हमारी तकनीकी रूप से संचालित दुनिया के परिणामों को गहराई से उजागर करने का वादा करती है। इसका निर्माण एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने किया है।

### शाहरुख खान की फिल्म डंकी ओटीटी पर



शाहरुख खान, तापसी पन्नू और विक्की कौशल अभिनीत डंकी आखिरकार ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। एक नाटकीय प्रदर्शन के बाद राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। स्ट्रीमिंग दिग्गज ने बुधवार आधी रात को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी घोषणा की। स्ट्रीमिंग प्लेटफोर्म नेटफ्लिक्स ने पोस्ट के साथ लिखा कि अपना सामान पैक करें। दुनिया भर में डंकी के बाद, अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग। डंकी शाहरुख की 2023 की तीसरी रिलीज़ थी। दो बैक-टू-बैक मेगा ब्लॉकबस्टर के बाद फिल्म से उम्मीदें बहुत अधिक थीं। यह फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर 'पठान' और 'जवान' की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन मेगा हिट रही और भारत में 227 करोड़ की कमाई की। फिल्म के कलेक्शन पर सबसे ज्यादा असर प्रभास-स्टारर सालार पार्ट वन : सीजफायर से हुआ, जो शाहरुख की फिल्म के साथ रिलीज हुई थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

एक नजर

### खाद्यान्न वितरण 28 तक



**अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार :** जिले में अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 28 फरवरी तक खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने गुरुवार को बताया कि माह फरवरी 2024 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत खाद्यान का वितरण 15 से 28 फरवरी तक किया जाएगा। अंत्योदय कार्ड धारकों को प्रति कार्ड 35 किग्रा व पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट पांच किग्रा खाद्यान्न का निशुल्क वितरण कराया जाएगा।

### मेले में 155 युवाओं को मिला रोजगार

**अयोध्या, अमृत विचार :** अमानीगंज विकासखंड स्थित रामचरण आईटीआई में गुरुवार को आयोजित रोजगार मेले में 155 युवाओं को साक्षात्कार के बाद चयनित किया गया। यह जानकारी जिला कौशल प्रबंधक उप्र कौशल विकास मिशन अयोध्या ने प्रेस विज्ञप्ति में दी है। बताया कि उप्र कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रोजगार मेले में रुदौली विधायक रामचंद्र यादव मुख्य अतिथि रहे। मेले में जिले के 265 से अधिक युवक व युवतियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सात नियोक्ता कंपनियों के साक्षात्कार के बाद 155 युवाओं का चयन किया गया।

# हर गोवा वासी को कराएंगे अयोध्या दर्शन : प्रमोद

## मुख्यमंत्री बोले - देव दर्शन योजना में अयोध्या को जोड़ा जाएगा, कैबिनेट के साथ गोवा के मुख्यमंत्री ने लिया रामलला का अशीर्वाद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मैं अपने आपको बहुत खुश नसीब समझता हूं कि मुझे रामलला का साक्षात दर्शन करने का मौका मिला। अब गोवा सरकार मुख्यमंत्री देव दर्शन योजना के तहत हर गोवा वासी को अयोध्या दर्शन कराएंगी। इसके लिए अयोध्या को भी योजना में शामिल किया गया है। यह अयोध्या का राम मंदिर नहीं बल्कि राष्ट्र मंदिर है। ये बातें गुरुवार को यहां गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने रामलला के दर्शन के बाद पत्रकारों से वार्ता में कहीं।

कहा- अयोध्या का राम मंदिर नहीं बल्कि यह राष्ट्र का मंदिर है

वे अपनी कैबिनेट के साथ गुरुवार को यहां रामलला के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे थे। दोपहर करीब एक बजे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में कैबिनेट की 51 सदस्यीय टीम महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंची। यहां प्रदेश के मंत्री सतीश शर्मा, अयोध्या नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने सभी स्वागत किया। एयरपोर्ट से ई-बसों के माध्यम से विधायक व मंत्रियों के साथ उनका काफिला राममंदिर के लिए रवाना हुआ। मुख्यमंत्री व उनके कैबिनेट को वीवीआईपी गेट नंबर 11 से रामजन्मभूमि परिसर में प्रवेश कराया गया।

जन्मभूमि परिसर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सभी का स्वागत किया। राम मंदिर में सभी ने रामलला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंदिर परिसर में फोटो भी खिंचवाई। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि केंद्रीय मंत्री, स्पीकर व कैबिनेट के साथ रामलला का दर्शन कर मन प्रसन्न हो गया। उन्होंने राम मंदिर निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया। एक सवाल के जवाब में कहा कि यदि प्रदेश सरकार भूमि दी तो यहां गोवा भवन बनाएंगे। उन्होंने कहा कि गोवा के लोग भी यहां आकर दर्शन-पूजन कर रहे हैं। इस दौरान ट्रस्ट महासचिव चंपत राय व ट्रस्ट सदस्य विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र ने उन्हें राम मंदिर मॉडल भेंट किया।



राम मंदिर में कैबिनेट के साथ गोवा के मुख्यमंत्री ने खिंचवाई फोटो। अमृत विचार



गोवा के मुख्यमंत्री को राम मंदिर का मॉडल भेंट करते ट्रस्ट महासचिव व अन्य।



रामलला को दंडवत प्रणाम करते गोवा के मुख्यमंत्री।

### प्राण-प्रतिष्ठा पर पूरे गोवा में मनाया गया था उत्सव

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि 22 जनवरी को रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर पूरे देश में आनंदोत्सव मनाया गया था। महोत्सव पर गोवा भी पूरी तरह से भक्तिमय वातावरण में राममय हो गया था। गोवा के हर मंदिर में राम पूजन किया गया था। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं गोवा की तरफ से यहां आया हूं। रामनगरी में आकर बहुत ही प्रसन्नता हो रही है।

### राम मंदिर के लिए गोवा के लोगों ने भी की थी कारसेवा

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि राम मंदिर निर्माण को लेकर गोवा के लोगों ने भी कारसेवा की है। वहां से भी यहां कारसेवा में आए थे। मेरे साथ यहां रामलला का दर्शन के लिए आए केंद्रीय मंत्री पज्जे नायक भी कारसेवक रह चुके हैं। उन्होंने अयोध्या में दो बार आकर कारसेवा की है।

### टेंट सिटी में रुके गोवा के लोगों ने सीएम ने की मुलाकात

राम मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने गोवा से यहां दर्शन-पूजन के लिए आए लोगों से भी मुलाकात की। हनुमानगुफा के बाद बनाई गई पंचवटी टेंट में पहुंचे मुख्यमंत्री ने लोगों से बातचीत की और उनका कुशलक्षेम जाना।

# बाहरी दवाएं लिखने से पहले सीएमएस को देनी होगी सूचना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बाहर से लिखी जा रही दवाओं के मामले का सीएमएस ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जो भी बाहर की जरूरी दवाएं लिखी जाएं उसकी सूचना मेरे कार्यालय को अवश्य दी जाए।जिससे कि उन औषधियों की व्यवस्थाएं कर ली जाएं। ऐसा न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने इंटर्न पूरा कर चुके विद्यार्थियों के अस्पताल में बैठने पर पाबंदी लगा दी है।

इस आदेश से चिकित्सक, फार्मासिस्ट व नर्सिंग स्टाफ में हड़कंप मच गया है। प्रभारी सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने बताया कि मेरे संज्ञान में आया है कि चिकित्सालय की इमरजेन्सी ओपीडी व अन्य ओपीडी में बीएएमएस व फार्मेसी के इन्टर्नशिप करने वाले छात्र, जिनकी इन्टर्नशिप पूर्ण हो चुकी है वह भी बैठकर बाहर की दवाएं लिखते है, जो कि अनुचित है। उन्होंने चेताते हुए चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ से कहा है कि इन्टर्नशिप के विद्यार्थियों को ही अपने कक्ष में व इमरजेन्सी ओपीडी में बैठने दें अन्यथा पकड़े जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।



▸▸ इंटर्न पूरा कर चुके विद्यार्थियों के जिला अस्पताल में घूमने पर पाबंदी

## आज से दोपहर में एक घंटे विश्राम करेंगे रामलला

**अयोध्या कार्यालय अमृत विचार :** राम मंदिर में विराजमान रामलला को अब दोपहर में एक घंटे विश्राम करेंगे। शुक्रवार दोपहर से 12:30 बजे से 1:30 बजे तक रामलला को आरती भोग लगाने के बाद गर्भगृह का पट बंद कर दिया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि पुजारी की सहमति के आधार पर दोपहर में रामलला को विश्राम कराने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि दोपहर 12:30 के बाद श्रद्धालुओं को प्रवेश को रोक दिया जाएगा। 1:30 बजे के बाद श्रद्धालु को रामलला का दर्शन कर सकेंगे। बता दें कि 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक अनवरत श्रद्धालुओं का रामलला का दर्शन कराया जा रहा था। जिसको लेकर साधु-संतों की आपत्ति के बाद ट्रस्ट महासचिव ने कहा ने इसे उचित बताते हुए कहा था कि रामलला को लगातार 15 घंटे तक जगाए रखना उचित नहीं है।



# पूर्व एमएलसी तिलकराम वर्मा को छह माह की सजा

अयोध्या कार्यालय

▸▸ मजिस्ट्रेट को धमकी देने का मामला, दो हजार का जुर्माना

**अमृत विचार :** सर्किट हाउस का कमरा न बुक करने पर पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार मिश्रा को जान से मार डालने की धमकी देने के मामले में सपा के पूर्व एमएलसी तिलक राम वर्मा को कोर्ट ने छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 2000 जुर्माना भी किया है। फैसला एमपी एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार शुक्ला की अदालत से गुरुवार को हुआ।

वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी संजय दुबे व एपीओ आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि घटना 21 जून 2013 की है। तत्कालीन सपा सांसद प्रत्याशी तिलक राम वर्मा ने पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार मिश्रा के सीयूजी नंबर पर फोन कर उन्हें चुनाव प्रचार के लिए सर्किट हाउस में लगातार एक कमरा आवंटन के लिए कहा। सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा लगातार रहने के लिए सर्किट हाउस का आवंटन नहीं किया। इस पर तिलकराम वर्मा आग बबूला हो गए और कहा कि तुम्हारा दिमाग खराब है, अगर तुमने सर्किट हाउस मुझे आवंटित नहीं किया तो कार्यकर्ताओं के सामने तुम्हें मारूंगा। स्थानांतरण करवा कर तुम्हें मैं पिटवा कर यहां से भगाऊंगा। इस घटना से सिटी मजिस्ट्रेट का परिवार काफी सदमे में था। यह मामला उसे समय काफी चर्चित हुआ और मीडिया में उछलने के बाद सपा से सांसद प्रत्याशी तिलकराम वर्मा का टिकट काट दिया गया था। हालांकि बाद में ये एमएलसी बने थे। रिपोर्ट लिखे जाने के बाद विवेचक ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने तिलकराम को सजा दी। कोर्ट ने सजा सुनाए जाने के बाद तिलकराम वर्मा की ओर से प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए उन्हें जमानत पर रिहा करने का भी आदेश दिया।

## सार-संक्षेप



लाभार्थियों से जनसंपर्क कर सीधा संवाद करते विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

### मोदी और योगी सरकार हर वर्ग के लिए कृतसंकल्प : वेद गुप्ता

**पूरा बाजार, अयोध्या । अमृत विचार :** केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार गरीब, असहाय के उत्थान के लिए संकल्पित है। सरकार का पूरा प्रयास है कि बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लोगों को संचालित योजनाओं का लाभ मिले। यह विचार नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गुरुवार को मड़ना के बूथ संख्या 392 पर बतौर प्रवासी लाभार्थियों से जनसंपर्क के दौरान व्यक्त किए ।उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा गरीबों व असहाय व्यक्तियों के लिए तमाम योजनाएं संचालित किया जा रहा है। अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में नियमित रूप से योजनाओं की निगरानी और संचालन किया जा रहा है ।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सिंह के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह,प्रधान संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह अंकुर सूर्यवंशी, मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, राकेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### जैन मंदिर पर हुआ पंचामृत से महाभिषेक



रौनाही के दिगंबर जैन मंदिर में महा अभिषेक करते जैन समाज के लोग।

**सोहावल, अयोध्या । अमृत विचार :** क्षेत्र रौनाही गांव रतनपुरी स्थित 15 वें तीर्थंकर भगवान धर्मनाथ की जन्म भूमि पर गुरुवार को जैन समाज द्वारा पंचामृत महाभिषेक किया गया। अयोध्या तीर्थ कमेटी के मंत्री विजय कुमार जैन द्वारा जैन गणनी प्रमुख ज्ञानमती माता के शिष्य क्षुल्लक प्रशांत सागर के सानिध्य में सुबह पहले जल, नारियल, इक्षुरस घी, दूध, दही चतुष्कोण, कल्व चंदन, विलेपन कर पुष्पवृष्टि की गई। मुख्य अर्चक की मौजूदगी में मंगल आरती हुई। इस मौके पर असम गोहाटी से आए अनिल कुमार जैन, खारूपेटियां और रौनाही क्षेत्र के जैन धर्म समाज के भक्त मौजूद रहे।

### महिला चिकित्सालय के दो कर्मियों को हटाया

**अयोध्या, अमृत विचार :** महिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान लापरवाही मिलने के बाद प्रभारी सीएमएस डॉ. विभा ने दो स्टाफ के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। डॉ. विभा ने बताया कि अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. पवन कुमार अरुण ने गुरुवार को अस्पताल का निरीक्षण किया था। उनके निर्देश के बाद दो कर्मियों के कार्यक्षेत्र को बदला है।

### नींद में खलल हो सकता है मनोरोग का लक्षण

**अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार :** बढ़ता मनोतनाव तेजी से बढ़ रहे अनिद्रा या अतिनिद्रा का कारण बनता जा रहा है। स्ट्रेस या मनोदबाव का सकारात्मक प्रबन्धन न कर पाने पर स्ट्रेस नकारात्मक रूप ले लेता है। जिसे डिस्ट्रेस या अवसाद कहा जाता है। जिससे उलझन, बेचैनी, घबराहट अनिद्रा या अतिनिद्रा के लक्षण दिखायी पड़ते हैं। यह बात मनो परामर्शदाता डॉ. आलोक मनदर्शन ने गुरुवार को परमहंस पीजी कॉलेज में हुई कार्यशाला में कहीं। उन्होंने कहा कि स्लीप डिसऑर्डर से पाचन क्रिया से लेकर हृदय की धड़कन तक शरीर की हर एक कार्यप्रणाली दुष्प्रभावित होती है। आलस्य, मोटापा, सरदर्द, नींद में चलना व बड़बड़ भी हो सकती है। कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुनील तिवारी और संयोजन डॉ. अमरजीत ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.सुधांशु पांडेय ने किया।

### योगी का संकल्प संसार में सबसे प्रसिद्ध : मुरारी बापू



श्रीराम महायज्ञ में शामिल लोग। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश दुनिया में सौहार्द का माहौल बना रहे। इसके लिए 10 से 18 फरवरी तक 2121 कुंडली श्री राम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के समस्त रघुवंशी समाज द्वारा इस ऐतिहासिक यज्ञ को किया जा रहा है। मुरारी बापू ने कहा कि संत दृड संकल्प ले तो कोई भी कार्य ऐसा नहीं है जो संभव हो, योगी का संकल्प संसार में सबसे प्रसिद्ध है। संत हमेशा परोपकार के लिए जीवन जीते हैं और परोपकार के लिए कार्य करते हैं। संत बिटप सरिता गिरी धरनी, पर हितलाग सबन्ह करनी। चौपाई रामचरितमानस की उदाहरण देते हुए कहा कि विश्वामित्र जी का भी दृड संकल्प सुनाया। संत केवल यज्ञ करते ही नहीं है दूसरे के यज्ञ को भी संपन्न कराते हैं। कहा कि रामचरितमानस में छह प्रकार के यज्ञ का वर्णन है जिसमें तीन यज्ञ पूरे हुए हैं और तीन यज्ञ पूरे नहीं हुई, क्योंकि उन यज्ञ की भावनाएं और हवन सामग्री दूषित थी रावण का मेघनाथ का और दक्ष का यज्ञ सफल नहीं हुआ। यदि सच्चे मन से यज्ञ में आहुती दी जाए तो सारे मनोरथ पूर्ण होते हैं। इस दौरान प्रमुख यजमान मुनिराज पटेल, मंच संचालक रामनरेश, देवेंद्र सिंह, जीवन सिंह, निरंजन सिंह, दान सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# रामवनगमन पथ होते हुए अयोध्या पहुंची राम उत्सव यात्रा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामेश्वरम से निकली राम उत्सव यात्रा रामवनगमन पथ होते हुए बुधवार शाम अयोध्या पहुंची। यात्रा में शामिल सोशल मीडिया पर प्रभाव रखने वाले 150 लोगों ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई।

यात्रा का अगुवाई कर रहे इंफ्लुएंसर मोहित कुमार ने बताया कि एक महीने पहले रामेश्वरम से यात्रा शुरू हुई थी। यह यात्रा रामवनगमन पथ तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से होते हुए यहां पहुंची है। उन्होंने बताया कि रामवनगमर पथ का एक डॉक्युमेंट तैयार किया जा रहा है। इसे सरकार को सौंपा जाएगा, ताकि इन क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु जिस प्रकार 12 ज्योर्तिलिंग व चार धाम का दर्शन करते है, उसी तरह उन्हें रामवनगमन पथ का भी दर्शन करना चाहिए।

मोहित ने बताया कि इसको लेकर सोशल मीडिया पर मेरा भारत, मेरा गौरव के नाम से एक कैंपेन भी चलाया जा रहा है। यात्रा में करीब 300 लोग शामिल रहे। यात्रा में शामिल गायिका स्वाति मिश्रा ने कहा कि यात्रा से जुड़ कर खुद को गौरवांवित महसूस कर रही हूं।



राम उत्सव यात्रा में शामिल इंफ्लुएंसर। अमृत विचार

▸▸ यात्रा में शामिल लोगों ने किए रामलला के दर्शन

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा शुरू पहले दिन तीन छात्र शामिल

अयोध्या कार्यालय

▸▸ 10 वीं की कृषि व फिजिकल ट्रेनी विषय की परीक्षा आज

**अमृत विचार:** सीबीएसई की 10 वीं और 12 वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गई। कुमारगंज के एनडीडीएवी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को 12 वीं कक्षा के तीन छात्रों ने फिजिकल एक्टविटी ट्रेनी विषय की परीक्षा दी। जेबी अकादमी के परीक्षा अधीक्षक सुनील ने बताया कि शुक्रवार को जेबीए परीक्षा केन्द्र पर 10 वीं की कृषि विषय की परीक्षा होगी। जिसमें राजकीय आश्रम पद्धति बरसेन्डी के 40 परीक्षार्थी शामिल होंगे। अवध इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य विष्णु गुप्त ने बताया कि शुक्रवार को यहां 10 वीं के फिजिकल ट्रेनी विषय की परीक्षा में यश विद्यामंदिर के 89 छात्र शामिल होंगे। सीबीएसई जिला समन्वयक अजीत कुमार ने बताया कि जिले में मुख्य परीक्षा 12 वीं की हिंदी विषय की परीक्षा के साथ 19 फरवरी से सभी केन्द्रों पर शुरू होगी। इस बार जिले के 13 परीक्षा केन्द्रों पर 56 स्कूलों के लगभग 60 हजार छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे।

सीबीएसई के जिला समन्वयक अजीत कुमार द्विवेदी ने कहा कि बोर्ड की ओर से परीक्षा केन्द्रों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए है। सीबीएसई पर्यवेक्षक की निगरानी में नकल विहीन परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र पर सख्त सघन तलाशी के बाद 10 बजे तक ही परीक्षार्थी प्रवेश पा सकेंगे।

आस्था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लड्डू प्रसाद दुकानदारों को किया था प्रेरित, हनुमानगढ़ी मंदिर प्रशासन की ओर से प्रसाद की दुकानों की चेकिंग भी शुरू

# हनुमंत लला को चढ़ने लगा देसी घी के लड्डुओं का चढ़ावा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में विराजमान हनुमंत लला को अब देसी घी से निर्मित लड्डू प्रसाद का चढ़ावा चढ़ने लगा है। दुकानदार ने पूर्व घोषित निर्णय के तहत बसंत पंचमी के दूसरे दिन गुरुवार से देसी घी से बने लड्डू प्रसाद की बिक्री शुरू कर दी है। अयोध्या धाम दौरे पर बीते दिनों आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हनुमानगढ़ी दर्शन के दौरान इसके लिए मंदिर प्रशासन और दुकानदारों को प्रेरित किया था। हनुमानगढ़ी के मुख्य महंथ गद्दीनशीन प्रेम दास की अध्यक्षता में साधु संतों के साथ परिसर के आसपास के दुकानदारों की बैठक हुई थी। उसके बाद मंदिर प्रशासन की ओर बैठक कर बसंत पंचमी के दूसरे दिन से यह व्यवस्था प्रारम्भ करने की घोषणा की थी।

हनुमानगढ़ी में देसी घी से निर्मित लड्डू प्रसाद के चढ़ावे की खबर 'अमृत विचार' ने ही अपने 31 जनवरी के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसे लेकर हनुमानगढ़ी मंदिर प्रशासन और स्थानीय दुकानदारों की ओर से अमृत विचार की सराहना करते हुए धन्यवाद भी ज्ञापित किया था।

### पहले 200 रुपये किलो बिकता था पर अब 400 रुपये किलो में मिलेगा लड्डू



पहले दिन लड्डू प्रसाद की दुकानें चेक करते गद्दीनशीन के मुख्य शिष्य।

### हनुमानगढ़ी की दुकानों की जांच को निकले गद्दीनशीन के शिष्य

हनुमानगढ़ी पर देसी घी से बने शुद्ध लड्डू प्रसाद की बिक्री की निगरानी भी हनुमानगढ़ी मंदिर प्रशासन की ओर से प्रारम्भ कर दी गई है। पहले दिन गुरुवार को गद्दीनशीन के मुख्य शिष्य महेश दास ने दुकानदारों को दिए गए समयानुसार चेकिंग करने निकले। उन्होंने कई दुकानों पर जाकर लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी बातचीत की और उन्हें प्रेरित किया कि शुद्ध लड्डू प्रसाद ही चढ़ावे के लिए खरीदें। उन्होंने बताया कि जांच में शुद्धता पाई गई है।



400 रुपये किलो लड्डू देशी घी के बिकेंगे। अभी तक वनस्पति घी का लड्डू 200 रुपये किलो बिकता था। सुधार होना बहुत जरूरी था। यह बहुत ही अच्छी पहल है। **-सुरेंद्र गुप्ता, लड्डू प्रसाद विक्रेता।**



'अमृत विचार' को प्रमुखता से खबर छापने के लिए धन्यवाद। आज से देशी घी के लड्डू और खोये दूध से बना प्रसाद ही बिक रहा है। श्रद्धालु अच्छा प्रसाद ही मांग रहे है। **-नंदलाल गुप्ता, अध्यक्ष, हलवाई समाज अयोध्या**

### चढ़ावे में चढ़ाए जा रहे लड्डू प्रसाद की भी जांच शुरू

जांच टीम के साथ मौजूद रहे महंत धनुषधारी दास ने बताया कि दुकानदारों को सिर्फ देशी घी से बने लड्डू को ही बेचने के लिए कहा गया है। रामु नाम के दुकानदार को गलत पाया गया है। जिसके ऊपर 5000 का जुर्माना लगाया जायेगा। बताया कि अगर नहीं मानते है तो दुकान बंद करवा कर ताला लगा दिया जायेगा ।उन्होंने कहा कि प्रभु के प्रसाद में कोई मिलावट सहन नहीं की जाएगी।




हनुमंत लला को लड्डू प्रसाद देसी घी का हो यह बड़ी बात है। थोड़ा महंगा जरूर है लेकिन गुणवत्ता अच्छी हो तो फिर कोई समस्या नहीं है। – **सुरेश, श्रद्धालु, निवासी बाराबंकी।**



क्वालिटी सुधार पर आज पहला दिन है। अच्छा चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं से रेट को लेकर थोड़ी दिक्कत है लेकिन सब ठीक है। **-मिश्री लाल अग्रहरि, लड्डू प्रसाद विक्रेता।**



पूना महाराष्ट्र से अयोध्या आया हूं। 400 रुपये किलो लड्डू लिया। 100 रुपये का प्रसाद घर ले जा रहा हूं। अयोध्या धाम में क्वालिटी युक्त प्रसाद बिकता है। **-गणेश महाराज डोंगरे, श्रद्धालु पूना महाराष्ट्र।**



31 दिन से अयोध्या में भंडारे का वितरण कर रहा हूं। आज चेक किया अच्छा लगा। अब घर अच्छा प्रसाद ले जा रहा हूं। **-शैलेष, श्रद्धालु, गुजरात भावनगर।**

## एक नजर

### पालतू कुत्ते के काटने पर दर्ज कराया केस

**बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार :** पालतू कुत्ते द्वारा काट लेने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के कुरेभारी गांव के रहने वाले पीड़ित प्रशांत सिंह ने कोतवाली में तहरीर दी थी। उसकी सात वर्ष की पुत्री को आरोपित के कुत्ते ने काट लिया था। कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के करुणा सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियों ने छोड़ी छाप

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र बीकापुर के अंतर्गत खजुरहट में संचालित एसडीपब्लिक स्कूल में गुरुवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय रही। प्रबंधक आनंद कुमार पांडेय ने शुभारंभ किया।

### अकासा की पहली फ्लाइट पहुंची अयोध्या

**अयोध्या, अमृत विचार :** अकासा एयरलाइंस की पहली फ्लाइट गुरुवार को पुणे से चलकर अयोध्या एयरपोर्ट पर करीब एक बजे के करीब लैंड हुई। इसके बाद आधे घंटे बाद यहां से टेकऑफ हो गई। अकासा का विमान अयोध्या से उड़ान भरकर दिल्ली पहुंचेगा और वहां से पुणे के लिए रवाना होगा। इसी तरह वापसी में फ्लाइट का संचालन होगा।

### अभियान को लेकर कार्यशाला आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** लोकसभा लाभार्थी संपर्क अभियान को भाजपा ने शुक्रवार को कार्यशाला आयोजित की है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्वत ने बताया कार्यशाला को क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह संबोधित करेंगे। कार्यशाला में महानगर अयोध्या, जिला अयोध्या तथा बाराबंकी के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे। मोर्चा तथा विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जिले व मंडल के सोशल मीडिया व आईटी के संयोजक व सह संयोजक सहित लोकसभा के समस्त जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### शिक्षक संघ ने प्रमुख सचिव को भेजा पत्र

**अयोध्या, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति और पंजिकाओं की डिजीटल व्यवस्था को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर प्रमुख सचिव बेसिक को पत्र भेजा गया है। पत्र के माध्यम से जारी निर्देशों को अनुचित बताते हुए शिक्षकों की निजता का हनन कहा गया है। कहा गया है 15 फरवरी से व्यवस्था बिना संसाधन के लागू किया जाना असंभव है। मांग की गई है कि समुचित संसाधन की उपलब्धता के बाद ही इस व्यवस्था को लागू किया जाए। अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, संयुक्त मंत्री आलोक मिश्र आदि के हस्ताक्षर हैं।

# कौड़ियों के भाव बिके स्वास्थ्य उपकरण

## जिला अस्पताल में नीलामी के लिए निकली मशीनें देख हर कोई चौंका, लेबल तक नहीं हटा था

**2.70** लाख से शुरू हुई बोली 2. 95 लाख पर हुई लॉक

अयोध्या कार्यालय



जिला अस्पताल में नीलाम किये गए सामान। अमृत विचार



इस मशीन में लगा लेबल बता रहा है कि इसका कभी प्रयोग ही नहीं हुआ।

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में कंडम घोषित किए गए स्वास्थ्य उपकरणों की आखिरकार गुरुवार को नीलामी हो ही गई। नीलामी के समय निकाले गए सामान को देखकर हर कोई चौंक गया। बड़ी-बड़ी मशीनें, जिनका अभी लेबल भी नहीं छूटा था वह भी कबाड़ के भाव में चली गईं। इसके अलावा तमाम बेड, स्टूल व अन्य उपकरण जिला अस्पताल से अलविदा हो गए।

अस्पताल के विश्वस्त सूत्रों की मानें तो इस बार नीलामी की प्रक्रिया को काफी गुपचुप तरीके से पूरा किया गया। नीलाम किए गए सामान में कुछ ऐसे उपकरण थे, जिन्हें कभी अस्पताल प्रशासन प्रयोग में ही नहीं लाया।रेडक्रॉस भवन में नीलामी की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कमेटी बैठी थी, जिसमें सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता, सदस्य के रूप में डॉ. अनिल वर्मा, फार्मासिष्ट संजय गुप्ता व हनुमंत दूबे शामिल थे। कंडम सामान की आरक्षित दर दो लाख 94 हजार 731 रुपये रखी गई थी। 2.70 लाख से शुरू हुई बोली 2. 95 लाख पर आकर लॉक हो गई। इसमें 18 प्रतिशत जीएसटी भी जोड़ा जाएगा। सदर बाजार के सुंदर जायसवाल ने सामान को खरीद लिया। सूत्रों की मानें तो अस्पताल से निकले सामान करीब 10 लाख रुपये के थे।

### पहले 2.50 लाख की बोली लगा लौट गए थे कबाड़ी

प्रभारी सीएमएस डॉ. बृजकुमार के समय भी कंडम सामान की नीलामी के लिए टेंडर निकाला गया था। उस दौरान सामान की आरक्षित दर 3 .40 लाख रुपये रखी गई थी। कबाड़ियों ने नीलामी से पहले सामान दिखाने की शर्त रखी थी, लेकिन सारा सामान नहीं दिखाया गया था। जिसके बाद नीलामी में कबाड़ी 2 .50 लाख रुपये तक की ही बोली लगा सके थे। आरक्षित दर तक नीलामी न पहुंच पाने के कारण निरस्त कर दी गई थी।

### कई सामान अच्छे मिल गए

नीलामी अपने नाम करने वाले सदर बाजार के सुंदर जायसवाल ने बताया कि कई बेड कंडम हैं, लेकिन कई सामान बहुत अच्छे मिल गए हैं। सौदा मुनाफे का साबित हुआ है।

> महीनों से सामान अस्पताल में जगह घेरे हुए थे। जिसमें वार्डों के बेड के अलावा अन्य उपकरण थे। अब कुछ जगह खाली हो जाएगी। आरटीओ से बात कर परिसर में खड़े कंडम वाहनों की भी नीलामी कराई जाएगी। -डॉ. एनपी गुप्ता, सीएमएस, जिला अस्पताल

### ट्रेन से कट कर युवक की मौत, हुई शिनाख्त

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या - प्रयागराज रेल खंड पर गुरुवार को एक युवक का शव मिला है। देर शाम मृतक की शिनाख्त हुई। एक सूचना पर नंदीग्राम मजरे भटपुरा के रहने वाले एक परिवार को आशंका के आधार पर शिनाख्त के लिए बुलाया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर केवल एक पीले रंग का गमछा है। वरिष्ठ उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि भटपुरा के रहने वाले एक व्यक्ति जो हुलिया बताया जा रहा है उसे देखते हुए परिवार को शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि आशंका है युवक किसी ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। वहीं देर शाम मृतक की शिनाख्त लालजी निषाद पुत्र ढुल्लूर निषाद निवासी नंदीग्राम मूसेपुर मजरे भटपुरा के रूप में की गई है। मृतक के बड़े भाई विक्रम निषाद व गांव निवासी विनोद कुमार पांडेय शिनाख्त की है।

# हादसों में एक की मौत, 12 घायल

अयोध्या कार्यालय

▸▸ एक लखनऊ रेफर, सोहावल व रुदौली में भी हुईं सड़क दुर्घटनाएं

**अमृत विचार :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक की मौत हो गई जबकि 12 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक युवक को लखनऊ रेफर किया गया है।

रुदौली प्रतिनिधि के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के रूदौली-रौजागांव रोड पर दलसराय चौराहे के पास बाइक सवार युवक गन्ना की ट्रैक्टर की ट्रॉली की चपेट में आ गए। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़ मौके से फरार हो गया। सीएचसी रुदौली से जिला अस्पताल रेफर किये जाने के बाद बाइक चालक अफरोज की मौत हो गई। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

कुमारगंज थाना क्षेत्र के गांव हरदेइया निवासी इंद्रजीत(25) पुत्र राम तीरथ बाइक से घर जा रहा था। अजरौली क्षेत्र में सड़क किनारे बुधवार रात करीब ढाई बजे उसकी बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां से उसे शुक्रवार को लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं प्रयागराज से वापस लौट रही एक निजी बस सवार श्रद्धालु मिथलेश (30) निवासी सिसवा बाजार थाना कोठी मार्ग जिला महाराजगंज व सुनील विश्वकर्मा (32) निवासी गोपी कान्हे थाना महाराजगंज जिला महाराजगंज, इम्तियाज मोहम्मद (34) निवासी मझवा खजूरी थाना वॉटर गंज जिला बस्ती और इरशाद (45) निवासी गहैलवास थाना काकोरी लखनऊ को घायल अवस्था में शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी बिना डिस्चार्ज कराये चले गए। हादसा फोरलेन सरयू पुल के पार गोंडा जिले में हुआ था। इम्तियाज और इरशाद दोनों स्टाफ बताये गए हैं। उधर नन्हू (45) निवासी भाटनजोत थाना कोतवाली देहात, मोनू चौधरी पत्नी अनिल चौधरी निवासी कौशलपुरी कॉलोनी कोतवाली नगर अयोध्या, उमा पाल (60) निवासी बहादुरगंज कोतवाली नगर व रामदयाल (50) निवासी अमौनी थाना पुराकलंदर अलग-अलग हरदसों में घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। सोहावल प्रतिनिधि के मुताबिक रौनाही थाना क्षेत्र में टोल टैक्स बचाने के चक्कर मे शॉर्ट कट रास्ते लखौरी पार कर हाईवे पर चढ़ रही एक कार ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक (30) दीपक व रुदौली कोतवाली क्षेत्र हरिहरपुर निवासी हरिप्रसाद (28) को गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको सीएचसी सोहावल से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि कार चालक की तलाश कराई जा रही है।

### सीने में दर्द के बाद आरपीएफ जवान भर्ती, मिला अज्ञात महिला का शव

अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के आरपीएफ पोस्ट पर तैनात जवान कृष्ण मोहन मौर्य (40) को अचानक सीने और पेट में तेज दर्द की शिकायत हुई। इसके बाद उसको साथी जवानों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सोनू कुमार का कहना है कि जवान की हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल भेजवाया गया है। उधर अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में दूसरी पहर हलकारा का पुरवा स्थित बूथ नंबर चार के पास एक 35 वर्षीय महिला मिली है। जिसको 108 एंबुलेंस के ईएमटी शारदा प्रसाद ने जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

### जहरीला पदार्थ खा फंदे से लटकी किशोरी , भर्ती

तारुन थाना क्षेत्र के गांव दोदहा में गांव निवासी चांदनी (16) पुत्री दिनेश फंदे पर लटकी मिली। परिजनों ने किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। परिवारीजनों का कहना है कि पहले उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिला अस्पताल प्रशासन का कहना है इलाज किया जा रहा है।

# अपर मुख्य सचिव ने पत्नी के साथ किए रामलला के दर्शन

▸▸ कृषि विश्वविद्यालय का भी भ्रमण कर ली जानकारी

कृषि विश्वविद्यालय में भ्रमण के दौरान मछली पालन संस्थान में बीज डालते अपर मुख्य सचिव। - अमृत विचार



**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** अपर मुख्य सचिव, कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी रामलला का दर्शन करने गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। दर्शन करने के बाद वह आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पहुंचे।जहां उन्होंने डेयरी एवं मत्सियकी प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। अपर मुख्य सचिव ने धर्मपत्नी के साथ डेयरी प्रक्षेत्र में विभिन्न नस्ल की गायों को गुड़ खिलाया। इसके बाद मत्सियकी प्रक्षेत्र में रिसर्कुलेट्री एक्वाकल्चर सिस्टम और बायोफ्लाक सिस्टम से किए जा रहे मछली पालन का अवलोकन किया। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बताया यह मछली पाने की सबसे अच्छी विधि है। इस दौरान प्रमुख सचिव ने कार्प मछलियों की विभिन्न प्रजातियों के रोहू, नैन और भाकुर के बीज डाले। समस्त अधिष्ठाता, निदेशक एवं वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# इमरजेंसी में मरीज को लेकर भिड़े तीमारदार व अस्पताल कर्मी

अयोध्या कार्यालय

▸▸ जिला अस्पताल में देर रात हुआ हंगामा, दोनों पक्षों ने दी तहरीर

**अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय में बुधवार रात गंभीर हालत में महिला मरीज को लेकर पहुंचे तीमारदार व अस्पताल के कर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक का मामला सामने आया है। इमरजेंसी में घंटों हंगामा चला। इस दौरान चिकित्सक व अन्य स्टाफ से अभद्रता का भी मामला सामने आया है। अस्पताल प्रशासन की तरफ से देर रात में ही पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने एक व्यकित् को हिरासत में ले लिया था। सुबह दूसरे पक्ष की ओर से भी तहरीर देकर अस्पताल के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

जिला अस्पताल के फार्मासिस्ट विजय वर्मा ने तहरीर देते हुए बताया कि रात में थाना इनायतनगर निवासी मोहन लाल अपनी पत्नी को लेकर इमरजेंसी में पहुंचे थे। आरोप लगाया कि तीमारदार द्वारा अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। जिससे चिकित्सकीय कार्य में काफी बाधा उत्पन्न हुई। घटना का साक्ष्य सीसीटीवी में कैद है। उधर, दूसरे पक्ष की तरफ से अमरजीत ने तहरीर देते हुए बताया कि उनकी पुत्री की अचानक तबीयत बिगड़ गई। कुमारगंज अस्पताल में चिकित्सकों की जांच में पता चला कि चांदनी के शरीर में खून बहुत कम है। चिकित्सकों ने चांदनी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया तो पता चला कि खून और घट गया। जब चिकित्सक से कहा गया कि चांदनी की हालत गंभीर है। खून दिला दीजिए तो उन्होंने कहा कि खून नहीं है। सीएमएस डॉ.एनपी गुप्ता ने बताया कि मामले की तहरीर दी गई है। जांच कराई जा ही है।

> हिरासत में लिए गए व्यक्ति को छोड़ दिया गया है। दोनों पक्षों में आपस में सुलह-समझौते की बात चल रही है। मामले की जांच की जा रही है। -राम प्रकाश, चौकी प्रभारी, रिकाबगंज

# कम लागत में लघु उद्योग से ज्यादा रोजगार सृजन

अयोध्या कार्यालय

▸▸ योजनाओं में औसतन एक रोजगार पैदा करने में 90 लाख की लागत का अनुमान

**अमृत विचार :** प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए निवेशकों के सम्मेलन के बाद अब योजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी है, जिसके लिए प्रदेश मुख्यालय पर 19 फरवरी को शिलान्यास समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जनपद में 75 उद्यमियों ने होटल, कॉलेज, निजी औद्योगिक पार्क समेत अन्य उद्योग में 7291 करोड़ रूपये के निवेश की इच्छा जताई है। जिनसे कुल 7835 लोगों के लिए रोजगार सृजन का अनुमान किया गया है। अपेक्षाकृत कम लागत के लघु की श्रेणी में आने वाले उद्योगों में निवेश से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

जिले में 7291.06 करोड़ रुपये के निवेश के अनुबंध से 7835 रोजगार सृजन का अनुमान है,अर्थात एक रोजगार सृजन में औसतन 90 लाख से ज्यादा पूंजी का निवेश दिखाई पड़ता है। हालाँकि यह आकंड़ा छोटी और बड़ी परियोजनाओं के लिए अलग-अलग है। बड़ी परियोजनाओं से रोजगार सृजन कम और छोटी परियोजनाओं से ज्यादा हो रहा है। सबसे ज्यादा तीन हजार करोड़ के निवेश के हाउसिंग समूह से 100 रोजगार, 500 करोड़ के निजी औद्योगिक पार्क से 100 रोजगार, 480 करोड़ के रामायण विश्वविद्यालय से 480 रोजगार और पेपर मिल के 550 करोड़ से क्षमता विस्तार से 600 रोजगार के सृजन का अनुमान किया गया है। वहीं कम लागत की योजनाओं की बात करें तो 10-10 करोड़ के राईस मिल व बैटरी स्क्रैप मेल्टिंग से 50-50 रोजगार, 20 करोड़ के नर्सिंग कॉलेज से 110 रोजगार, 30 करोड़ के प्रोफेशनल कॉलेज से 200 रोजगार, 15 करोड़ लागत की गुड़ निर्माण इकाई से 100 तथा 20 करोड़ की इलेक्ट्रॉनिक गुड्स इकाई से 100 रोजगार सृजन का आंकलन किया गया है।

> छोटे और निर्माण से जुड़े उद्योग में मानव श्रम की ज्यादा जरूरत होती है, जिसके चलते रोजगार सृजन ज्यादा होता है। इसीलिए सरकार की ओर से लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। समेकित विकास के लिए बड़ी परियाजनाएं जरूरी हैं। -अमरेश पांडेय, उपायुक्त उद्योग

> आधुनिकीकरण और मशीनीकरण बावजूद अभी छोटे और पारंपरिक उद्योग पूरी तरह बदल नहीं पाए है। उत्पादन और वितरण से जुड़ा होने के चलते इस क्षेत्र में ज्यादातर काम मानव श्रम के हवाले है। जिसके चलते लघु उद्योगों से ज्यादा रोजगार सृजन होता है। ज्यादातर बड़ी परियोजनाएं होटल और रियल सेक्टर से जुडी है, जिसमें रोजगार सृजन कम होता है। -सुरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष भारतीय उद्योग संगठन



रामकथा पार्क में आयोजित भजन संध्या में प्रस्तुति देते फौजदार सिंह।

### रामोत्सव में भजन संध्या में छाई रहीं सुर लहरियां

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** संस्कृति विभाग के संयोजन में आयोजित रामोत्सव में गुरुवार को भी भजन संध्या स्थल राम भजनों से गुलजार रहा। आकाशवाणी के कलाकार दुर्गेश सक्सेना ने अपनी प्रस्तुति भगवान गणपति के गुणगान गाइये गणपति जगवंदन से प्रारंभ की। उसके बाद सियाराम हरे सियाराम हरे, भजन बिना चैन न आए राम जैसे रामभजनों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं अवधी व बुंदेलखंडी लोकगायन की शैली में जौनपुर के फौजदार सिंह ने वीर आल्हा ऊदल, मलखान और महा प्रतापी पृथ्वीराज चौहान की वीरता का लयबद्ध बखान किया। संस्कृति विभाग के कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक के मार्गदर्शन में विश्व प्रकाश रूपन, व्यवस्थापक वैभव मिश्र व अमित कुमार द्वारा कलाकारों और संगीतकारों को सम्मानित किया गया। जादूगर राजेश पाल ने भी सबको मोहित किया।

# पलिया पहुंचे उड़ीसा के पंचायत प्रतिनिधि, देखा विकास का मॉडल

मिल्कीपुर, अयोध्या।



पलिया ले में उड़ीसा से आए दल का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पंचायती राज उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित उड़ीसा राज्य के पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का 17 सदस्यीय दल हैरिंग्टनगंज ब्लॉक पहुंचा। दल द्वारा सर्वश्रेष्ठ पंचायत का पुरस्कार प्राप्त ग्राम पंचायत पलिया लोहानी में चल रहे विकास कार्यों के मूल्यांकन के लिए स्थलीय भ्रमण किया गया।

कंपोजिट विद्यालय में ग्राम प्रधान अभिषेक सिंह की अगुवाई में ग्रामीणों द्वारा चंदन लगाकर, माला और रामनामी पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। टीम के द्वारा आरआरसी सेंटर के संचालन को भी देखा गया। इसके पश्चात विद्यालय में निर्मित ऐरो स्पेस लैब का भी निरीक्षण टीम के सदस्यों द्वारा किया गया। उड़ीसा के अनसूया मलिक, अंजलि दास, सुनीता बेहरा, सुबालक्ष्मी मांझी , बीसी विपासा पत्रा, मानस जेना, राजेंद्र राउत, बाबाजी चरण मलिक , विश्वनाथ मिश्रा, सरपंच मधाबिलाता बरिहा, प्रेमशीला, प्रणति जेना, मंजूलता आचार्य, जिला परिषद सदस्य शिवा प्रसाद दास, नोडल अधिकारी उड़ीसा ब्रज किशोर पंडा शामिल रहे। स्थलीय निरीक्षण में मुख्य रूप से शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी मनीष, जिला समन्वयक, पंचायत राज अधिकारी, ग्राम प्रधान अभिषेक, बीडीसी दुर्गा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### उदासीन ऋषि आश्रम के महंत के बंद कमरे में लगी आग

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली के रानोपाली क्षेत्र स्थित उदासीन संगत ऋषि आश्रम के महंत के बंद कमरे में बुधवार रात आग लग गई। आगजनी में कमरे में रखी आलमारी, कागजात, टीवी समेत सारा सामान जल गया। फायर दस्ते की टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ आग पर काबू पाया। मंदिर परिसर स्थित उनके आवास के कमरे में ताला बंद था। इसी दौरान बुधवार रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब आग की लपटों की तपिश से खिड़की के शीशे चटकने लगे तो शिष्यों और परिसर में मौजूद लोगों को आगजनी की जानकारी हुई। इसके बाद प्रांगण में लगे सबमर्सिबल पंप को चालू कर आग पर काबू पाने की कवायद शुरू की और मामले की जानकारी पुलिस को दी। आशंका जताई जा रही है कि आग सीसीटीवी की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट के चलते लगी। दूरभाष पर महंत डॉ. भारत दास ने बताया कि शिष्यों की सूचना पर वह पंजाब से अयोध्या के लिए रवाना हुए हैं। वापस लौटने के बाद ही नुकसान का आंकलन किया जा सकेगा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि बुधवार रात करीब ढाई बजे के लगभग मौके पर फायर दस्ता भेज आग पर काबू पाया गया। मौके पर एसएसपी राजकरण नय्यर, एसपी सिटी मधुबन सिंह समेत अन्य अधिकारी भी पहुंचे थे।

## सार-संक्षेप

### कलश यात्रा के हुआ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** सरायसेख महमूद ग्राम में गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से हुआ। प्रथम दिवस की कथा आचार्य सरल ने कहीं। यजमान सुखलाल शर्मा समेत ग्रामीणों ने कलश यात्रा निकाली। नितिन मिश्रा, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइबर अपराधियों का नया हथियार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में गुरुवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बढ़ते साइबर अपराध विषयक व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस साइबर अपराधियों के लिए एक नया हथियार बन गया है। इंटरनेट और मोबाइल का प्रयोग करने वाले साइबर अपराधियों के निशाने पर है। उन्होंने ऐसी स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क की सलाह दी। एमसीजे समन्वयक डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, शिक्षक डॉ. आरएन पाण्डेय व डॉ. अनिल कुमार विश्वा द्वारा अतिथि का स्वागत किया गया।

### हटाए गए तदर्थ शिक्षक रामलला के समक्ष लगाएंगे अर्जी



पत्रकारों से वार्ता करते सेवा से हटाए गए तदर्थ शिक्षक।

**अयोध्या, कार्यालय अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग में तैनात तदर्थ शिक्षकों ने हटाए जाने के बाद अब सामूहिक रूप से रामलला के समक्ष अपनी अर्जी लगाने का निर्णय लिया है। सेवा से हटाए गए शिक्षक राना अनिल सिंह ने बताया कि ताजा शासनदेश से जिले में 190 और प्रदेश में 2000 शिक्षकों की नौकरी चली गई। ऐसे में तदर्थ शिक्षकों ने अयोध्या कूच का ऐलान किया है। प्रदेश भर के तदर्थ शिक्षक शुक्रवार को साकेत महाविद्यालय पर एकत्रित होकर यहां से एक साथ राम मंदिर जाएंगे। अपनी सेवा बहाली के लिए रामलला के मुख्य पुजारी के माध्यम से अपनी अर्जी रामलला और प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित करेंगे। इस मौके शिक्षक राम कुमार शुक्ला,दीपक मिश्रा,यश वीर सिंह,विक्रांत सिंह,अजीत सिंह, राधेश्याम वर्मा,सुशील शुक्ला,विजय सिंह,राजेश सिंह मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री के निधन पर शोक सभा

**अयोध्या, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री अवधेश कुमार त्रिपाठी का लिवर सिरोसिस के कारण लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। निधन की खबर पर संघ अध्यक्ष पारस नाथ पांडे की अध्यक्षता में गुरुवार को शोक सभा हुई। जिसमें अधिवक्ताओं ने गमगीन माहौल में उनसे जुड़े संस्मरणों को साझा किया और श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में मंत्री विपिन कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष केशव राम वर्मा, कोषाध्यक्ष मुन्ना सिंह, संयुक्त मंत्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यकारिणी सदस्य योगेश पांडे समेत कई मौजूद रहे।

**जांच-पड़ताल** बीकापुर के भावापुर में बिस्तर पर एक साथ मृत पाए गए थे मां-बेटे

# फेफड़े में संक्रमण से हुई थी मां-बेटे की मौत

अयोध्या कार्यालय

**फॉलोअप**

▸▸ एक साथ मां-बेटे के फेफड़े में इंफेक्शन भी कई बड़े सवालों से घिरा

**अमृत विचार :** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के भावापुर गांव में बुधवार सुबह घर के अंदर बिस्तर पर एक साथ मृत पाए गए मां-बेटे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट बड़ी चौंकाने वाली आई है। पुलिस की ओर से गुरुवार को जारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों की मौत फेफड़े में संक्रमण से हुई बताया गया है। रिपोर्ट आने के बाद भी दोनों में एक साथ फेफड़े में इंफेक्शन की बात लोगों के गले नहीं उतर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद भी जांच की जा रही है।

भावापुर गांव में बुधवार को 65 वर्षीय किच्ची निषाद और उसका 26 साल का पुत्र इंद्रराम निषाद की संदेहास्पद परिस्थितियों में मृत पाए गए थे। मां-बेटे की एक साथ मौत को लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं होनें लगीं। संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। कोतवाल लालचंद सरोज ने गुरुवार को बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों की मौत का कारण फेफड़े में इंफेक्शन आया है। कोतवाल के मुताबिक अधिक अल्कोहल लेने के कारण दोनों के फेफड़े खराब हो चुके थे। हालांकि दोनों के अल्कोहल लेने की जानकारी उन्हें कहां से हुई वह नहीं बता सके। इतना दावा जरूर किया कि पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। बता दें कि बुधवार को पुलिस ने ही मां को फालिज और बेटे को मिर्गी से बीमार बताया था। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फेफड़े में इंफेक्शन भी कई संदेहों को जन्म देता है।

> फेफड़े में इंफेक्शन से मौत हो सकती है लेकिन मां-बेटे दोनों को इंफेक्शन और एक साथ मौत गहन जांच का विषय है। घटना मेरे भी प्रकाश में आई थी और चौकाने वाली है। पुलिस को चाहिए कि घटनाक्रम का ठीक से विश्लेषण कर जांच करे। - डॉ. नानक सरन. पूर्व सीएमओ /वरिष्ठ फिजीशियन

# गैर इरादतन हत्या के मामले में चार लोगों को सजा

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** गैर इरातन हत्या में दोषी पाते हुए कोर्ट ने चार लोगों को चार-चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर पौने छह हजार रुपये जुमार्ना भी हुआ है। यह फैसला गुरुवार को अपर जिला जज मोहेंद्र कुमार की अदालत से हुआ।

वादी के अधिवक्ता राजकुमार पाल ने बताया कि घटना 26 अप्रैल 2021 की है। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अलावलपुर डहरिया गांव में अमरजीत निवासी जनौरा थाना कोतवाली नगर अपनी बहन की रिश्तेदारी में गया था। रात में विवाद हुआ जिसमें चंदन, उसके भाई उत्तम, अमरजीत,अमित तथा अखिलेश ने लाठी डंडा से अमरजीत और श्रीचंद पर हमला बोल दिया। इसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां कोरोना की वजह से डॉक्टर ने इलाज करने से हाथ खड़ा कर दिया तब दोनों निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां 29 अप्रैल 2021 को श्रीचंद की मौत हो गई थी। इसकी रिपोर्ट पांच लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में दिखाई गई थी। अमित को पुलिस ने क्लीन चिट देते हुए अन्य के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। अदालत में वादी की तरफ से दिए गए प्रार्थना पत्र पर अमित को भी विचारण करने के लिए तलब किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अमित को दोष मुक्त करके अन्य लोगों को सजा सुनाई।

# कल 39 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा, तैयारी पूरी

बैठक

▶▶ नकलविहीन परीक्षा कराने को लेकर डीएम-एसी ने दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा-निर्देश दिए।

बता दें कि पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन 17 व 18 फरियों को चार पालियों में किया जाएगा। परीक्षा को लेकर जनपद में 39 केंद्र बनाए गए हैं। जनपद में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा में 20,736 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को नकलविहीन, शुचितापूर्ण व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देशीय हाल में परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर सुरेश कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों को चेक करने, परीक्षा में फर्जीवाड़ा, नकल पर पूर्णतः रोक लगाने और परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए कड़े प्रबंध करने, कही भी फर्जीवाड़े की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने, सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने, जनपद में यातायात व्यवस्था बनाए रखने और राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में परीक्षा की संवेदनशीलता के दृष्टिगत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों पर लगे पुलिस बल को चेक करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### ये वस्तुएं होंगी प्रतिबंधित

पेपर, पेंसिल बॉक्स, कैलकुलेटर, वॉलेट, सनग्लासेस, कैप, ज्वेलरी, फूड आइटम्स, मोबाइल, यूएसवी ड्राइव, कैमरा, वाच, किसी भी प्रकार की चाबी, ब्लूटूथ, डिजिटल पेन, हेल्थ बैंड समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान परीक्षा केंद्र पर प्रतिबंधित हैं।

### अभियान चला किसानों की कराएं ई-केवाईसी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में शत-प्रतिशत लाभार्थियों को संतृप्त के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप कृषि निदेशक डॉ. आश्विनी कुमार ने जिलाधिकारी और उपस्थिति लोगों का स्वागत किया। उन्होंने जनपद में पीएम किसान निधि योजना के तहत 32500 ईकेवाईसी अपूर्ण होने की बात कही। डीएम ने विकास खंडवार समीक्षा करते हुए कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों, सीएचसी के बीएलई और ई-डिस्ट्रिक मैनेजर को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर शत-प्रतिशत लंबित ई-केवाईसी पूर्ण करें।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर होगी कार्रवाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी वें पुलिस अधीक्षक।

**अमृत विचार :** आगामी त्योहार और लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में पीस कमेटी के आए सदस्य द्वारा सुझाव आमंत्रित किया गया। जिसमें धर्मवीर बग्गा सहित कई सदस्यों ने जनहित से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी दिया। पीस कमेटी के सदस्यों ने जनपद का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन करने के लिए जिलाधिकारी को बधाई दी। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की संवादहीनता की स्थिति नहीं आने दी जाएगी और सदस्यों से पूर्व में सहयोग बनाए रखने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया और सहयोग बनाए रखने की अपील की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शहर की कानून और शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

### एडीएम ने पीस कमेटी के सदस्यों का मांगा सहयोग

डीएम ने जनपद वासियों से गंगा-जमुनी तहजीब के तहत मिलजुलकर रहने की अपील की। अपर जिला अधिकारी सदानंद गुप्ता ने आगामी निर्वाचन में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए आम जनमानस को जागरूक करने में पीस कमेटी के सदस्यों का सहयोग मांगा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बैंक से रुपये निकालने गया युवक लापता

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बसुपुर बरौली का रहने वाला युवक लव कुश पुत्र रामदीन विगत सोमवार से घर से लापता हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लव कुश सोमवार को घर से यूनियन बैंक बरियावन में रुपए निकालने के लिए गया था। लेकिन शाम तक वापस घर नहीं आया जिससे परेशान घर वालों ने खोजबीन प्रारंभ किया लेकिन कहीं पर भी कुछ पता नहीं चल सका है। परिजनों ने बताया कि युवक का एक हाथ कटा हुआ है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए कल गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को दबोचा

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** थाना महरुआ क्षेत्र में पुलिस ने पाक्सो एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उप निरीक्षक रामबली यादव ने पक्सो एक्ट में अभियुक्त राहुल सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी ककराही बेलवा बाजार थाना मड़ियाहूं जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय में पेस कर जेल भेज दिया है।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभ्यान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत थाना इब्राहिमपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। हेड कांस्टेबल राजेश यादव ने आबकारी अधिनियम में अभियुक्त राबचन पुत्र रामछुआरे निवासी उतरेथू थाना इब्राहिमपुर के कब्जे से 15 पाउच देशी शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है।

# हादसों में युवक की मौत, एक घायल

## किछौछा निवासी युवक अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देने गया था खाना

बसखारी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है। दूसरी घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल होने के कारण जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

पूराबजगोती किछौछा निवासी नौशाद पुत्र इरशाद (27) टांडा स्थित एक अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को खाना देने के लिए गए थे। वापस लौटते समय गन्नीपुर के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। नौशाद हेलमेट भी नहीं पहने हुए थे। जिससे सर में गंभीर चोट लगी और वह बाइक समेत सडक़ के किनारे गड्ढे में गिर गया। गुरुवार को ग्रामीणों ने सडक़ किनारे क्षतिग्रस्त बाइक और मरणासन्न अवस्था में युवक को देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। बसखारी पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर रोते-बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि समय से घर नहीं पहुंचने पर देर रात तक मोबाइल पर फोन किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। युवक की दो माह पहले ही शादी हुई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक बसखारी जेपी सिंह यादव ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।



युवक की मौत के बाद मौके पर मौजूद पुलिसबल। अमृत विचार



सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त बाइक।

### घायल का अस्पताल में चल रहा इलाज

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 233 पर हुई दूसरी दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। गन्नीपुर में ही नेवासे पर रह रहे मुजाहिद पुर निवासी देवीलाल मौर्य (45) देर रात बसखारी से अपने घर गन्नीपुर जा रहे थे। तभी रास्ते में एनएच 233 मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां से गंभीर स्थिति के चलते उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।



युवक के घर पर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

### दहेज हत्या के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** दो माह पूर्व दहेज हत्या में नामजद आरोपियों को पुलिस ने घर से ही दबोच कर जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

बता दें कि महरुआ थाना क्षेत्र के पंकज अग्रहरि निवासी व थाना महरुआ ने धूमधाम के साथ 2022 में नगर के मित्तूपुर रोड स्टेट बैंक के सामने संदीप अग्रहरि पुत्र जियालाल के साथ शादी की थी। जिसकी बीते लगभग 7 दिसंबर को अचानक तबीयत खराब हो गई थी जिसे लखनऊ ले गए जहां उसकी मौत हो गई। लड़की के पिता ने तहरीर देते हुए बताया था कि मेरी पुत्री अंतिका को दहेज के कारण जहर देकर मार दिया गया। उसने पुलिस ने न्याय की गुहार लगाई थी। इस पर पुलिस ने लड़के व उसकी माता के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी संदीप अग्रहरि पुत्र जियालाल, निर्मला पत्नी जिया लाल को गुरुवार को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक सचिव कुमार मौर्य, साबिर अली, रजत कुमार, रजनीश सिंह शामिल रहे।

### जानलेवा हमले के मामले में तीन पर केस दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जानवरों का चारा लेने जा रहे युवक पर प्राण घातक हमला व असलहे के बट से सिर पर वार कर के गम्भीर रूप से घायल कर देने के मामलें में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध हत्या का प्रयास समेत कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दिया है। मामला थाना मालीपुर अंर्तगत ग्राम बीबीपुर भुसौली गांव का है। जहां के संतोष यादव पुत्र शिवमूरत ने पुलिस से शिकायत किया है कि बीते मंगलवार को सुबह भाई सचिन जानवर का चारा लेने जा रहा था तभी इसी बीच गांव के आशुतोष पुत्र राम, नारायण निवासी थाना अखंड नगर जनपद सुल्तानपुर व अमित पांडेय निवासी अकबालपुर थाना मालीपुर ने घेर कर उस के भाई सचिन को गालियां देने लगे और हाथ में लिए असलहा से फायर कर दिया। लेकिन वह किसी तरह बच गया तो उसे पकड़ कर असलहे के बट से उस के सर पर प्रहार कर दिया जिससे उसका सिर फट गया। हल्ला-गोहार होने पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव किया। मौके पर बढ़ती भीड़ देख कर सभी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने पीडि़त के भाई की तहरीर पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध जान से मारने का प्रयास, मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। एसओ मालीपुर प्रियंका पांडेय ने बताया कि सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

## सार-संक्षेप

### परिवहन मंत्री को सौंपा मांगों को लेकर ज्ञापन

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पं. त्रिलोकीनाथ स्मारक इण्टर कॉलेज में आयोजित बासन्तिक वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत करने पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को भाजपा रामनगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक निषाद ने मांग पत्र सौंपा है। मंडल अध्यक्ष ने आलापुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र के रामनगर में रोडवेज बस डिपो की स्थापना, लखनऊ, प्रयागराज व वाराणसी जाने के लिए बस का संचालन और जहांगीरगंज, कम्हरिया घाट व राजेसुल्तानपुर में फेयर बस स्टॉप स्थापित करने की मांग को लेकर पत्र सौंपा है। भाजपा रामनगर मण्डल अध्यक्ष ने परिवहन मंत्री को बताया कि महात्मा गोविन्द साहब बाबा की तपोस्थली वाले आलापुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र की तहसील मुख्यालय बाजार रामनगर में परिवहन निगम का डिपो नहीं होने से क्षेत्रवासियों को विभिन्न जनपदों में आवागमन के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रयागराज में तैयारी कर रहे बच्चों को आए दिन विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। निजी और अन्य सवारी वाहनों के माध्यम से ही लोगों को इधर-उधर आवागमन करने के लिए विवश होना पड़ता है। जिससे धन और समय दोनों का अपव्यय व नुकसान होता है। रामनगर में परिवहन निगम का डिपो स्थापित होने और यहां से निगम की बसों का विभिन्न जनपदों के लिए संचालन शुरू होने से यातायात सुगम हो जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, अयोध्या प्रभारी डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, श्याम सुन्दर वर्मा उर्फ साधू वर्मा, विमलेंद्र प्रताप सिंह, भगवान पाण्डेय, अनिल सिंह, आदित्य पाण्डेय सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।



परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को मांग पत्र सौंपते भाजपा रामनगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक निषाद।

### 15 सौ छात्र-छात्राओं को वितरित किए स्मार्टफोन



छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण करते भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी।

**आलापुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** गुरुवार को आलापुर तहसील क्षेत्र में स्थित सिंगारी देवी स्मारक पीजी कॉलेज में स्नातक के हजारों छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम और दक्ष बनाने के लिए स्मार्टफोन दे रही है। इसका प्रयोग छात्र पढ़ाई में ही करें, अन्यथा दुरुपयोग करने पर नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि तकनीक के जरिए उच्च शिक्षा से जुडक़र रोजगार की दिशा में आगे बढ़े। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में कुल 1500 से अधिक छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किया गया। महाविद्यालय के संचालक सुनील यादव ने बताया कि सरकार की यह पहल सराहनीय है, जिससे छात्रों का चतुर्दिक विकास हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर हरिश्चंद्र और संचालन महेंद्र यादव ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश पांडेय, विकास मोदनवाल, रमेशचंद यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। स्मार्टफोन पाकर छात्रों के चेहरे खिले नजर आए।

### लोगों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण : एसपी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देश दिए।

बता दें कि पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। एसपी ने साथ ही साथ समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देशित किया है।

# 285 वाहनों की चेकिंग 20 का काटा चालान

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद में शांति व कानून व्यवस्था को देखते हुए सभी थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीमों ने अपने-अपने थानों, चौकी क्षेत्रांतर्गत सघन चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पडऩे वाले बैंकों तथा प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग की गई। बैंक के आसपास बिना किसी कारण घूमने वालों को कार्यवाही की चेतावनी देकर उन्हें छोड़ दिया गया। वहीं किसी भी प्रकार की लूट, छिनैती या टप्पेबाजी जैसी घटना को रोकने के लिए प्रमुख मार्गों, चौराहों तथा सूनसान स्थानों पर समस्त थानों की गरुण वाहिनी पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। साथ ही कार्रवाई करते हुए कुल 285 वाहनों को चेक कर 20 वाहनों का चालान काटा गया।

# बीच सड़क शव रखकर की पुलिस के खिलाफ नारेबाजी

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान हुई मौत के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों के साथ ग्रामीणों का अचानक आक्रोश फूट पड़ा। सडक़ पर उतरे आक्रोशित लोगों ने शव को मंसूरगंज-हंसवर मुख्य मार्ग पर रखकर जाम करते हुए पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। घंटों चले प्रदर्शन के बाद परिजनों को निजी तौर पर साढ़े चार लाख रुपए अहेतुक सहायता दिए जाने के आश्वासन के बाद ही सडक़ जाम खुल सका।

बता दें कि गत 11 फरवरी की दोपहर को जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के मंसूरगंज गांव निवासी 60 वर्षीय पवन मांझी नरियांव-बिड़हर मार्ग पर अनियंत्रित कार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन समेत चालक को हिरासत में लेकर पीडि़त पुत्र रामकिशन की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। वहीं बुधवार को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान घायल पवन मांझी की मौत हो गयी। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव जैसे ही उसके घर पहुंचा परिजनों के साथ ग्रामीणों में अक्रोश व्याप्त हो गया। आक्रोशित लोगों ने मंसूरगंज-हंसवर मुख्य मार्ग पर शव रखकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। पुलिस ने आरोपी पक्ष से निजी अहेतुक सहायता साढ़े चार लाख रुपये दिलवाए जाने का आश्वासन देकर घंटों बाद जाम मार्ग खुलवाया।

### पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

बताया जाता है कि घटना के दिन वाहन समेत हिरासत में लिए गए संदिग्ध आरोपी को थाने से छोड़ दिया गया था। मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर फौरी कार्रवाई किए जाने का लकीर पीटा जाने लगा जबकि संदिग्ध आरोपी ही घटना का असल आरोपी निकला। फिलहाल दुर्घटना के बाद सड़क जाम करने तक के मामले की अगर बारीकी से जांच की जाए तो पुलिसिया लापरवाही भी जगजाहिर हो सकती है।

अभियान | जिला कार्यशाला और जिला पदाधिकारियों, मंडल प्रवासियों के साथ बैठक का किया गया आयोजन

# लाभार्थी परिवारों से सूची के अनुसार करें संपर्क : पदम सेन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



जिला प्रभारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पदम सेन चौधरी का बुके देकर स्वागत करते जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी।

**अमृत विचार:** भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में गुरुवार को लाभार्थी सम्पर्क अभियान की जिला कार्यशाला और जिला पदाधिकारियों, मण्डल प्रवासियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पदम सेन चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता और अभियान जिला संयोजक पंकज वर्मा के संचालन में हुई। जिला प्रभारी का स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने बुके भेंट कर किया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि पदम सेन चौधरी ने कहा कि लाभार्थी सम्पर्क अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगा। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र में सरकारी योजनाओं के लाभार्थी परिवारों में संपर्क सूची के अनुसार करना है।

अबुधाबी में भी मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करके भारत का डंका विदेशों में भी बजा दिया है। सम्पर्क अभियान में प्रत्येक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी्र कार्यकर्ताओं को जोड़कर अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता और जन प्रतिनिधियों को एक-एक शक्तिकेंद्र के प्रवासी बना कर उन्हें मतगणना तक संगठन के कार्यों, कार्यक्रमों और चुनावी कार्यों को पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से चुनाव तक पूर्ण कालिक कार्यकर्ता के रूप में संगठन की योजना अनुसार तन, मन, धन से कार्य करने का आवाहन किया। मंडलों की कार्यशाला में लाभार्थी सम्पर्क अभियान की विषय को स्पष्ट करते हुए अभियान के महत्ता की जानकारी दिया जाना चाहिए। इस महत्वपूर्ण अभियान में प्रदेश के पांच लाख से अधिक कार्यकर्ता 1 करोड़ लाभार्थी परिवारों से सम्पर्क कर सरकार की जनहित के कार्यों को बताना है। कार्यक्रम का संचालन अभियान संयोजक पंकज वर्मा ने किया।

### बैठक में यह भी रहे मौजूद

जिला कार्यशाला और बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र, डॉ. राना रणधीर सिंह, रमेश चंद्र गुप्ता, सुमन पाण्डेय, रफत एजाज, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, धीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद, दिनेश पाण्डेय, अवनीश पाठक, कृष्ण गोपाल कसौधन आदि शामिल रहे।

### छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** भियांव ब्लॉक के रामनायक इंटर कॉलेज मढवरपुर में बसंत पंचमी के अवसर पर पूजन-अर्चन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापक कन्हैया गोस्वामी रहे। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रबंधक भृगुनाथ गिरी उर्फ पिंकू बाबा की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रबंधक ने कहा कि इस दिन मां सरस्वती की पूजा अवश्य करनी चाहिए जिसके बुद्धि और विद्या का विकास होता है। इस मौके पर लख्मीपुर ग्राम प्रधान रिंकू गौड़, विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार गौड़, बबलू यादव, मुन्ना शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय-4-सी0, ऐ0आई0 आपर्टमेन्ट वजीरहसन रोड लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।
पार्टी के पदाधिकारियों के नाम /पता नीचे दिए गये हैं :-अध्यक्ष : मंसूर आलम, 55 कैथाना फूलपुर प्रयागराज। उपाध्यक्ष :-मो0 नोमान सिद्दीकी हल्दी खुर्द मुंगारी करछना प्रयागराज। महासचिव : मो0 शायबा हम्फी ऐ-504/1-बी, जीटीबी नगर करेली प्रयागराज। कोषाध्यक्ष : मसरूर अहमद, हल्दी खुर्द करछना प्रयागराज। यदि किसी को पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

सूचना
सूचित हो कि मैं **रागिनी पत्नी रघुवीर, निवासी-ग्राम परसेहरा नाथ, थाना-हरगांव, जिला-सीतापुर,** मेरे पुत्र प्रदीप कश्यप एवं पुत्रवधू नीलू कश्यप का चाल-चलन ठीक नहीं है वह आये दिन मारपीट तथा मुझे तंग करते है मना करने पर भी नहीं मानते हैं वह लोगों से पैसा लेकर उन्हें वापस नहीं करते है। उनके इन हरकतों से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। आज से मेरा उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें।

NOTICE
Please be informed that I completed my high school education from Saint Norbert School under the ICSE Board in the year 2020. My unique ID number is 7202308. Unfortunately, the ID card with this ID number was actually lost on January 15, 2024. Samrat Bishwas, son of Shivnath BishwasResident of Aasaam Chowraha Mohalla Salarpur, Police Station Dargah, Bahraich.

# स्वरोजगार की उम्मीदों पर बैंकों का अड़ंगा, लोन के 1153 आवेदन लंबित

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** केंद्र राज्य सरकार की तरफ से बेरोजगार युवाओं और उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार से जोड़ने वाली योजनाओं पर बैंक पानी फेर रहे हैं। विभिन्न रोजगार योजनाओं के तहत ऋण के 1153 आवेदन बैंकों के पास लंबित पड़े हैं। बैंकों की इस लापरवाही और मनमानी से उद्यमियों और बेरोजगार युवाओं की उम्मीद दम तोड़ रही है।

स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन और प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना चला रही है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत लोन के लिए 826 आवेदन उद्योग विभाग के आए थे। इन आवेदनों को जांच पड़ताल के बाद बैंकों को भेजा गया है लेकिन बैंकों ने इनमें से महज 266 आवेदन स्वीकृत किया है। 560 आवेदन बैंकों में लंबित है। इसी तरह मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 710 आवेदनों में से 265 आवेदन स्वीकृत हुए हैं। यहां भी 445 आवेदन लंबित हैं। एक जिला एक उत्पाद के तहत 245 आवेदनों में से मजह 97 फाइल स्वीकृत हुई है। जबकि लोन के 148 आवेदन बैंकों के पास लंबित हैं। संयुक्त आयुक्त उद्योग सविता भारती रंजन ने बताया कि पूरे मण्डल में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना व एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत लोन के कुल 1153 आवेदन बैंकों में लंबित पड़े हैं।


मंडलायुक्त कार्यालय में उद्यमियों व अधिकारियों के साथ बैठक करते मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा।

### बैठक में खुली बैंकों की पोल

**अमृत विचार :** देवीपाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में मण्डलायुक्त सभागार में मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक हुई। बैठक में उद्यमियों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया। बहराइच के उद्यमी विजय केडिया ने आयुक्त को बताया कि उन्होंने मंडी शुल्क में छूट की डिमांड की थी लेकिन अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस पर आयुक्त ने मामले के निस्तारण के निर्देश दिए। भारतीय उद्योग व्यापार संघ उत्तर प्रदेश मनकापुर बाजार के अध्यक्ष गिरजेश कसौधन ने आयुक्त को बताया कि बैंक जानबूझ कर उनका लोन नहीं स्वीकृत कर रहा है। इस पर आयुक्त ने एलडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्यमियों के ऋण संबंधी मामलों को प्राथमिकता पर रखा जाए और जल्द से जल्द उनका निस्तारण किया जाए।

### मंडलायुक्त ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार : मंडलायुक्त** योगेश्वर राम मिश्र ने बैठक में लोन संबंधी आवेदनों की समीक्षा की। संयुक्त आयुक्त उद्योग सविता भारती रंजन ने बताया कि पूरे मण्डल में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना व एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत लोन के कुल 1153 आवेदन बैंकों में लंबित पड़े हैं। इस पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। मंडलायुक्त ने कहा कि यदि कोई उद्यमी ऋण के लिए आवेदन करता है तो उसे सभी जरूरी अभिलेखों के संबंध में अवगत करा दिया जाए जिससे कि वह समय रहते ही सभी अभिलेख उपलब्ध करा सके। ताकि उद्यमी का समय बर्बाद न हो। उद्यमियों को समय से ऋण उपलब्ध कराना सभी बैंकों की जिम्मेदारी है।

# परिवहन ठेकेदार कोटेदारों को कम दे रहे खाद्यान्न, शासन गंभीर

गोंडा कार्यालय, शिव अंकम ओझा

**अमृत विचार:** कोटेदारों को परिवहन ठेकेदार खाद्यान्न तौल कर नहीं दे रहे हैं। इससे राशन दुकानों तक कम खाद्यान पहुंच रहा है। इस घटतौली की शिकायत को शासन ने गंभीरता से लिया है। आयुक्त खाद तथा रसद विभाग उत्तर प्रदेश जवाहर भवन सौरभ बाबू ने प्रदेश के सभी संभागीय खाद्य नियंत्रक तथा उपायुक्त खाद्य को पत्र भेज कर सभी कोटेदारों को तौलकर ही खाद्यान्न दिए जाने का निर्देश दिया है।

कोटेदारों को सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी योजना के तहत कोटे की दुकान पर ही प्रत्येक माह खाद्यान्न मिलता है। सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी योजना के तहत भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से परिवहन ठेकेदार खाद्यान्न उठाकर कोटेदार को राशन देता है। परिवहन ठेकेदार द्वारा कोटेदारों को खाद्यान्न तौल कर न देकर बोरी की गिनती करके दी जा रही है। जिसकी शिकायत जिला स्तर पर कोटेदारों द्वारा की गई। लेकिन किसी ने इसको गंभीरता से नहीं लिया।

उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष ने कोटेदारों की इस समस्या को शासन स्तर पर उठाया था जिसके क्रम में आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग ने खाद्य विभाग से जुड़े मंडलीय अफसर को पत्र जारी किया है। जिसमें साफ तौर पर कहा गया है कि उचित दर विक्रेताओं को खाद्यान्न तौल कर ही दिया जाए। स्थानीय जिले में 16 ब्लॉकों के लिए छह परिवहन ठेकेदारों को जिम्मेदारी मिली है। जो प्रत्येक माह 1393 कोटेदारों को खाद्यान्न का उठान करके पहुंचते हैं। लेकिन शिकायत है कि खाद्यान्न कम कई ठेकेदारों द्वारा दिया जा रहा है। बताते हैं कि परिवहन ठेकेदार कुछ बोरों को तौल करते हैं ,उसके बाद बोरी की गिनती कर के खाद्यान्न रिसीव कर दिया जाता है। जब कोटेदार इसकी शिकायत करते हैं तो परिवहन ठेकेदार अपने रसूख का इस्तेमाल कर उनकी आवाज को दबा देते हैं। लेकिन शासन ने अब स्पष्ट आदेश जारी किया है कि सभी ठेकेदारों को पूरा खाद्यान्न कोटेदारों की दुकान पर उतरना होगा। शासन के आदेश से खाद्यविभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

उपयुक्त खाद्य देवी पाटन मंडल सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आयुक्त खाद्य रसद उत्तर प्रदेश जवाहर भवन के आदेश के क्रम में मंडल के सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को आवंटन के मुताबिक कोटेदारों को खाद्यान्न तौल कर दिलाने का निर्देश दिया जा रहा है। लापरवाही करने वाले परिवहन ठेकेदार व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

**कोटेदारों को खाद्यान तौलकर दिए जाने को लेकर खाद्य विकास के मंडलीय अफसरों को निर्देश**

| | |
|---|---|
| जनपद में कोटेदार | 1393 |
| अन्तोदय राशन कार्ड | 65026 |
| पात्र गृहस्थी राशन कार्ड | 536256 |
| आवंटन गेंहू | 87403 .78 क्विंटल |
| आवंटन चावल | 58258 .61 क्विंटल |

**6 ठेकेदारों को खाद्यान पहुंचाने की जिम्मेदारी**

सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी के तहत जिले के 16 ब्लाकों में कोटेदारों के यंहा खाद्यान पहुंचाने की जिम्मेदारी 6 परिवहन ठेकेदारों को है। जो प्रत्येक माह खाद्यान कोटे की दूकान तक पहुंचाते है। इनमें संगम कंस्ट्रक्शन, बजरगं कंस्ट्रक्शन, मेसर्स परमाल सिंह यादव, मेसर्स चंद्रिका यादव, मेसर्स आर आर कंस्ट्रक्शन, मेसर्स राधेश्याम गिरि है।

## थाने के समीप सर्राफा समेत तीन दुकानों से लाखों की चोरी

**खरगूपुर गोंडा, अमृत विचार :** थाने से चंद कदम दूरी पर सर्राफा की दुकान सहित तीन स्थानों पर चोरों ने एक ही रात नकदी व लाखों रुपये के जेवरात व सामान की चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान की सीसी कैमरा को तोड़ दिया। स्थानीय थाने के पास जिस सर्राफा की दुकान में चोरी की वारदात हुई है उसके आस पास दर्जन भर पुलिस कर्मियों के आवास हैं। खरगूपुर थाने से महज 80 मीटर की दूरी पर मुख्य मार्ग पर नंद लाल सोनी की सर्राफा की दुकान है। बीती रात यहाँ चोरों ने दुकान का सटर को तोड़कर अंदर घुस गए। जहां 500 ग्राम चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। वहीं, दुकान में लगा सीसी कैमरा तोड़कर डीवीआरव डीटीएच बॉक्स भी उठा ले गये। दूसरी घटना इसी के बगल नंद नगर गांव के पवन वर्मा की ढाबली का चोरों ने कुंडी काटकर 25 हजार रुपये का पान मशाला, सिगरेट, विस्किट आदि सामान व तीन हजार रुपये नकद चोर चुरा ले गये। तीसरी घटना पृथ्वीनाथ मंदिर के निकट पाठक पुरवा कठौवा पुल के पास की है। यहां खरगूपुर कस्बा के शुभम सोनी की सर्राफा की दुकान है। इसी रात दुकान में लगा सटर उजाड़कर चोर अंदर घुस गये। लॉकर का ताला काटकर उसमें रखा 500 ग्राम चांदी के जेवरात व 1500 रुपये नकदी चोर चुरा ले गये। उक्त चोरी की घटना से लोगों में चर्चा का विषय है कि जब थाने के पास के लोग सुरक्षित नहीं है तो दूर दराज के लोग इससे कैसे बचेंगे। थाने में पीड़ितों ने चोरी की घटना के मामले में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि चोरी की घटना का जाँच पड़ताल किया गया है, अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसों में दो सगे भाइयों समेत 4 की मौत

गोंडा कार्यालय

**जिले के तीन अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुआ हादसा, सात घायल**


शारदा प्रसाद पांडे (फाइल फोटो)


अतुल पांडेय (फाइल फोटो)


गोंडा बहराइच मार्ग पर खड़ी क्षतिग्रस्त बोलेरो।


आर्य नगर कर्नलगंज मार्ग पर पलटा ट्रेलर।

**अमृत विचार:** बुधवार की रात भीषण कोहरे ने चार लोगों की जिंदगी निगल ली। जिले के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गयी जबकि सात अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल हैं, जो एक बोलेरो पर बैठकर अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना की जांच में जुटी है। इस हादसों में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा है।


जिला अस्पताल में घायल का इलाज करते स्वास्थ्य कर्मचारी।

पहली घटना-गोंडा बहराइच मार्ग पर आर्यनगर कस्बे के हिसाब तिवारीपुरवा छितौनी गांव के निकट सुबह 8 बजे हुई। श्रावस्ती जिले के इकौना क्षेत्र से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या जा रही बोलेरो को सीमेंट से लदे हुए एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से ठोकर मार दी। बताया जा रहा है कि घना कोहरा होने के कारण दोनों वाहनों आपस में टकरा गए। इस हादसे में श्रावस्ती जनपद के इकौना थाना क्षेत्र के तिवारी मनोहरपुर निवासी दो सगे भाई सुनील तिवारी (50) व ननके तिवारी (45) की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि भिनगा थाना क्षेत्र के पूरे उदई निवासी शिवम मिश्रा (25) पुत्र राम किशुन, बोलेरो चालक बजरंगी (30) पुत्र लल्लन बन्दरहवा थाना इकौना श्रावस्ती व 8 वर्षीय सौरभ पुत्र परीक्षित तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर उन्हे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन श्रावस्ती से गोंडा पहुंचे। इस घटना से मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष कौड़िया अंकुर वर्मा ने बताया कि ट्रक व बोलेरो को कब्जे में लिया। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।

दूसरी घटना-बभनान-मसकनवा मार्ग पर परसा तिवारी पेट्रोल के पास हुई जहां एक ट्रैक्टर ट्राली ने ई-रिक्शा को ठोकर मार दी। ठोकर लगने से ई-रिक्शा पलट गया और उसमें बैठे छपिया थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी शारदा प्रसाद पाण्डेय (50) की मौत हो गयी। जबकि विवेक पाण्डेय पुत्र आशाराम पाण्डेय (32), उनकी पत्नी अंजनी पाण्डेय (30) व कुशलावती पत्नी संजय कुमार (46) निवासी बेलाडे शुक्ल हरैया जिला बस्ती गंभीर रूप से घायल हो गए। यह सभी लोग बाबा बागेश्वर धाम मंदिर गए थे और वहां से बुधवार की रात इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से बभनान पहुंचे थे। बभनान से अपने गांव महमूदपुर के लिए बैटरी वाली ऑटो रिक्शा से जा रहे थे तभी परसा तिवारी पेट्रोल पंप के पास यह हादसा हो गया। विवेक पाण्डेय व उनकी पत्नी अंजनी को गंभीर हालत में लखनऊ रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष सतेंद्र वर्मा ने बताया कि मृतक शारदा प्रसाद पाण्डेय की पत्नी पूनम पांडेय की तहरीर पर शव को पंचायत नामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### कार की ठोकर से बाइक सवार की मौत, भतीजा घायल

अमृत विचार : वजीरगंज थाना क्षेत्र के परसहवा निवासी अतुल पांडेय (24) अपने भतीजे आयुष पांडेय के साथ पड़ोसी गांव अचलपुर में निमंत्रण के लिए गए थे। गोंडा अयोध्या हाईवे पर वजीरगंज से आ रही कार से आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें अतुल पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर बैठे आयुष पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक अतुल अपने परिवार का इकलौता चिराग था और एक वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि बाइक सवार ने हेलमेट नहीं लगाया था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है वही कार को कब्जे में ले लिया गया है।

# भारत विकसित करने में युवाओं की होगी महती भूमिकाः चेयरमैन

मनकापुर गोंडा

**अमृत विचारः** भारत को विकसित बनाने में स्कूल के छात्र-छात्राओं की भूमिका उल्लेखनीय होगी। उक्त विचार गुरुवार को क्षेत्र के महर्षि विद्यालय परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि चेयरमैन दुर्गेश कुमार सोनी उर्फ बब्लू सोनी ने मौजूद बच्चों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं ही बच्चों को शिक्षा देने में अग्रणी भूमिका निभाती है। वे इन्ही बच्चों में डॉक्टर, इंजीनियर, आर्मी मैन, अधिवक्ता व न्यायाधीश आदि पदों को सुशोभित करने का कार्य करेगें। उसमें महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षकों की होगी। उपजिलाधिकारी राजीव मोहन सक्सेना ने कहा कि बच्चे गीली मिट्टी के समान होते है। उन्हे शिक्षक जैसा चाहे वैसा रुप देकर समाज में संदेश देकर गांव, स्कूल, माता-पिता का नाम रोशन कर सकते है। इसके पूर्व चेयरमैन, एसडीएम व विद्यालय प्राचार्य द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। स्कूली बच्चों द्वारा इतनी सी हंसी दिल है छोटा, राम आएंगे तो अंगना सजेगी, शिव तांडव, तेरी चौखट पर राम आयेंगे, जल संचयन, पर्यावरण बचाओ विभिन्न सांस्कृतिक तथा नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम मनमोहक प्रस्तुत होने पर अतिथि, अभिभावकों व विद्यालय परिवार द्वारा सराहना किया गया। चेयरमैन व एसडीएम ने पूरे विद्यालय परिवार को शुभकामना दिया। विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पीताम्बर सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि सत्र 2022-23 में कक्षा 10 की रक्षिता मिश्रा 95 प्रतिशत अंक, कक्षा 12वीं आकर्ष वर्मा व आदित्य कुमार ने 95-92 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिंभागी बच्चों को चेयरमैन दुर्गेश सोनी द्वारा मेंमोटो व प्रशस्ति पत्र वितरण कर शुभकामना दिया। इस मौके पर जेके मिश्रा, मणिकांत वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, अमित उपाध्याय, बृजेश त्रिपाठी, शक्ति भूषण, आरएस कुशवाहा, प्रीता पान्डेय, रेखा यादव, शीतल पाल, अंजू सिह, किरन तिवारी, सरिता तिवारी, अनीता मौर्या आदि लोगों का कार्यक्रम सफल बनाने में सहयोग रहा।



वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बच्ची को सम्मानित करते नगर पंचायत चेयरमैन दुर्गेश सोनी।

# तेरे भरोसे मेरी गाड़ी तू जाने तेरो काम जानें ...

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में बसंत पंचमी पर्व और फागुनी उत्सव पर श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया गया। कलकत्ता से आये भजन गायक और कथा वाचक संदीप सुल्तानिया ने अखंड ज्योति का पाठ किया। उनके साथ बहराइच से भजन गायक रमन गुप्ता ने कोरस की भूमिका निभाई। कथा की शुरुआत समपुट-अखंड ज्योति हे अपार माया, श्याम देव की परवर छाया से हुआ। पाठ में नारद, भीम-अहिल्यावती, भगवान श्याम के नाम से जाने वाले बर्बरीक का जन्म से लेकर शीश के दान तक का वर्णन लीला के माध्यम से मंच पर दिखाया गया। भक्त लीलाएं देख कर भावविभोर हो गये।बीच-बीच में भजनों की हाजिरी लगाई उन्होंने गाया-मेरा हाथ पकड़ ले मेरा मन घबरायें...देना हो तो दीजिए जनम जनम का साथ.. तेरे भरोसे मेरी गाड़ी तू जाने तेरो काम जानें। पकड़ लो हाथ मेरा बनवारी ,नही तो छूट जायेगा... तेरे आगे लाज मुझे आती नही श्याम ..आदि भजनों की प्रस्तुति भी किया। म्यूजिक में सोमेश मिश्रा म्यूजिकल ग्रुप रहा। इस दौरान नंद कुमार अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल,महेश अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, अनिल लाठ, गुंजन लाठ, मोहन अग्रवाल,आमोद पोद्दार, उमा पोद्दार, सजन कुमार, मीना अग्रवाल, तुषार टेकडीवाल, तनु टेकडीवाल, अंकुर गर्ग, शालू गर्ग, ज्योति अग्रवाल, रिंकी अग्रवाल, माया अग्रवाल,राजेश अग्रवाल, सुरेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


गोंडा के रानी बाजार स्थित रामजानकी धर्मशाला में आयोजित जागरण में प्रस्तुति देते कलाकार।

# नगर पंचायत में डेढ़ करोड़ से होगा विकास

बेलसर (गोंडा)

**अमृत विचारः** नव सृजित नगर पंचायत की बैठक में आए 70 प्रस्ताव का डेढ़ करोड़ की अनुमानित लागत से विकास कार्य कराया जाएगा।

नव सृजित नगर पंचायत की बैठक नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष सुशीला देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह ने बताया की नाली, खडंजा, बिजली से संबंधित 70 प्रस्ताव आए है। बताया सभासदों ने जो प्रस्ताव दिया है उनको कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है। प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया किया जाएगा। ईओ अनुराग शुक्ल ने बताया की विकास कार्यों के लिए अनुमानित डेढ़ करोड़ रूपये की कार्ययोजना बनाई जा रही है। स्वीकृति मिलने के बाद कार्य शुरू कराया करेगा। सभासद पवन कुमार ने नगर पंचायत में लीकेज समस्या ठीक कराने की मांग की। वार्ड 13 की सभासद कौशल्या ने प्राथमिक विद्यालय सरदवन पुरवा, प्राथमिक विद्यालय इंद्रबली पुरवा में पेयजल उपलब्ध कराने की मांग किया। तीन माह से हैंडपंप खराब है। गांव से पानी लाना पड़ता है। वार्ड 14 के राम कुमार तिवारी ने कंपोजिट विद्यालय बंजरवा में हैंडपंप ठीक कराने की मांग की है। उन्होंने बताया की विद्यालय में लगा हैंडपंप दूषित पानी दे रहा है। वार्ड नंबर 10 की अग्रिमा तिवारी ने आवास की स्थिति के बारे में अवगत कराया। काफी लोगों को आवास की जरूरत है, उसकी सूची उपलब्ध कराया जाए ।


बैठक में अध्यक्ष सुशीला व ईओ अनुराग शुक्ल और उपस्थित सभासद।

# लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार।** भाजपा पार्टी द्वारा लोकसभा कैसरगंज एवं लोकसभा गोंडा की “लाभार्थी संपर्क अभियान” की कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य अतिथि भाजपा अवध क्षेत्र महामंत्री नीरज वर्मा रही। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप ने की तथा संचालन जिला महामंत्री राकेश तिवारी एवं जसवंत लाल सोनकर ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान में संपर्क की व्यवस्था प्रधान है। हम विभिन्न माध्यमों से जनता के बीच निरंतर संपर्क स्थापित करते रहते हैं। उन्होंने कहाकि अवध क्षेत्र की सभी लोकसभा सीटों को अत्यधिक मतों के अंतर से जितनी हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप ने बताया कि प्रत्येक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी को 20 से 40 लाभार्थी से संपर्क करना है। कार्यशाला को पूर्व जिला अध्यक्ष एवं लोकसभा कैसरगंज के संयोजक अकबाल बहादुर तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष श्रावस्ती एवं लोकसभा केसरगंज के प्रभारी संजय कैराती, प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं गोंडा लोकसभा के संयोजक डॉक्टर रंजन शर्मा, जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी, राकेश तिवारी, रंजीत श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष बलरामपुर रमेश चंद जायसवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संदीप पांडे, अनुपम प्रकाश मिश्रा, अंजू सिंह खरवार, मनीष सिंह श्रीवास्तव, जिला मंत्री बहराइच संजय राव, जिला मंत्री पुनीत सिंह,सोनी सिंह रंजीत श्रीवास्तव,कोषाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष विद्याभूषण द्विवेदी, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस चौरसिया, अनुसूचित मोर्चा संयोजक नंदकिशोर नंदू एवं अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मंजूर अहमद, आईटी संयोजक शशांक मिश्रा एवं सोशल मीडिया संयोजक अविनाश जयसवाल सहित दोनों लोकसभा क्षेत्र के सभी मंडल के प्रभारी, मंडल अभियान संयोजक एवं सह सयोजक उपस्थित रहे।


संबोधित करती मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र की महामंत्री नीरज वर्मा।

**श्रीमद्भागवत कथा** | मंहगूपुर में कलश यात्रा के साथ 8 दिवसीय कथा का शुभारंभ

# सभी पापों से मुक्त कर मोक्ष प्रदान करती है कथा

**पं. राधेश्याम शास्त्री ने बताया श्रीमद्भागवत कथा का महात्म्य**

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** नवाबगंज क्षेत्र के महंगूपुर गांव में वृहस्पतिवार को कलश यात्रा के साथ आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ हुआ। भागवत कथा के प्रथम दिन कथा व्यास पं. राधेश्याम शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा का महात्म्य बताया। महंगूपुर गांव में स्थित हनुमान बालाजी मंदिर से कथा व्यास राधेश्याम शास्त्री के अगुवाई में मुख्य यजमान रवींद्र नाथ पांडेय व पुष्पा देवी के साथ गांव की महिलाओं ने कलश में जल भरकर भजन कीर्तन करते कलशयात्रा निकाली गई।


नवाबगंज के मंहगूपुर में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पं.राधेश्याम शास्त्री ने प्रथम दिन श्रीमद्भागवत कथा की महिमा का बखान करते हुए व्यास जी ने कहा कि कलयुग में सभी पापों से मुक्त कराने व मोक्ष का मार्ग श्रीमद्भागवत कथा है। आज के समय में अन्य सभी कार्यों के लिए मनुष्य के पास धन और समय दोनों हैं। लेकिन श्रीमद्भागवत स्मरण से दूर रहने कि प्रवृत्ति बढ़ रही है। यही कारण हैं कि सम्पन्नता होने के बाद भी गृह क्लेश, मानसिक, शारीरिक पीड़ा समेत तमाम व्याधियों से लोग घिरे हुए हैं। इन सभी से बचने का मुख्य मार्ग श्रीमद्भागवत कथा है। यह कथा श्रीहरि का आशीर्वाद स्वरूप है। श्रीमद्भागवत कथा कुलों का उद्धार करने वाली है। सभी को अपने सामर्थ्य अनुसार कथा का आयोजन कर भगवान् का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। लोगों को कथा रसपान करना चाहिए और अपने जीवन को भगवान के चरणों में समर्पित कर देना चाहिए। इस मौके पर उपस्थित सुरेन्द्र प्रताप पांडेय, जितेंद्र पांडेय, विनोद पांडेय, दिवाकर, संदीप, अरुण पांडेय, राजकरन मिश्रा, श्याम मनोहर, दिनेश पांडेय, रामप्रसाद, सुधीर, शिवशंकर मिश्रा समेत काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

# कृषि मेले में दी गई योजनाओं की जानकारी

बेलसर (गोंडा)

**अमृत विचारः** राजकीय बीज गोदाम परिसर में कृषि मेला एवम किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे किसानों को आधुनिक तकनीकी से खेती करने के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी बेलसर विजय कांत मिश्र ने किया। मेले में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डॉक्टर शिव शंकर चौधरी ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती करने की जरूरत है। खंड विकास अधिकारी विजय कांत मिश्र ने कहा सरकार किसानों के हित में तमाम योजनाएं चला रही है।

किसानों को समय-समय पर उनके बारे में जानकारी हासिल करते रहना चाहिए। सहायक विकास अधिकारी गिरजेश पटेल ने फसल बीमा, पराली प्रबंधन, किसान सम्मान निधि, बीज सब्सिडी की जानकारी दी गई। मेले में विभिन्न विभागों ने स्टाल भी लगाया था।

वन विभाग से महेंद्र सिंह ने उन्नत किस्म के आम, अमरूद, पीपल, नींबू के पौध के बारे में जानकारी दिया। इफको से इंद्र भद्र सिंह ने नैनो यूरिया, गन्ना विभाग के पंकज पाठक ने बसंत कालीन गन्ना बुवाई में दवा के बारे में जानकारी दिया। किसान शिव शंकर ने एलोवेरा, पथरी की दवा, बाल विकास परियोजना के स्टाल में संतुलित आहार से संबंधित स्टाल लगाए गए थे। गोदाम प्रभारी आदर्श वर्मा, रवि तिवारी,पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुमित वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


राजकीय बीज गोदाम परिसर में कृषि मेले का फीता काटकर शुभारंभ करते खंड विकास अधिकारी व अन्य।

## एक नजर

### खेलते समय बालक कुएं में गिरा

**बहराइच, अमृत विचार :** खैरीघाट थाना क्षेत्र के मटेरा कला निवासी मोहम्मद हसीब पुत्र सोहराब बुधवार को बच्चों के साथ खेलते समय कुंआ में गिर गया। पानी में डूबने लगा। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बाहर निकाला। इसके बाद उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड में इलाज चल रहा है।

### महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

**बहराइच, अमृत विचार :** श्रावस्ती जिले के गिलौला थाना क्षेत्र के महोली बागवानी निवासी जय ललिता पत्नी अनिल कुमार का विवाह डेढ़ वर्ष पूर्व हुआ था। बुधवार को उनकी हालत खराब हो गई। जिस पर मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। रात में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर कोतवाली नगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### विवाद में मारपीट

**बहराइच, अमृत विचार :** पयागपुर थाना क्षेत्र के नई बस्ती भूप गंज निवासी राजेंद्र सोनी पुत्र जानकी प्रसाद और उनके पुत्र सुनील सोनी और कन्हैया सोनी को दबंगों ने विवाद में मारपीट दिया। जिसके चलते सभी घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। राजेंद्र सोनी ने बताया कि अनिल, प्रिंस, रवि, दीपू, आशीष समेत अन्य ने पिटाई की हैं।

### मधुमक्खी के झुंड ने नोचा

**बहराइच, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के बेडनापुर के मजरा मुरावनपुरवा निवासी रूपेश मौर्य (18) पुत्र सुंदर लाल बाइक से जा रहे थे। शाम चार बजे मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# बसंत मेले में लक्कड़ शाह की दरगाह पर उमड़े जायरीन



मूर्तिहा रेंज के जंगल में स्थित लक्कड़ शाह के मजार पर चादर पोशी करते जायरीन।

▸▸ **14 जून से शुरू को होगा सालाना जेठ मेला**

**मिहींपुरवा, बहराइच**

**अमृत विचार :** कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार के मूर्तिहा रेंज में स्थित हिन्दू-मुस्लिम दरगाह हजरत सैयद हाशिम अली शाह उर्फ लक्कड़ शाह की मजार पर बसन्त मेला परंपरागत तरीके से आयोजित हुआ। बसंत मेले में आस्था एवं श्रद्धा का जनसैलाब उमड़ पडा। अकीदतमंदों ने गागर चादर पेश कर जियारत की। कुरान ख्वानी के मौके पर लक्कड़ बाबा की शान में कव्वाली एवं नातिया मुशायरा पेश किया गया।

दरगाह प्रबंध कमेटी के सदर रईस अहमद एवं सेक्रेट्री इसरार अहमद इदरीसी ने सुबह परंपरा के मुताबिक़ फल एवं फूलों की डालियों तथा खिचड़ी के साथ मजार शरीफ पर चादर पेश कर मुल्क में सुख-समृद्धि व अमन-चैन की दुआ करायी। इस मौके पर सेक्रेट्री इसरार अहमद इदरीसी ने सदियों पुरानी चली आ रही परंपरा के मुताबिक सालाना जेठ मेले की तिथि की घोषणा करते हुए बताया कि सालाना मेला इस वर्ष 14 जून को होगा। बसंत मेले में गोरखपुर, बलिया, देवरिया, बस्ती, आजमगढ़, सिद्धार्थनगर, लखनऊ, बाराबंकी, दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, मुंबई व नेपाल से आये हजारों जायरीन ने शिरकत की। अकीदत मंदों ने दरगाह पर हाजिरी लगाकर मुरादें मांगी। कमेटी की तरफ से पाक दरगाह पर फल एवं फूलों की टोकरियां खिचड़ी एवं चादर पेश की गयी। उर्स की शुरुआत नमाज के बाद कुल शरीफ के कार्यक्रम से हुई। इसके बाद नातिया मुशायरा, कव्वाली, लंगर आदि का कार्यक्रम परंपरागत तरीके से दिन भर चलता रहा सभी जायरीन को खिचड़ी भी खिलायी गयी। मेले में पड़ोसी देश नेपाल से दरगाह शरीफ पर आयी महिलाओं ने नाचते-गाते हुए अपने आकर्षक एवं रंग-बिरंगे परिधानों में जत्थों में आकर मजार शरीफ पर माथा टेककर जियारत की। इस दौरान मेला परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। इस मौके पर सदर रईस अहमद, सेक्रेट्री इसरार अहमद इदरीसी, नायब सदर जकी अहमद, खजांची सद्दाम हुसैन, मेम्बर शब्बीर अली, अनवारुल हसन, चुन्ना, लियाकत खां, समेत सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# नेपाली नागरिक ने दत्तक पुत्र की दुकान पर किया कब्जा, केस दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार :** नेपाल में माओवादी हिंसा के दौरान भारत मे रह रहे तमाम नेपाली नागरिकों ने आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य दस्तावेज बनवा दोहरी नागरिकता के आड़ मे अवैधानिक कार्य कर रहे है। एक नेपाली नागरिक ने भारतीय दत्तक पुत्र की दुकान भी हथिया ली। यही नही भारतीय दस्तावेजों के सहारे मंडी समिति के लाइसेंसधारक के लाइसेंस के सहारे बेखौफ फलो का आयात निर्यात कर रहा है। इस मामले का खुलासा तब हुआ। जब दत्तक पुत्र की पत्नी ने नटवरलाल के विरूद्ध धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई है। रूपईडीहा थाने के रूपईडीहा कस्बा के वार्ड नंबर आठ मुस्लिम बाग निवासी साजदा बेगम ने पुलिस को दी गई तहरीर में धोखाधड़ी का खुलासा किया है। साजदा बेगम के अनुसार नेपाल के नेपालगंज इलाके के वार्ड नम्बर 12 निवासी जहीर हसन है। जो नेपाल में शातिर प्रवृत्ति का व्यक्ति रहा है। जहीर ने साजदा के पति को व्यापार करने के लिए मौखिक तौर पर गोद ले लिया था। इससे वह भारत व नेपाल के बीच सब्जी व फल का आयात निर्यात करता था। जहीर ने जालसाजी व फर्जी दस्तावेजों को आधार बना भारत का आधार कार्ड व मतदाता पहचान पत्र बनवा लिया। इन दिनों वह रूपईडीहा कस्बा का मुस्लिमबाग का निवासी है। इसका सहारा लेकर उसने दोहरी नागरिकता भी हासिल कर ली। पीड़िता के पति अच्छन के पास मंडी समिति रूपईडीहा का लाइसेंस है। आरोप है कि जहीर ने कूटरचित दस्तावेजों व दबंगई कर उसकी दुकान हथिया ली। पीड़िता की तहरीर पर रूपईडीहा पुलिस ने धोखाधड़ी, जालसाज समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद अन्य कार्यवाई होगी।

# खेत जा रही वृद्ध महिला को सांड ने पटका, मौत

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** जिले के हटवा गोपाल गांव निवासी वृद्ध महिला बृहस्पतिवार सुबह पैदल खेत को जा रही थी। खेत जाते समय पहले से सड़क पर मौजूद सांड ने सींग में फंसाकर ऊपर उठाते हुए पटक दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हटवा गोपाल गांव निवासी सावित्री देवी (80) पत्नी जय जय राम गुरुवार सुबह उठी। इसके बाद सुबह 5.30 बजे वह खेत के लिए जाने लगीं। घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत को जाते समय रास्ते में एक सांड मौजूद था। सांड ने वृद्ध महिला को उठाकर पटक दिया। सींग में फंसाकर सांड ने महिला को दो से तीन बार पटका। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। काफी देर बाद घर के लोग खोजबीन करते हुए पहुंचे। तब तक गांव के दूसरे लोगों ने महिला के मृत हालत में पड़ा होने की सूचना दी। इस पर कोहराम मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि महिला की मौत सांड के हमले में हुई है। परिवार के लोगों की सूचना पर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर क्षेत्र में टहल रहे छुट्टा मवेशियों को लेकर लोगों में नाराजगी है। सभी का कहना है कि सिर्फ कागजों पर ही मवेशी पकड़े जा रहे हैं।

# शिवपुर में आयोजित हुआ रोज़गार मेला

**बहराइच, अमृत विचार :** राजकीय आईटीआई, कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान मे पंडित दीन दयाल उपाध्याय कौशल ग्रामीण योजनान्तर्गत विकास खण्ड शिवपुर में रोजगार मेला का आयोजन हुआ। मेले में नानपारा विधायक राम निवास वर्मा, जिला महामंत्री प्रधान संघ सूर्य प्रताप सिंह, सीओ महसी अनिल कुमार सिंह, एसओ खैरीघाट संजय कुमार सिंह, सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार, प्रधानाचार्य आईटीआई सुनील कुमार मिश्रा व अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा रोजगार मेला में चयनित हुए युवक/युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। विकासखंड में आयोजित रोजगार मेला में कुल 11 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुल 218 अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण करवाया गया। जिसमें से 152 बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार प्रदान किया गया। मेले के मुख्य अथिति नानपारा विधायक ने बताया कि सरकार की मंशानूरूप जनपद के प्रत्येक विकासखंड में रोजगार मेला आयोजित किए जा रहे है।

# घर के काम छोड़ पहले करें मतदान

**कैसरगंज, बहराइच**





मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल गांव की महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के सिदरखी में नारी संघ महिलाओं द्वारा आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम सहबदीन कोटेदार के घर पर अयोजित हुआ। जनता को निष्पक्ष मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

कैसरगंज विकास खंड के ग्राम सिदरखी में नारी संघ महिलाओं ने बैठक में मुद्दा रखा कि इस बार हम अपने गांव के जनता को जागरूक करेंगे कि सभी किसी भी प्रलोभन में आकर वोट न दें। सीएचओ प्रियंका द्वारा बताया गया की मतदान हम सभी को करना चाहिए यह भी एक पर्व की तरह होता है। ।जिसको धूम धाम से मनाते हैं, हम सभी को अपना वोटर आईडी कार्ड जरूर बनवा लेना चाहिए। संवैधानिक उम्र मतदान की 18 वर्ष है तो इससे ऊपर जिनकी भी उम्र है वो निर्वाचन कार्ड जरूर बनाएं। अपराजिता कार्यकर्ता अर्पिता ने कहा कि हमारा वोट बहुत कीमती है आप को अपने मर्जी से ये अवलोकन करना चाहिए की कौन से उम्मीदवार आपके लिए सही है। ऐसा न हो जब उसको वोट चाहिए आपके हाथ पैर जोड़े उसके बाद पांच साल दिखाई न दे और आपका वोट पैसे पर नही बिकना चाहिए, यह आपको संवैधानिक अधिकार प्राप्त है कि आप निष्पक्ष, निडर होकर मतदान करें। सोनी द्वारा मतदान से संबंधित नारे लगवाए गए "अब बनो देश के भाग्य विधाता। अब जागो प्यारे मतदाता" कार्यक्रम के दौरान नारी संघ महिलाएं, आशा, आंगनवाड़ी, कोटेदार, गांव के वरिष्ठ नागरिक, पुरुष, बच्चे, किशोर, किशोरियां अपराजिता कार्यकर्ता अर्पिता, नमन, सोनी, जितेंद्र आदि मौजूद रहें।

# श्रावस्ती में लाभार्थियों को सहायक उपकरणों का किया वितरण



**श्रावस्ती**

**अमृत विचार :** जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र श्रावस्ती एवं भारत सरकार की ऐडिप योजना के अन्तर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर एवं इंडियन रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से जिले के एडिप एवं वयोश्री योजना के लाभार्थियों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण का वितरण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुभारम्भ सांसद राम शिरोमणि वर्मा, सदस्य विधान परिषद प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा, पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, डिप्टी कमाण्डेंट एस0एस0बी0 निरूपेश एवं एलिम्को कानपुर से आये पदाधिकारियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। एडिप योजना के 318 व वयोश्री योजना के 1877 चिन्हीत लाभार्थियों को सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। जिसमें मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, बी.टी.ई.(कान की मशीन), ट्राईसाईकिल, सुग्म्य केन, फोल्डिंग व्हील चेयर, स्मार्ट फोन, बैसाखी, वॉकिंग स्टिक(छड़ी), रोलेटर सहित अन्य कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स आदि उपकरण शामिल हैं।

# 15 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त होने की राह पर

**आर टी ओझा, श्रावस्ती**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के क्रम में जिले की 15 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त होने की राह पर हैं। इन ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त किए जाने का दावा जिला स्तरीय तीन सदस्यीय वेलीडेशन कमेटी के समक्ष प्रस्तुत भी कर दिया है। यह कमेटी आगामी 20 फरवरी तक अपनी रिपोर्ट दे देगी। समिति द्वारा दावे की पुष्टि होने पर आगामी विश्व क्षय रोग दिवस (24 मार्च) को जिलाधिकारी द्वारा इन ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त होने की विधिवत घोषणा कर प्रमाण-पत्र जारी किया जाएगा।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. केके वर्मा ने ने बताया कि ग्राम पंचायतों के टीबी (क्षय) रोग से मुक्त होने का आधार एक हजार की जनसंख्या पर एक या एक से कम नये टीबी मरीज का होना है। गिलौला ब्लॉक की पांच, हरिहरपुर रानी की चार और मल्हीपुर, इकौना तथा सिरसिया ब्लॉक की दो-दो ग्राम पंचायतों के टीबी मुक्त होने की संभावना है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), आशा कार्यकर्ता के प्रयासों से ही हम इन ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### यह है कमेटी

ग्राम पंचायतों के टीबी मुक्त होने के दावे की पुष्टि के लिए जिला स्तरीय तीन सदस्यीय वेलीडेशन कमेटी का गठन किया गया है। पहली कमेटी में चिकित्साधिकारी डॉ. रविन्द्र सोनकर, एडीओ पंचायत दिग्विजय सिंह और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के समन्वयक संदीप सिंह को शामिल किया गया है। यह कमेटी गिलौला और मल्हीपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायतों का सत्यापन करेगी। दूसरी कमेटी में चिकित्साधिकारी डॉ. ओम प्रकाश वर्मा, एडीओ पंचायत विनोद अवस्थी और राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के जिला समन्वयक रवि मिश्रा को शामिल किया गया है। यह कमेटी इकौना, भंगहा और सिरसिया ब्लॉक की ग्राम पंचायतों का सत्यापन करेगी।

### यह हैं ग्राम सभाएं

टीबी रोग से मुक्त होने वाली ग्राम पंचायतों में गिलौला ब्लॉक की कोट मुबारकपुर, गोडारी, कुरबेनी, डिकरा और विशुनापुर, ब्लॉक हरिहरपुररानी की मटखनवा, जौगड़, गोड़पुरवा, हल्लाजोत, ब्लॉक मल्हीपुर की संगमपुरवा, राजापुर, ब्लॉक इकौना की इटौझा, दहावरकला, ब्लॉक सिरसिया की मदारगढ़, चयपुरवा शामिल हैं।

"जिले में कुल 397 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें से 15 को टीबी मुक्त करने का दावा प्रस्तुत किया है। हमारा प्रयास होगा कि इसी साल बाकी ग्राम पंचायतों को भी टीबी मुक्त कर दें जो कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य है।"
– एपी सिंह, सीएमओ

# मोतीपुर थाने के 8 सिपाहियों पर गिरी गाज, लाइन हाजिर

**बहराइच :** बहराइच में एक बार फिर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने कार्यवाही का चाबुक चलाते हुए जिम्मेदारी के प्रति लापरवाही बरतने वाले आठ सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया है। एक ही थाने के सिपाहियों को इतनी बड़ी संख्या मे लाइन हाजिर करने का एक्शन होने के चलते जिले के पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बहराइच में जबसे कार्यभार संभाला है तब से अपनी तेज तर्रार कार्यशैली के कारण उनकी एक अलग पहचान बनी है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला कानून व्यवस्था से तनिक भी न तो समझौता करती हैं न ही समझौता करने वाले पुलिस कर्मियों को बख़्शती है। पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को जिले के मोतीपुर थाने में तैनात आठ कांस्टेबल पर कार्यवाही का चाबुक चलाया है। पुलिस अधीक्षक ने हल्के में लूट खसोट करने, जिम्मेदारी के प्रति लापरवाही बरतने, पीड़ित जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करने समेत विभिन्न मामलों में दोषी पाते हुए मोतीपुर थाने के आठ सिपाहियों को लाइन हाजिर करते हुए उनसे जवाब तलब किया है।

## वर्ग पहेली-344

**बाएं से दाएं**

1. 1. सूखने या नमी न होने से ऊपर की परत (तल) में झुर्रियां या शिकन पड़ जाना
4. दूध को गरम करने या औटाने के लिए मिट्टी की एक प्रकार की छोटी अंगीठी।
5. 1. जिसका हाथ शुभ हो 2. सहायता करने वाला (हाथ)।
6. 1. मादा चकवा, चकवी 2. लकड़ी का एक चक्राकार खिलौना जिसमें मोटी डोरी लगी होती है जिससे वह ऊपर-नीचे चढ़ता-उतरता है, चकरी, फिरकी, (यो-यो)।
7. 1. ताकत 2. सहारा 3. सैनिक शक्ति, सेना 4. कोई संगठित शक्ति जो समूह, दल, संस्था आदि के रूप में प्रकट होती है 5. दबाव 6. कोई बात दूसरों से मनवाने का गुण 7. किसी वस्तु की ऐंठन, मरोड़ 8. लपेट, फेरा। -खाना : इठलाना, लहराना।
8. पैर।
9. 1. झोंक 2. झोंका, हवा का झोंका, झकोरा 3. पानी का हिलोरा, लहर 4. झटका।

**ऊपर से नीचे**

2. जो गुणों का ख़जाना हो, अत्यधिक गुणी।
3. 1. ऋणी, कर्ज़दार 2. धन या रुपया जमा करने की जगह, ख़जाना 3. वह व्यक्ति जिसके पास कोई वस्तु धरोहर के रूप में रखी जाए, महाजन।
4. ग्वालियर नगर के पास का पुराना पर्वत।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 3 | ■ |
| ■ | | ■ | 4 | | |
| 5 | | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | ■ | 7 | | ■ | ■ |
| 8 | | ■ | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली - 343 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ठ | ■ | 2 फ | ■ | 3 चि |
| ■ | ह | ■ | ल | ■ | न |
| 4 नि | र | नु | ना | सि | क |
| ■ | ना | ■ | फू | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 5 फ | ल | ही | न |
| 6 नि | खो | ट | ना | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ना | ■ | 7 पै | रा |

## सुडोकू-61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 5 | | 2 | | | | | |
| | | 9 | | 6 | | | | |
| | | 2 | | | 3 | | 1 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 1 | | 8 | 9 | | 5 | | |
| | | | | 3 | | 4 | | |
| | 3 | | | | 1 | | 2 | |
| 7 | | 6 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू - 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 08.54 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं। परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। व्यावसायिक गतिविधियों में उन्नति होगी। जीवनसाथी आपके कार्यों में आपका साथ देगा।

**वृष** – आज आपके परिजनों में कुछ असंतोष हो सकता है। लोग आपकी बातों का बुरा न मानें इसके लिए आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। अपनी सोच को सकारात्मक बनाए रखें। अत्यधिक विचार-विमर्श आपके विचारों को प्रभावित कर सकता है।

**मिथुन** – आज शाम के समय आपकी कोई समस्या हल हो सकती है। व्यापार में शानदार डील मिलने की संभावना बन रही है। आपका चित्त शांत रहेगा। नए व्यापारिक साझेदार जुड़ सकते हैं। परिवार में सुख-समृद्धि रहेगी। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

**कर्क** – आज पैतृक संपत्ति को लेकर मनमुटाव हो सकता है। किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत जीवन में न पड़ने दें। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है।

**सिंह** – आज नई कंपनी में जॉब या ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने का प्रयास करें। अपने काम के प्रति एकाग्र रहें। धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों को लेकर अध्ययन करेंगे। कार्यक्षेत्र के माहौल में शांति रहेगी।

**कन्या** – आज अपनी समस्या को लोगों से शेयर न करें क्योंकि लोग मजाक बना सकते हैं। आपकी बातों को लोग कम महत्व देंगे। गृहस्थ जीवन में तनाव हो सकता है। जीवनसाथी के व्यवहार से कुपित हो सकते हैं। बेहतर होगा की आप थोड़े सतर्क रहें।

**तुला** – आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। अचानक धन प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। ऋण कम करने में सफल होंगे। शाम को आपका मन कुछ विचलित हो सकता है। परिवार का माहौल आनंदमय रहेगा। अपने प्रेमी को खुश करने का भरसक प्रयास करेंगे।

**वृश्चिक** – आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी आपके व्यवहार से काफी प्रसन्न रहेगा। गठिया के रोगियों का दर्द उभर सकता है। रुके हुए कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। कार्य के प्रति आपके समर्पण की प्रशंसा होगी।


**धनु** – आज आपकी मेहनत सफल होगी। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। प्रेमी जन आज काफी रोमांटिक मूड में हो सकता है। घर के वातावरण में प्रसन्नता रहेगी। बिना योजना के किसी नए कार्य को शुरू न करें।

**मकर** – आज मौसमी बीमारियों के कारण संक्रमण हो सकता है। कोर्ट-केस से जुड़े मामलों में कठिनाई आ सकती है। सरकारी नियमों की अवहेलना न करें। आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा, लेकिन कुछ वाद-विवाद भी हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज नई नौकरी के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। शरीर स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम वगैरह की तरफ रुचि लेंगे। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। आपके व्यवहार में आत्मविश्वास और स्वाभिमान दोनों एक साथ व्यक्त होगा।

**मीन** – आज धन को लेकर कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति की संभावना है। दांपत्य संबंधों में जटिलता रहेगी। जब तक आपसे पूछा न जाए तब तक अपनी राय व्यक्त करने से बचें। आर्थिक समस्या परेशानी का कारण बन सकती है।

## आज का पंचांग





**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 08.47 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- बागी – सुबह : 09.19
- एजेंट विनोद – रात : 07.58

SONY PIX
- जुमांजी – सुबह : 10.53
- ब्राइटबर्न – रात : 09.00

SONY MAX
- तू झूठी मैं मक्कार – सुबह : 10.22
- ठग्स ऑफ हिन्दुस्तान – रात : 09.37

ZEE CINEMA
- मशीन – सुबह : 10.30
- भीड़ – रात : 07.30

colors CINEPLEX
- ग्रेट गैंबलर – दोपहर : 01.19
- शेरशाह – रात : 10.01

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर
सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

असूयैक पदं मृत्युरतिवाद : श्रियो वध : ।
अशुश्रूषा त्वरा श्लाघा विद्याया : शत्रवस्त्रय : ।।

गुणों में दोष देखना एकदम मृत्यु के समान है। कठोर बोलना या निंदा करना लक्ष्मी का वध है। सुनने की इच्छा का अभाव या सेवा का अभाव, उतावलापन और आत्मप्रशंसा-ये तीन विद्या के शत्रु हैं ।

## संपादकीय

# समुद्री सीमा सुरक्षा

बीते महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वहां गए थे जिसकी तस्वीरें दुनियाभर में प्रसारित हुईं। इसके बाद से मालदीव बौखला गया था और वहां से भारत विरोधी सुर फूटने लगे। वहां के नेताओं ने न सिर्फ भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का मजाक उड़ाया था, बल्कि भारत से अपने देश में तैनात सैनिकों को वापस बुलाने तक को कह दिया था। इसके लिए उसने 15 मार्च तक का समय दिया है। भारतीय सेना मालदीव से कब वापस आती है यह तो भविष्य में पता चलेगा, लेकिन उससे पहले भारत समुद्र में चौकसी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। मार्च माह की शुरुआत में सरकार लक्षद्वीप के मिनिकॉय आइलैंड पर नौसैनिक बेस बनाने जा रही है, साथ ही अगाती आइलैंड और कवरत्ती में भी एयरबेस बनेगा जिससे मालदीव और चीन की हरकतों पर नजर रखने में आसानी होगी। मिनिकॉय में बनने वाले आईएनएस जटायु नौसैनिक बेस से मालदीव की दूरी मात्र 524 किलोमीटर है। इतना ही नहीं भारत अगाती आइलैंड पर मौजूद एयरस्ट्रिप को अपग्रेड करने जा रहा है। ताकि उसका इस्तेमाल फाइटर जेट्स और भारी विमानों के संचालन के लिए किया जा सके। गौरतलब है कि लक्षद्वीप, मिनिकॉय द्वीप और अंडमान निकोबार द्वीप समूह की भौगोलिक स्थिति हिंद महासागर पर नजर रखने के लिए काफी अहम है। इस इलाके में चीन की बढ़ती गतिविधियों और समुद्री रास्तों को सुरक्षित करने के लिहाज से ये नौसैनिक अड्डा काफी अहम होगा।

लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप नौ डिग्री चैनल पर स्थित हैं, जहां से होकर दक्षिण-पूर्वी एशिया और उत्तरी एशिया के बीच अरबों रुपये का आयात-निर्यात होता है। इस अड्डे से व्यापारिक सुरक्षा भी बढ़ेगी। इसे ऐसे समझा जा सकता है यदि किसी जहाज को सुंदा और लोंबक की खाड़ी की तरफ जाना है तो उसे दस डिग्री चैनल यानी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास से गुजरना होगा। ऐसे में दोनों जगहों पर मजबूत सुरक्षा और निगरानी दस्ता होना चाहिए, जो जरूरत पड़ने पर दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दे सके। साथ ही आसपास के इलाके में शांति बनी रहे। लक्षद्वीप में नौसेना बेसकैंप बनने से सुरक्षा में बढ़ोतरी हो सकेगी। हाल ही में सरकार ने अंडमान और निकोबार आइलैंड के कैंपबेल खाड़ी में नई फैसिलिटी बनाई हैं। इस फैसिलिटी का इस्तेमाल सेना बखूबी कर रही है। पूर्व में अंडमान और पश्चिम में लक्षद्वीप पर मजबूत तैनाती से भारत की समुद्री सीमा सुरक्षित रहेगी। दोनों द्वीप समूहों पर पर्यटन भी बढ़ेगा और लोग यहां घूमते समय सुरक्षित महसूस करेंगे।

# कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है बड़े नेताओं का पलायन



सुशील दीक्षित विचित्र
शाहजहांपुर

अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई।

अपनी महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी भारत जोड़ पाए यह तो पता नहीं, लेकिन इस दौरान कांग्रेस छोड़कर जाने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। ऐसे हर नेता का एक ही आरोप है कि उनकी उपेक्षा की जा रही थी। पार्टी छोड़ने वालों में कई तो ऐसे नेता हैं जिनकी कांग्रेस में काम करते उमर बीत गई। वे पार्टी के आधार स्तंभों में तो रहे ही संकट के दौर में भी अपनी पूरी जिंदगी पार्टी को सजाने संवारने में लगा दी। आश्चर्यजनक यह है कि पायेदार नेताओं द्वारा एक के बाद एक कर पार्टी छोड़ने से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चिंतित होने की जगह जाने वालों की आलोचना कर रहा है। जबकि इसका पार्टी की साख पर गलत असर पड़ रहा है जिसका खामियाजा पहले भी पार्टी ने जनाधार का एक बड़ा हिस्सा खोकर भुगता है और लगता है वह आगे भी कोई सीख लेने को तैयार नहीं है।

अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई। मध्य प्रदेश में जब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस छोड़ी तब भी उनके प्रभाव को पार्टी ने नकार दिया था, लेकिन पिछले विधानसभा में सिंधिया का ऐसा असर पड़ा कि पार्टी चुनाव हार ही नहीं गई, बल्कि उसका जनाधार और अधिक सिमट गया। ऐसे नेताओं की लंबी सूची है जिन्होंने पार्टी छोड़ी और कांग्रेस को भारी क्षति हुई। इनमें से कई नेता तो ऐसे थे, जो राहुल गांधी के इतना करीबी थे कि राहुल की टीम का हिस्सा माने जाते थे।

राहुल गांधी प्रायः मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करते रहते हैं। दावा कितना सच है इस पर सबकी अपनी अपनी राय हो सकती हैं, लेकिन अभी तक जितने नेताओं ने पार्टी छोड़ी उन सबका एक ही आरोप था कि हाईकमान उनकी उपेक्षा करता है। अभी हाल में राम

पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है, जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है, जो लगातार बिखर रहा है।

मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समर्थन के आरोप में निकाले गए। पुराने कांग्रेसी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम का कहना है कि वे एक साल से राहुल गांधी से मिलने का समय मांग रहे थे। राजनीति के लिए अपनी पार्टी के नेताओं से मिलते रहना आवश्यक होता है। जरूरत तो कार्यकर्ता तक पहुंच बनाने की भी होती है। कभी 23 जी के नाम से मशहूर रहे कांग्रेस के पुराने नेताओं ने पार्टी को पत्र लिखकर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की सलाह दी थी। कांग्रेस की जैसी स्थिति है उन हालातों में यह सलाह बहुत माकूल थी। इसका सकारात्मक जबाब होना चाहिए था अलबत्ता ऐसा हुआ नहीं। इन नेताओं को भाजपा का एजेंट बताया गया और पत्र डस्टबिन में फेंक दिया गया। इसके बाद गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल ने कांग्रेस छोड़ दी। गुलाम नबी आजाद कश्मीर के बड़े नेता हैं। उनके पार्टी छोड़ने से कश्मीर में कांग्रेस कमजोर हुई।

पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है, जो लगातार बिखर रहा है।

जैसी कहानी महाराष्ट्र की है वह कमोबेश पूरे भारत की है। जब भारत जोड़ो यात्रा का पहला आयोजन समाप्त हुआ था, तब भी सवाल उठे थे कि जब पार्टी को एकजुट करने की जरूरत है तब पार्टी का आला कमान निरर्थक आयोजन में उलझा है। अब भी यही सवाल अपनी जगह अडिग खड़ा है कि जब पार्टी लगातार नेताओं और उन नेताओं से जुड़ा जनाधार खो रही है तब इसे सुलझाने से पहले यात्रा जैसे दीर्घ आयोजन का औचित्य क्या? यात्रा के साथ जुड़े न्याय शब्द को लेकर भी कटाक्ष किए जा रहे हैं कि पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ ही न्याय नहीं कर पा रही है तो वह किसी और को क्या न्याय देगी? जैसी कि खबरें आ रही हैं उनसे लगता है कि यदि पार्टी के नीतिनियंताओं ने अपनी रीति-नीति नहीं बदली तो पार्टी के लिए भारी संकट खड़ा हो सकता है। जिस आइएनडीआइए के दम पर कांग्रेस भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का दंभ कर रही है, उसका अभी तक कोई अता-पता नहीं। कई स्थानों पर घटक दलों और कई राज्यों में कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इससे और भी लगता है कि आइएनडीआइए बनना बहुत मुश्किल है।

कांग्रेस के नेताओं ने कहा भी है कि वे अपनी दम पर चुनाव लड़ सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो पार्टी को लोकसभा क्षेत्रों में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। किसी भी पार्टी की असल ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। कांग्रेस में इसी की भारी कमी है। रही सही कसर जमीन से जुड़े जो थोड़े बहुत नेता पार्टी में बचे भी थे, वे या तो पार्टी छोड़ रहे हैं या छोड़ने का मन बना रहे हैं।

राजनीतिक लड़ाई बिना सेना के जो भी लड़ने की कोशिश करेगा उसकी पराजय वक्त की बात होगी। अभी जब अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने बहुत दंभ से कहा कि पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया। यह दंभ इसलिए है कि पार्टी ने किसी को दिया है तो उसने भी तो पार्टी को बहुत कुछ दिया। उसे खड़ा रखने के लिए जड़ों को अपने खून पसीने से सींचा। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि पार्टी ममता बनर्जी की भविष्यवाणी सच सिद्ध नहीं होने देना चाहती तो उसे रोज हो रहे पार्टी के पतन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। भाजपा को टक्कर देने के लिए पार्टी में हुई दरारों को भरना होगा और इसमें तभी सफलता मिलेगी जब पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर कठिनाइयां दूर की जाए। अन्यथा यदि यही हालात रहे तो पार्टी का अस्तित्व बचाना असंभव की हद तक मुश्किल हो सकता है।

## प्रसंगवश

# क्या मंदिर की काट है किसान आंदोलन

सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है।

विगत काफी समय से अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मीडिया में सुर्खियां पाती रही है। लंबे समय तक ऐसी प्रतीति कराई गई जैसे देश दुनिया में अब और कोई बड़ी खबर है ही नहीं तथा देश की सारी समस्याएं इस धर्म आयोजन से ही हल हो गईं हैं। एक-एक छोटी मोटी चीज की ब्रेकिंग और हेडिंग लगाए गई। एक बड़ी अगरबत्ती के ट्रॉसपोर्टेशन तक ने सुर्खिथां लूटीं। शासन और प्रशासन ने जोर लगाकर देश दूसरी दिवाली मनवा दी तथा आम आदमी व नई पीढ़ी को यह आभास कराया गया कि राम अब आए हैं और मोदी द्वारा लाए गए हैं, पहले नहीं थे।

लोकसभा चुनाव सर पर हैं और शायद इन्हीं के लिए बढ़त हासिल करने हेतु ये टाइमिंग चुनी गई थी। अब राम के मुद्दे पर विपक्ष की गति सांप छछूंदर जैसी हो गई। खुला विरोध कर नहीं सकते और समर्थन में स्पष्ट राजनीतिक नुकसान! वोट उन्हें भी चाहिए। ऐसे में पुराने ठंडे पड़ चुके किसान आंदोलन को ही जागृत कर गुल-गपाड़ा मचाना इन लोगों ने श्रेयस्कर समझा, क्योंकि इससे एक बार उन्हें सफलता भी मिल चुकी है, जब केंद्र सरकार को घुटने टेकने पर विवश होना पड़ा था और तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था। गांव की कहावत है "जानों गुइयां फूस बराबर", यानी इस दांव से सत्तारूढ़ दल झुक जाएगा और मीडिया का रुख मंदिर से हटकर कथित किसान भीड़ और भारी जन असुविधा की ओर चला जाएगा। यही हुआ। तीर निशाने पर बैठ रहा है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यदि सरकारी सख्ती से यह भीड़ दिल्ली नहीं भी पहुंच पाएगी तो बाहर से दिल्ली घिरी रहेगी और सामान्य यातायात लंबे समय तक बाधित रहेगा। असामाजिक तत्व फायदा उठाएंगे ही और बुरी घटनाएं होंगी। सरकार की छवि धूमिल होगी तथा मंदिर प्रकरण से सत्ता पक्ष को मिले अंकों में घटोत्तरी होगी। विपक्ष को बढ़त हासिल होगी। वे रामभक्तों को वोट बैंक बनाने के जुगाड़ में थे, ये किसानों को। यद्यपि इन वर्गों के बीच कोई स्पष्ट विभाजक रेखा नहीं है। रामभक्तों में किसान भी हैं और किसानों में भक्त भी। दरअसल अतिशय चतुराई में कभी-कभी दांव उल्टा पड़ जाता है। या अपना ही अस्त्र बूमरेंग हो जाता है। कृषि कानूनों का वापस लिया जाना भी तुष्टीकरण ही था। यह कोई समाधान नहीं था। कानून गलत नहीं थे। फौरी इलाज कर दिया गया था और कहा गया था कि सभी मागें मान ली हैं। वे पूरी करना दुष्कर था और रहेगा।

इधर 'भारत रत्न' सम्मान एमएस स्वामीनाथन को देकर भाजपा ने तामिलनाडु में पैर पसारने की कोशिश तो की ही, देश के किसान संवर्ग का दिल जीतने का भी प्रयास किया गया। अब दिल का सौदा थोड़ा कठिन तो होता ही है। एक व्यक्ति को बड़ा सम्मान देकर करोड़ों वोट झोली में आने की सोचना बुद्धि परक नहीं कहा जा सकता।

सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है। सभी राजनीतिक दलों के लिए अभीष्ट तो यह है कि वोटों के लिए सस्ते हथकंडे न अपनाएं। ठोस जनसेवा में ही रुचि लें तो राष्ट्र और समाज का भला होगा।

# दोनों पक्षों की बातचीत से निकलेगा विकल्प



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

आंदोलित किसानों की आक्रोशित हरकतें और सुरक्षाकर्मियों का अपराधियों भांति बलपूर्वक जोर-जुल्म वाली तस्वीरें दिल को झकझोरती हैं। सोचने पर मजबूर करती हैं कि ये दृश्य आजाद भारत के हैं। क्योंकि ऐसे मूवमेंट अधिकांश अंग्रेजों को खदेड़ने के दौरान हमारे क्रांतकारी सुरक्षाकर्मी करते थे। प्रदर्शनकारी अन्नदाताओं को रोकने के लिए हजारों सुरक्षाकर्मियों ने जिस तरह से मोर्चा संभाला हुआ है।

सड़कों पर सीमेंट के बड़े-बड़े पत्थर, बैरिकेड, कंटीली तारें और नुकीले लोहे के मोटे-मोटे राड गाड़े हुए हैं, उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है। जैसे मानो पाकिस्तान या चीन से आतंकी बॉर्डर पार करके दिल्ली में दाखिल हो रहे हों और उन्हें रोकने के लिए देश की तमाम सुरक्षा एजेंसियों के हजारों जवान लगे हों? दुख होता है ये सब देखकर। वो भी ऐसे वक्त में जब हमारी तरक्की का डंका समूचे संसार में बजता हो? अर्थव्यवस्था में पांचवें पायदान पर पहुंचने वाले हों? प्रत्येक क्षेत्रों में देश अभूतपूर्व विकास कर रहा हो, विदेशी ताकतें हमारी शक्ति को देखकर नतमस्तक हो रही हों? इन सबके बावजूद देश का अन्नदाता आंसू गैस के गोले खाने पर मजबूर है? तो थोड़ा शक होता है।

मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिल्ली के बाहर से आने वाले गंभीर मरीज राजधानी के अस्पतालों में नहीं पहुंच पा रहे? क्योंकि दिल्ली में दाखिल होने वाले सभी मार्ग बंद हैं। मंगलवार को कई मरीजों ने उचित इलाज नहीं मिलने पर बॉर्डरों पर ही दम तोड़ दिया। ये ऐसी अमानवीय आपातकाल की स्थिति जिससे हमें बिना देर किए तौबा करना होगा। अन्नदाताओं पर आतंकियों जैसा जोर-जुल्म करने के बजाय, उनके साथ सार्वजनिक रूप से खुशनुमा माहौल में केंद्र सरकार के जिम्मेदार मंत्रियों को बात करनी चाहिए। आंदोलन की रूपरेखा से पूर्व केंद्र के दो मंत्री पीयूष गोयल और अर्जुन मुंडा ने किसान संगठनों से बात जरूर की थी, पर उनसे बात नहीं बनीं? बातचीत को बीच में छोड़ना नहीं चाहिए, क्योंकि प्रदर्शनकारी किसान चाहते हैं उनसे प्रधानमंत्री या गृहमंत्री स्तर का कोई व्यक्ति मंत्रणा करे। अगर प्रधानमंत्री विदेशी दौरे पर हैं, तो ऐसे में गृहमंत्री को मोर्चा संभालना चाहिए। ठीक उसी तरह जैसे मंगलवार को उन्होंने एनएसए चीफ और दिल्ली पुलिस आयुक्त से करीब तीन घंटे आंदोलन की स्थिति को लेकर मत्रणा की। ऐसा ही उन्हें प्रदर्शनकारी किसानों के लिए भी समय निकालना चाहिए, किसान निश्चित रूप से गृह मंत्री की बात मानेंगे।

13 फरवरी यानी मंगलवार को आंदोलित किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जब तनातनी बढ़ी तो दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों के हालात बेकाबू जैसे थे। किसान दिल्ली पहुंचने की जिद पर अड़े हैं। हालात इतने नाजुक हुए जिसे देखकर गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और दिल्ली पुलिस कमीश्नर संजय अरोड़ा को अपने कार्यालय में तलब किया। दोनों के साथ उन्होंने लंबी गुफ्तगू की। बातचीत खत्म हुई तो आंदोलित किसानों पर कड़ाई से पेश आने के निर्देश सुरक्षाकर्मियों को दिए गए। गृह मंत्रालय से मिले आदेश के बाद सुरक्षाकर्मियों ने शंभू बॉर्डर, टिगरी बॉर्डर व करनाल जीटी रोड पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर टूट ही पड़े? आंसू गैसे के गोले छोड़ने शुरू कर दिए। प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक खदेड़ा गया। जिद्दी किसान फिर भी नहीं माने? उसके बाद तो सुरक्षाकर्मियों के साथ किसानों की जमकर झपटें भी होती रहीं। दरअसल ऐसे आदेश गृह मंत्रालय को देने की आवश्यक कतई नहीं थी? अगर थोड़ा नरमाई दिखाकर एक बार उनसे उनकी बातें सुन लेते, तो हो सकता था कोई हल निकल आता। इससे हुकूमतों का अपनी जनता से बात करने में रूतबा कम नहीं होता, बल्कि प्रदर्शनकारियों की नजरों में और इज्जत बढ़ती है।

ऐसा हठधर्मी रवैया दोनों पक्षों नहीं अपनाना चाहिए, इससे नुकसान आमजनों का ही होता है। प्रदर्शनकारियों को मनाने के बजाय उन्हें अरेस्ट करके अस्थाई जेल में डालने की भी प्लानिंग गृह मंत्रालय ने कर ली है। इसके लिए दिल्ली के बवाना स्टेडियम को चुना है। किसान आंदोलन के बहाने विपक्षी पार्टियों ने भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश शुरू कर दी है। विपक्ष के नेताओं के बयानों के बाद तो किसान आंदोलन में राजनीति का और जबरदस्त तड़का लग गया, लेकिन हमारी सियासत का दुर्भाग्य यही है, समस्या का समाधान खोजने के बजाय सभी अपनी राजनीति चमकाने में मशगूल हैं।

## सोशल फोरम

# हरि के सामने हर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी चुनाव में विजय प्राप्त करने के लिए विपक्षी एकता तथा पीडीए को आधार बनाया है। ज्यों-ज्यों लोकसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, विपक्षी एकता का हसीन ख्वाब घ्वस्त होता नजर आ रहा है। नीतीश कुमार के बाद उत्तर प्रदेश में जयंत चौधरी का पाला बदलना, प्रदेश में विपक्षी एकता को बड़ा धक्का है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट बहुल क्षेत्रों में जयंत चौधरी का प्रभाव है और उनके साथ छोड़ने से पश्चिम में सपा और कमजोर हुई है। सपा तथा कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर खटास है। सपा कांग्रेस को मात्र 11 सीट देने की बात कहकर अपने प्रत्याशियों की घोषणा करती जा रही है, जबकि राहुल गांधी पदयात्रा में ही व्यस्त हैं और सपा से कांग्रेस के लिए अधिक सीट की अपेक्षा कर रहें हैं। सपा पिछड़ों, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) को अपना वोट बैंक बताकर 90 प्रतिशत मतदाताओं को साधने का सपना देख रही है। अभी उत्तर प्रदेश में राज्य सभा की तीन सीट पर अपने तीन प्रत्याशी- जया बच्चन, रामजीलाल सुमन तथा आलोक रंजन, का नामांकन कराया है जिसमें से मात्र सुमन दलित हैं शेष दोनों सवर्ण हैं। जया ने पांचवीं बार राज्य सभा का पर्चा भरा है व सुमन चार बार लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। आलोक रंजन अखिलेश यादव सरकार में मुख्य सचिव रह चुके हैं। गरीबों की चिंता करने वाली सपा ने किसी गरीब को प्रत्याशी बनाने की जहमत नहीं उठाई जब कि इस चुनाव में चुनाव प्रचार में एक भी पैसा खर्च नहीं होता और माननीय विधायक गण ही पार्टी के निर्देश पर मतदान करते हैं। सपा मुख्यालय लखनऊ में कल "शालिग्राम भगवान शिला" की पूजा की गई। इसे इटावा के लायन सफारी के पास बन रहे केदारेश्वर महादेव के मंदिर में स्थापित किया जाएगा। संभवतः अयोध्या के रामलला की टक्कर में महादेव जी को तैयार किया जा रहा है। त्रेतायुग में महादेव भक्त रावण ने राम से टकराने का साहस किया था, परिणाम से सभी परिचित हैं। कभी भाजपा ने मंडल की काट कमंडल से की थी। आज देव से दानव नहीं, हरि के सामने हर को अखाड़े में उतारने की तैयारी हो रही है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

-फेसबुक वॉस से

# पार्टी और समाज में आवश्यक है विमर्श

पिछले दिनों मैंने देश के प्रसिद्ध चुनावी विशेषज्ञ/रणनीतिकार प्रशांत किशोर को सुना। लगा यही बात तो मैं सोच रहा था, कई बार लिखा भी कि चुनाव में हार जीत पार्टी की नहीं होती, वोटर की होती है। जब वह अपने लिए, अपने बच्चों के लिए, अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए वोट नहीं करता वरन वोट करता है जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, पैसे के नाम पर, प्रचार के नाम पर, तो वह पराजित होता है, पार्टियां नहीं।

बिहार और यूपी देश में सबसे पिछड़े राज्य हैं। दक्षिण की तुलना में पूरा उत्तर भारत ही पिछड़ा है जहां चुनाव में जाति और धर्म सबसे प्रभावी मुद्दे हैं। हम अपनी कई पीढ़ियों का भविष्य खराब कर देते हैं और कभी तो देश को गुलाम बना देते है। आपसी कलह और अवैज्ञानिक सोच को मैं देश की गुलामी का प्रमुख कारण मानता हूं। प्रशांत किशोर आजकल पिछले करीब डेढ़ साल से बिहार की पद यात्रा कर रहे हैं। गांव-गांव जा रहे हैं और आगे अभी पूरा बिहार घूमने में उन्हें साल भर से ज्यादा का समय और लगेगा। वह दो काम कर रहे हैं, एक लोगों को जागृत कर रहे हैं और दूसरा एक ढांचा बना रहे है जिस पर वह आगे अपनी पार्टी खड़ी करेंगे। मैंने तमाम लोगों को स्व. कल्याण सिंह जैसे धुरंधर राजनेता को भी, अपनी पार्टी खड़ी करते देखा पर उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी, क्योंकि उनका संगठनात्मक ढांचा नहीं था। भाजपा की आजकल जीत के पीछे एक प्रमुख कारण उनकी पार्टी का ढांचा भी है और कांग्रेस की हार के पीछे ऐसे ढांचे का अभाव भी है। कांग्रेस ने खुद ही ढांचा ध्वस्त किया। गांधी की कांग्रेस में ज्यादातर अध्यक्ष एक वर्ष के लिए होते थे, अपवाद स्वरूप ही दूसरा वर्ष। वर्ष 1939 में दूसरे कार्यकाल के लिए जब सुभाष बाबू ने जिद की तो गांधी के कैंडिडेट से उनका चुनाव हुआ, वह जीते पर पार्टी चला नहीं पाए, उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। यहां तो सोनिया जी अध्यक्ष बनी तो छोड़ने का ही नाम नहीं लिया। कांग्रेस में पूरी की पूरी पीढ़ी खत्म हो गई, पर अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ। अरविंद केजरीवाल की भी दो कमजोरी समझ में आती हैं। एक तो संगठन का अभाव और दूसरा उनका अधिनायकवादी होना। अधिनायक जब तक सही सोचता है तब तक तो ठीक है, पर ऐसी पार्टी लंबी दौड़ नहीं जीत सकती। उन्होंने दिल्ली में दो सबसे महत्वपूर्ण विषय स्वास्थ और शिक्षा पर काफी ध्यान दिया तो वहां चुनाव जीत रहे हैं, पर पार्टी में विभिन्न तरह की विरोधी आवाजों के अभाव में आगे सही निर्णय लेने और प्रभावी संगठन न होने से उन्हें भविष्य में समस्या आनी निश्चित है। हर पार्टी में, हर समाज में खुले विमर्श आवश्यक हैं अन्यथा उसकी नीर-क्षीर विवेकी बुद्धि मर जाएगी और पार्टी/ समाज व्यक्ति-पूजक बनकर जड़ हो जाएगा।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

प्रशांत किशोर ने जिस तरह अमरेन्द्र सिंह की कांग्रेस को पंजाब में और जगन रेड्डी को आंध्र में और भारी बहुमत से जितवाया था, वह कमाल का मानता हूं मैं। अब उन्होंने किसी के सलाह देने, जितवाने के धंधे से अपने को उन्होंने अलग कर लिया है और आजकल बिहार में सुराज यात्रा कर रहे हैं, जन जागृति यात्रा कर रहे है। अभी उन्होंने पार्टी नहीं बनाई अभी संगठन बना रहे हैं, अभी लोगों को जाति, धर्म के बजाय अपने लिए, आने वाली पीढ़ी के लिए वोट करने हेतु उनको जागृति कर रहे हैं। उनका कहना है पार्टी भी लोग ही बनाएंगे। मैं समझता हूं कि वह सही राह पर हैं और उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। एक दिन वह जल्दी ही बिहार में राज करेंगे और उसके बाद हो सकता है वह देश को जगाए, कम से कम उत्तर भारत को जगाए।

# कुलकामधेनु : श्रीविद्या

अपने पिताजी के साथ मुझे यह सौभाग्य मिला कि मुझे देश के अनेक श्रीविद्या उपासकों के दर्शन प्राप्त हुए। मुजफ्फरनगर के पास गंगातट पर शुकताल नामक स्थान है। यहां शुकदेवजी ने परीक्षित को भागवत सुनाई थी। यहां दंडी वाला आश्रम है। सन् 1970 के आसपास यहां एक मेधावी, तपस्वी रहते थे, प्रभासभिक्षुजी। बड़े अनासक्त संन्यासी और विद्वान थे। स्वामी करपात्रीजी भी उनसे आदरपूर्वक शास्त्र-चर्चा करते थे। वे पूर्वाश्रम में प्रभासतीर्थ के पुरोहित थे। उनका मन तो उपासना में लग चुका था, किंतु चिंता थी कि गृहस्थ का काम कैसे चलेगा? उन्होंने एक प्रयोग किया, वे सात दिन तो उपासना में लगे रहते, एक दिन तीर्थ पर जाते, किंतु आश्चर्य यह होता कि उन्हें एक ही दिन में सात दिन के बराबर दक्षिणा मिल जाती। अब इन्होंने इस प्रयोग को पहले मासिक, फिर त्रैमासिक, फिर छह मास में एक दिन तीर्थ पर जाते, किंतु वहां इतना मिल जाता कि उससे गृहस्थ का काम चल जाता। उस समय का उनके द्वारा रचित एक पद्य है- याचे न कंचन न कंचन वंचयामि, सेवे न कंचन निरस्त समस्त दैन्यः। श्लक्ष्णं वसे मधुरमद्मि भजे वरस्त्रीं, देवी हृदिस्फुरति मे कुलकामधेनुः।। अर्थात् यह कैसा रहस्य है कि न तो मैं किसी से याचना करता हूं, न किसी को ठगता हूं और न ही किसी की सेवा करता हूं, किंतु मेरा दैन्य निरस्त हो चुका है। मेरे पास किसी वस्तु का अभाव ही नहीं है, पहनने को शोभायुक्त वस्त्र हैं। भोजन को सरस-मधुर व्यंजन हैं, अन्नपूर्णा जैसी पत्नी है निश्चित ही इसका रहस्य वह कुलकामधेनु भगवती ही हैं, जो मेरे हृदय में स्फुरण कर रही हैं। उनको दृढ़विश्वास हो चुका था कि मेरी चिंता व्यर्थ थी। गृहस्थ का पालन करने वाली तो जगदंबा है, उन्होंने घर छोड़ दिया। गंगा के आंचल में आ गए और उपासना में आनंदमग्न रहने लगे।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

## एक नजर

### तीन लोगों पर मारपीट का केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर पहाड़पुर श्रीरामपुर गांव के पीड़ित राजन गिरी के प्रार्थना पत्र पर गांव के ही रोहित, राज एवं पप्पू के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया है। आरोप है कि उक्त लोगों ने 5 दिसंबर की रात पीड़ित के दरवाजे पर जाकर डंडे से मारा पीटा था। जिससे उसे चोटें आईं थीं।

### दो भाइयों में मारपीट मुकदमा दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। पारिवारिक विवाद के चलते दो भाइयों में हुई मारपीट में एक भाई को काफी चोटे आई। बृहस्पतिवार को कोतवाली के मिठनेपुर गांव में दो भाइयों के बीच मारपीट हो गई। आरोप है कि एक भाई ने डंडे से दूसरे भाई को मारा पिटा एवं जान से मारने की धमकी दी। जिससे नींबू लाल को काफी चोटे आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस पुट्टीलाल के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### ताला तोड़कर हेल्थ वेलनेस सेंटर में चोरी, चल रही जांच

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार। बुधवार की रात हलियापुर स्थित हेल्थ वेलनेस सेंटर का ताला अज्ञात चोर तोड़कर सामान उठा लें गए। सुबह जब हेल्थ वेलनेस सेंटर की स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता सिंह पहुंची तो उन्हें ताला टूटा मिला। अन्दर जाकर देखा तो सेंटर में रखा फ्रिज, इनवर्टर, बैट्री चोर उठा ले गए थे। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि चोर चार पहिया वाहन से आए थे। हलियापुर थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंच कर जांचकी है। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# इस बार 15 दिन पहले शुरू होगी गेहूं खरीद

## 15 मार्च से 41 क्रय केंद्र हो जाएंगे क्रियाशील, खाका तैयार, न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपये की बढ़ोतरी

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। बीते वर्ष सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर खरीद न के बराबर हुई थी, जिसके चलते इस साल गेहूं खरीद के लिए अभी से ही महकमा तैयारी में जुट गया है। इस बार गेहूं खरीद में महकमा कितने गेहूं की खरीद कर पाता है। यह तो आने वाला समय ही बताएगा। फिलहाल तैयारी जोर शोर से चल रही है।

धान खरीद में खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से 87 क्रय केंद्रों से लक्ष्य का 90 प्रतिशत ही खरीद कर पाया है। बीते वर्ष गेहूं खरीद में महकमा काफी पीछे रह गया था। जिसके चलते इस बार एक अप्रैल के

> गेहूं खरीद की तैयारियां की जा रही हैं। इसके लिए क्रय केंद्रों का निर्धारण हो चुका है। किसान समय पर अपना पंजीयन करा लें।
>
> -संजय पांडेय, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी

बजाए महकमा 15 मार्च से ही गेहूं खरीद की शुरूआत कर देगा। बीते वर्ष सरकार द्वारा निर्धारित गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,125 रुपए प्रति क्विंटल था। इस बार न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपए प्रति क्विंटल इजाफा करते हुए 2,275 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है।

बताते चलें कि बीते वर्ष राजकीय गेहूं क्रय केन्द्रों से किसानों का मोह



गेहूं खरीद केंद्र की प्रतीकात्मक फोटो।

भंग हो गया था। बाजार भाव 2000 से लेकर 2100 रुपये प्रति क्विंटल था। वह भी व्यापारी किसान के घर से खरीद रहे थे। किसानों को न तो पंजीकरण और न एसडीएम से सत्यापन की जरूरत थी। जिसके चलते क्रय केंद्रों पर किसान नहीं पहुंचे थे। जबकि, राजकीय क्रय केंद्र पर गेहूं का समर्थन मूल्य 2,125 रुपये था। जो इस बार 150 रुपए बढ़ाते हुए 2275 रुपए किया गया है। 150 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाने से किसान अपनी गेहूं की फसल सरकारी क्रय केंद्रों पर देंगे या फिर साहूकार को। गेहूं खरीद में महकमा कितनी प्रगति करेगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

सर्वाधिक 23 केंद्र खाद्य निगम के जिले में गेहूं की खरीद के लिए खाद्य निगम के 23, पीएसीएफ के 14, एफसीआई के तीन व मंडी परिषद का एक क्रय केंद्र बनाया गया है। अभी तक गेहूं बेचने के लिए करीब चार सौ किसानों ने पंजीयन कराया है। गेहूं के न्यूनतम समर्थन में वृद्धि के चलते ज्यादा किसानों के पंजीयन की उम्मीद है।

# फौजी से पैसा लेने के बाद भी नहीं लिखा बैनामा

▸▸ पुलिस ने तीन पर दर्ज किया धोखाधड़ी का मुकदमा

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। पूर्व फौजी से रुपया एवं सोना चांदी लेने के बावजूद दुकान का बैनामा न लिखने पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध नाम जद मुकदमा दर्ज किया है। अखंड नगर थाने के सरैया मुबारकपुर गांव के पूर्व फौजी समरजीत पांडेय का आरोप है कि उन्होंने कादीपुर कस्बे के पुरानी बाजार में स्थित अग्रहरि ज्वेलर्स की दुकान खरीदने के लिए विवेकानंद मोहल्ले के रामकृष्ण, शिवमंगल एवं मातादीन को रुपए एवं सोना चांदी दिया था। जिसमें से मातादीन को एक लाख 47 हजार रुपये उनके बेटे शिवमंगल को 98 हजार तथा दूसरे बेटे स्व. रामकृष्ण के खाते में एक लाख 96 हजार रुपए दिया था। मातादीन को 200 ग्राम सोना एवं 5 किलो चांदी दी थी। उपरोक्त लोग न तो दुकान का बैनामा कर रहे हैं और न ही चांदी सोना एवं रुपया वापस कर रहे हैं। मांगने पर हीला हवाली कर रहे हैं। उक्त लोगों से 21 जनवरी को जब बैनामा लिखने के लिए कहा तो गाली देते हुए रुपए एवं सोना चांदी वापस करने की बात किए किंतु अभी तक वापस नहीं किये। पीड़ित समरजीत पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने तीनों लोगों के विरुद्ध के दर्ज कर लिया है।

# युवती को जहर देने के मामले में नौवें दिन केस

बल्दीराय, सुलतानपुर

**कार्रवाई**

▸▸ पति और सास-ससुर नामजद, दहेज उत्पीड़न व गुजारे का पहले से चल रहा केस

अमृत विचार। थाना हलियापुर के जरई कला गांव में एक विवाहिता का आरोप है कि ससुरालियों ने करीब नौ दिन पूर्व जहर दे दिया था। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां अस्पताल से लौटने के बाद पीड़िता ने थाने पर तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी पति और सास-ससुर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

पड़ोसी जिले अयोध्या के रौनाही थानाक्षेत्र के कुंदुरखा खुर्द निवासी स्व. कृष्णानंद सिंह की पुत्री शालिनी सिंह का विवाह 2018 में हलियापुर थाना क्षेत्र के जरई कला निवासी घनश्याम सिंह के पुत्र मुनिभद्र सिंह के साथ हुआ था। शादी के बाद से दोनों में अनबन हो गई। इसके बाद शालिनी मायके चली गई। शालिनी के एक तीन वर्षीय पुत्री यशस्वी है। पीड़िता ने पूर्व में दहेज उत्पीड़न व गुजारा भत्ता आदि का एक केस अयोध्या में दायर कर रखा है। इस बीच शालिनी को पता चला कि उसके पति मुनिभद्र उर्फ पंकज ने दूसरी शादी कर ली तो वह तीन फरवरी को जरईकला अपनी ससुराल पहुंची। ससुराल वालों ने उसको घर में घुसने नहीं दिया तो उसने पुलिस का सहारा लिया। थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा मौके पर पहुंची थी और उसको घर में रखवाकर कहा कि अपने मायके वालों को बुला लाओ। इसके बाद 6 फरवरी को वह अपने घर के सामने पड़ी थी और घनश्याम सिंह के घर में ताला लगा हुआ था। लोगों ने देखा तो उसने बताया कि हमें जहर देकर ससुराल वाले भाग गए हैं। तब गांव के शिवानंद सिंह उसको लेकर निकट के पिठला अस्पताल ले गए। वहां से उसे अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। अब अस्पताल से लौटने के बाद उसने थाने पर तहरीर दी। जिस पर पति, सास, ससुर पर केस दर्ज हुआ है। थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# डीएम ने बोर्ड परीक्षा को लेकर की बैठक

सुलतानपुर, अमृत विचार। जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की 22 फरवरी से होने वाली परीक्षा की तैयारी के लिए बैठक तीन बजे पं. रामनरेश त्रिपाठी सभागार में बैठक होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी, शांतिपूर्वक तथा सुचारू तरीके से कराए जाने के लिए सभी केन्द्र व्यवस्थापकों, समस्त जोनल मजिस्ट्रेटों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, सचल दलों एवं बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा से पूर्व तैयारी के संबंध में बैठक में शामिल होना अनिवार्य है।

# पूर्व विधायक के मामले में सुनवाई टली



**अदालत से**

▸▸ आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधयक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अभियोजन साक्षी के न आने के कारण गुरुवार को सुनवाई टल गयी। एमपी/एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने सुनवाई के लिए की 20 फरवरी की तारीख नियत की है। लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय व उनके दर्जन भर साथियों पर फरवरी 2022 में दो मुकदमे बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे वीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात थाने में आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में केस दर्ज कराया था।

### छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की जेल

विधि संवाददाता। अमेठी जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में चार साल पूर्व 16 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर अपमानित करने तथा हत्या की धमकी देने के दोषी अजय कुमार को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने गुरुवार को तीन साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर पांच हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने अर्थदण्ड की धनराशि का 50 फीसदी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है। एडीजीसी सीएल द्विवेदी के मुताबिक 17 अक्टूबर 2019 को खेत में काम करने गई किशोरी से आरोपी ने छेड़छाड़ किया तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की माता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेजा। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये तीन गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे का फैसला कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया।

# 45 लाख की सड़क का किया लोकार्पण

● नगर की सभी सड़कों का किया जाएगा डामरीकरण: चेयरमैन

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद की ओर से शहर की जर्जर सड़कों का पुनर्निमाण व रेस्टोरेशन हाटमिक्स प्लान्ट द्वारा डामरीकरण कराया जा रहा है। गुरुवार को राहुल चौराहा से डिहवा होते हुए आवास विकास कॉलोनी तक लगभग 450 मीटर लागत लगभग 45 लाख रुपये से बनायी गयी सड़क का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने किया।

पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर के सभी जर्जर मार्गों को इसी तरह डामरीकृत कराया जा रहा है। इसे व्यस्ततम मार्गों में एक होने के



सड़क का लोकार्पण करते पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल। अमृत विचार

दृष्टिगत वरीयता के आधार पर कराया गया है। जिसमें गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क पर रिफ्लेक्टर भी लगवाया गया है, जिससे रात्रिकालीन दुर्घटना से बचा जा सके। साथ ही इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष सहित उपस्थित सभी लोगों द्वारा पुलवामा हमले में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद सैनिकों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर देवानन्द, अरविन्द यादव, मुहम्मद अहमद सिद्दीकी, संतोष चौधरी, सुधीर तिवारी, आरिफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम समेत 53 के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

▸▸ कोर्ट में केस चलने के दौरान मकान व गृहस्थी जेसीबी से नष्ट करने का आरोप

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। दीवानी कोर्ट में मुकदमा जारी रहने के बावजूद मकान और गृहस्थी जेसीबी से नष्ट करने, मारपीट, धोखाधड़ी और षड्यंत्र के आरोप में मुसाफिरखाना की एसडीएम, तहसीलदार, सीओ, लेखपाल, एसओ समेत 53 पर मुकदमा दर्ज कराने की अर्जी दी गई है। एससी/एसटी कोर्ट के जज त्रिभुवन नाथ पासवान ने याचिका एडमिट कर थाने से रिपोर्ट तलब की है। मामले में अगली सुनवाई चार मार्च को होगी।

मुसाफिरखाना तहसील के बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के लखनीपुर निवासी कृष्ण प्रसाद ने विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल की है। आरोप है कि बीते साल 26 जून को आरोपियों ने पुलिसकर्मियों और पीडब्ल्यूडी कर्मियों की मौजूदगी में विपक्षियों से सांठगांठ कर जेसीबी से छप्पर, मकान और दीवार नष्ट कर दिया। परिवार वालों की पिटाई कर 11 लोगों का शांति भंग में चालान भी कर दिया। याचिका में धोखाधड़ी, मारपीट, आपराधिक षड्यंत्र, दलित उत्पीड़न और अन्य कई गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं।

# चोरी के सामान के साथ चोर गिरफ्तार

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार। थाना हलियापुर में आठ माह पूर्व हुई चोरी के मामले में पुलिस ने चोरी गए सामान के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। बीते 28 जून की रात हलियापुर थाना क्षेत्र के रामपुर बबुरान निवासी कमल यादव की चार नंबर चौराहे के निकट डोभियारा मोड़ पर स्थित इलेक्ट्रिक दुकान से पंखा, मोटर, बिजली का तार आदि काफी सामान चोरी हुए थे जिसमे रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इसी मामले में फरार चल रहा अमेठी जिले के मुसाफिर खाना कोतवाली के पूरे जबर मजरे नारा अड़नपुर निवासी अभियुक्त राम बहादुर निषाद को एक अदद तमंचे व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी हुआ इलेक्ट्रिक सामान बरामद किया है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दूसरा घायल

**हादसा**

▸▸ गाड़ी के टायर में हुए पंक्चर को बनाते समय हुई दुर्घटना

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार। गाड़ी के टायर का पंक्चर बनाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के मदनपुर गांव के निकट लखनऊ वाराणसी हाइवे पर पिकअप गाड़ी से अपने जानवर लेकर जा रहे रामसेवक यादव तथा मोहम्मद इरशाद की गाड़ी पंक्चर हो गई। गाड़ी खड़ी करके पंक्चर बना रहे थे। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से रामसेवक यादव पुत्र गंगाराम यादव (48) आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मोहम्मद इरशाद पुत्र मुन्ना (18) गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजी। कोतवाल शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि वाहन नंबर मिल गया है। जल्द मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# 12 लाख की लूट की घटना का पुलिस नहीं कर पा रही राजफाश

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। दिनदहाड़े हुई 12 लाख की लूट को पुलिस संदिग्ध मान चल रही थी। शोशल मिडिया व परिजनो के दबाव पर पुलिस ने लूट की घटना के दो दिन बाद अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। लूट के मामले का खुलासा तो दूर छानबीन में भी स्थानीय पुलिस पीछे है। वही लूट की घटना के खुलासे के लिए सीओ सिटी ने जल्द अनावरण की बात कही है। नगर कोतवाली के पल्टन बाजार निवासी मुनव्वर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि वह जानवरों की खरीद फरोख्त का कार्य करता था। बीते छ फरवरी को वह बादशाहपुर से 8लाख, प्रतापगढ से 4 लाख कुल 12लाख की नगदी लेकर दिन में 2 बजे पायगीपुर पुल के नीचे पहुंचा था। तभी सफेद

> लूट के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमे लगातार लगी हुई है, कुछ अहम सुराग मिले है जल्द ही वर्क आउट कर दिया जायेगा।
>
> -शिवम मिश्रा, सीओ सिटी सुलतानपुर

चार पहिया वाहन सवार तीन लोगो ने बस स्टेशन का रास्ता पूछा। इसी बीच एक व्यक्ति ने जबरदस्ती उसे गाड़ी में बैठा लखनऊ रोड की तरफ मारते पीटते चले गए। असरोगा टोल से पहले पैसा व मोबाइल छीन गाड़ी से उतार चले गए थे। सोशल मीडिया पर चली खबर पर पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच पड़ताल की बात कही थी। अखबारों में खबर प्रकाशित होने व परिजनों के दबाव पर नगर कोतवाली पुलिस अभी तक लूट का खुलासा नही कर सकी।

# अवैध असलहे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार। धम्मौर थाने में तैनात उपनिरीक्षक जमील अहमद हमराहियों के साथ बुधवार की रात क्षेत्र में मौजूद थे। तभी सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध असलहे के साथ संगीन अपराध के फिराक में है। सक्रियता दिखाते हुए पुलिस बताए हुए स्थल पर पहुंच गए। बाइक की रोशनी में एक व्यक्ति करमचंदपुर की तरफ से आता दिखा। पुलिस को देख पीछे लौटने लगा तो पुलिस वालों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की शिनाख्त रियासत पुत्र अलीबहद निवासी ग्राम हाजीपट्टी थाना धम्मौर के रुप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से पैन्ट की बांयी फेंट से एक अदद तमंचा 315 बोर पैन्ट की बांयी जेब से एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस लेकर उसे थाने आई जहां उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। गुरुवार को उसे न्यायालय भेजा गया जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

# हे शारदे मां, अज्ञानता से हमें तार दें मां...

● इंटर कॉलेज में परंपरागत तरीके से मनाया गया वसंत पंचमी का पर्व

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। निर्मला देवी इंटरमीडिएट कॉलेज खालिसपुर गोपालपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रमापति पांडेय कल्लू ने विद्यार्थियों को शिक्षा एवं संस्कार का पाठ पढ़ाया।

खालिसपुर गोपालपुर निर्मला देवी इंटरमीडिएट कॉलेज में बसंत पंचमी का पर्व मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर परंपरागत तरीके से मनाया गया। अध्यापकों व बच्चों ने विद्या दायिनी मां सरस्वती की स्तुति पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रमापति पांडेय



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। अमृत विचार

ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। श्री पांडेय ने कहा कि मां सरस्वती की कृपा रही तो यूपी बोर्ड की परीक्षा में क्षेत्र की बच्चियां टॉप टेन में रहेंगी। गांव, क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली छात्राओं को सम्मानित करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर दीपक सिंह, अच्छे यादव, राहुल पांडेय रमन, कमल पांडेय, चित्रसेन, अनिल शर्मा, विवेक मिश्रा, संतोष सिंह, अनिल सिंह, रामबदन पाल, हेमलता सिंह, निशा यादव आदि मौजूद रहे।

**विचार-विमर्श** ब्लॉक सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत कुड़वार की बैठक, विकास कार्यों पर की गई चर्चा

# एमएलसी के सवालों पर बगलें झांकने लगे अधिकारी

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। विकास कार्यों के लेखा जोखा सहित नए प्रस्तावों के संबंध में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एमएलसी के सवाल पर कुछ कर्मचारी बगल झांकते नजर आए।

गुरवार को कुड़वार ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख मनफूल सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए एमएलसी ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं को मनरेगा



कुड़वार ब्लाक में आयोजित बैठक को संबोधित करते एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह।

योजना के तहत श्रमिक के रूप में रोजगार देने की व्यवस्था है। इसकी जानकारी लेने पर कि कितने लोगों को रोजगार मिला। एपीओ दिवाकर विक्रम सिंह ने बताया कि विकास क्षेत्र में 32 हजार श्रमिकों का कार्ड बना है। जिसमें से 17 हजार सक्रिय है। इस वित्तीय वर्ष में 1628 का लक्ष्य मिला था, जिसमें से 428 को सौ दिन का काम दिया जा चुका है। अभी 50 दिन का कार्य शेष है। शिक्षा विभाग से बीईओ अरविंद बहादुर सिंह के द्वारा प्रतिनिधि भेजने पर एमएलसी ने कड़ी नाराजगी जाहिर किया। चिकित्सा क्षेत्र से अधीक्षक डा. वेदांत नारायण यादव ने जानकारी दी कि 17 हजार आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। सीएचसी पर माह में चार दिन गर्भवती महिलाओं का चेकअप होता है। मनरेगा के ठप पड़े कार्यों पर प्रधानों ने नाराजगी जताई। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास पर ब्लॉक से पात्रों का नाम सूची से गायब करने का मामला भी प्रधानों ने उठाया।

बीडीओ नीलिमा गुप्ता ने कहा कि विकास कार्यों के लिए अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का समन्वय जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में राज्य वित्त के खाते में 73 लाख का बजट मिला था, जिसमें से 88 हजार रुपए बचे हैं। वहीं, 15वें वित्त में लगभग 02 करोड़ के बजट में लगभग 26 लाख रुपए शेष है। शेष धनराशि से विकास कार्य कराने के लिए प्रस्ताव मांगे गए है। जल्द ही प्रस्ताव करके विकास कार्य कराया जायेगा।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य ममता यादव, राम शंकर यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप सिंह बब्लू, एडीओ पंचायत सतीश श्रीवास्तव, एडीओ समाज कल्याण मुदित श्रीवास्तव, आईएसबी सुभाष सिंह, पशु चिकित्सक राहुल गुप्ता, सीडीपीओ अजीत कुमार, एमके सिंह आदि मौजूद रहे।

# 14 ग्राम स्मैक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार। गुरुवार को धम्मौर थाने के उप निरिक्षक जमील अहमद खां हमराही सुशील शुक्ला, विक्रान्त व अंकेश के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। जैसे ही वह लोग रेवती का पुरवा नहर पुल से होते हुए भांटी गांव पहुंचे। तभी सामने से आ रहा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस वालों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। भागने का कारण पूछने पर उसने बताया कि साहब मेरे पास स्मैक है। पकड़े जाने के डर से भाग रहा था लेकिन आप लोगों ने पकड़ लिया।

पकड़े गए युवक की शिनाख्त इरफान 35 पुत्र जान मोहम्मद निवासी ग्राम हाजीपट्टी थाना धम्मौर के रुप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पैंट के दाहिने जेब से सफेद पालिथिन के अन्दर सफेद कागज के अन्दर भूरे रंग का पाउडर बरामद हुआ। पकड़े गये व्यक्ति से पूछने पर बताया कि साहब यह स्मैक है। बरामद स्मैक की तौल की गई तो वह 14 ग्राम निकली। पकड़ी गई स्मैक की कीमत क़रीब एक लाख बताई जा रही है। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

**परिशिष्ट-ख (आदेशिका)**

न्यायालय श्रीमान CJ(JD) दक्षिणी कक्ष संख्या 24 महोदय सुल्तानपुर
स0वा0 संख्या- 1601/2023 सन्
ता0पेशी-24/2/24
वादी - प्रभाकर शुक्ला
बनाम
श्रीमती सावित्री देवी आदि

(1) श्रीमती साबित्री देवी उम्र लग0 65 साल पत्नी राधेश्याम शुक्ला, (2) श्रीमती कुसुम उम्र लग0 45 साल पत्नी रमेश कुमार शुक्ला। 3. राधे श्याम शुक्ला उम्र लग0 69 साल सुत राम लखन शुक्ला। (4) रमेश कुमार शुक्ला उम्र 45 साल सुत राम लखन शुक्ला साकिन मो0-जूठीपुर, मजरे पा0 खौली परगना-अमेठी, तह0 गौरीगंज, जिला-अमेठी, (5) श्रीमती चन्द्रावती उम्र लग0 73 साल धर्मपत्नी रामशंकर त्रिपाठी, साकिन मौजा-महिमापुर, परगना-अमेठी, तहसील-गौरीगंज, जिला-अमेठी,(6). श्रीमती पुष्पा देवी उम्र लग0- 65 साल धर्मपत्नी कृष्ण चन्द्र त्रिपाठी साकिन - गौरीगंज, परगना-अमेठी, तह0-गौरीगंज, जिला-अमेठी
(7) श्रीमती मनोरमा उम्र लग0 50 साल धर्मपत्नी स्व0 विश्वनाथ साकिन मौजा-दुर्जगढ़, पर0- अमेठी तह0 गौरीगंज, जिला-अमेठी

प्रकृति.......... नाम...........वर्णन .......... स्थान....... ने आपत्ति विरूद्ध........ के लिए वाद प्रस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख...... को दिन में....... बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन दिया जाता है। न्यायालय में स्वयं किसी ब्लैंडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे अनुदेश दिये गये हों जो विवाद सम्बन्धित वरदान प्रश्नों का उत्तर दे सकता है ऐसे व्यक्ति जो सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें न्यायालय में आपको उपसंजात के लिए जो दिन तय किया है इस बाद के अन्तिम निपटारे के लिए तैयार चाहिए जिस पर अपनी प्रतिज्ञा के लिए निर्भर चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है यदि ऊपर बढ़ाई गई तारीख को न्यायालय उपसंजात नये होगें जो वाद की सुनवाई और निपटारा अपना अनुपस्थित में किया जायेगा।
यह आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की बद्र लगाकर दिया है।

आज्ञा से
न्यायालय

# 22 केंद्रों पर 11,688 अभ्यर्थी देंगे पुलिस भर्ती परीक्षा

**तैयारी**

**सीसीटीवी से होगी केंद्रों की निगरानी, जोन-सेक्टर के साथ 4 सचल दस्ते करेंगे निरीक्षण**

सिद्धार्थनगर कार्यालय

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा 17 व 18 फरवरी को जिले के 22 परीक्षा केंद्रों पर होगी। सीसीटीवी से लैस केंद्रों पर परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा में जोन, सेक्टर के साथ ही चार सचल दस्ते भी निरीक्षण करेंगे। साथ ही खुफिया विंग और एसटीएफ भी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखेगी। परीक्षा को लेकर अन्य तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। परीक्षा में 11,688 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

यूपी पुलिस के आरक्षी के पद के लिए लिखित परीक्षा 17 व 18 फरवरी को होगी। ऑफलाइन होने वाली परीक्षा के लिए जिले में 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा नकलविहीन और सकुशल संपन्न कराने के लिए शासन व प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सीसीटीवी की निगरानी में आयोजित होने वाली परीक्षा में कड़ी चौकसी रहेगी। हर स्तर पर मजिस्ट्रेट और सचल दस्ते गठित किए गए हैं जो परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर खुफिया विंग अलर्ट है। इसके अलावा एसटीएफ भी परीक्षा पर नजर रखेगी। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सख्त रहेगी। यहां अभ्यर्थियों के अलावा कोई आने-जाने नहीं पाएगा। आसपास की फोटो कॉपी की दुकानें बंद रहेंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए सभी 22 केंद्र सीसीटीवी से लैस हैं। नकलविहीन और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 व द्वितीय की दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी।

**ये बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र**

सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बांसी, न्यू पब्लिक इंटर कॉलेज बांसी, सिद्धार्थ आश्रम बर्डपुर, बुद्ध विद्यापीठ मंदिर प्रशिक्षण बर्डपुर, बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कॉलेज तेतरी बाजार, सिंहेश्वरी इंटर कॉलेज तेतरी बाजार, बाल शिक्षा सदन कन्या इंटर कॉलेज तेतरी बाजार, सेंट जेवियर्स हाईस्कूल सेंट फंसिस नगर तेतरी बाजार, गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल परसा मदवरिया, मूरती देवी स्मारक महाविद्यालय पकड़ी, बाबा हरिदास इंटर कॉलेज उसका बाजार, माता प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज इटवा, यशोदा देवी कन्या इंटर कॉलेज, अल फारूख इंटर कॉलेज, अमीना इटवा, पीपुल्स इंटर कॉलेज डुमरियागंज, शिवपति पीजी कॉलेज शोहरतगढ़, सेठ राम कुमार खेतान बालिका इंटर कॉलेज शोहरतगढ़, शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़, डॉ. दशरथ चौधरी नेशनल पालीटेक्निक बांसी, रतनसेन डिग्री कॉलेज बांसी, रतनसेन इंटर कॉलेज बांसी, तिलक इंटर कॉलेज बांसी।

## स्वरोजगार अपनाएं युवा स्थिति होगी मजबूत: ध्रुव

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** रोजगार एक जटिल समस्या बनी हुई है। पढ़े- लिखे अधिकांश युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। इस समस्या से निपटने के लिए युवा स्वरोजगार अपनाए। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यह बातें कस्बे के सुबास नगर वार्ड में एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान के उद्घाटन अवसर पर शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार बेरोजगारी से निपटने का मजबूत और सुलभ साधन है। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ ही समाजसेवा का अवसर भी मिलता है। इस दौरान पूर्व चेयरमैन हेमंत कुमार जायसवाल, अभिषेक त्रिपाठी, शिव जायसवाल, मनोज गुप्ता, देवेंद्र श्रीवास्तव, राम कृपाल पटवा, विपिन पटवा, वीरेंद्र पांडेय आदि रहे।

# आपात स्थिति में मददगार बनेंगी स्वास्थ्य समितियां

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** आपात स्थिति में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं को लाभ मिल सके और संक्रामक बीमारी की रिपोर्टिंग हो सके, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने गांव स्तर पर तंत्र को मजबूत बनाने की कवायद शुरू की है। हर गांव में स्वास्थ्य समिति होगी। इसमें आशा, आंगनबाड़ी के साथ ही विकास विभाग के लोग शामिल होंगे। मुख्यालय स्तर पर प्रशिक्षण का कार्य शुरू हो गया है। जिले की 1,136 ग्राम पंचायतों में टीमें तैयार की जाएंगी।

इसके लिए आशा वर्कर, आंगनबाड़ी के साथ विकास विभागकर्मियों व गांव के पढ़े-लिखे लोगों को मिलाकर गांव स्तर पर स्वास्थ्य टीम तैयार करने की कवायद शुरू हुई है। पहले चरण में जिलास्तर पर नोडल प्रशिक्षित किए जा रहे हैं। फिर यह लोग ब्लॉक व गांवस्तर पर काम करने वाली टीम को प्रशिक्षित करेंगे। सीएमओ डॉ. डीके चौधरी ने बताया कि गांव स्तर पर स्वास्थ्य समितियों का गठन किया जाएगा जिससे आपात स्थिति में दवा व उपचार में सहूलियत मिले।

**एक नजर**

## आज पुरस्कृत किए जाएंगे 57 रेलवेकर्मी

**गोरखपुर, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे के 68वें रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार वितरण 16 फरवरी को अपराह्न 3:00 बजे रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में किया जाएगा। महाप्रबंधक सौम्या माथुर वर्ष-2022-23 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 57 रेलकर्मियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित करेंगी। पूर्वोत्तर रेलवे के बदलाव पर आधारित पुस्तक 'छोटी लाइन' का विमोचन महाप्रबंधक करेंगी। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## 7 दोषियों को 7-7 साल के कठोर कारावास की सजा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** जिला मानिटरिंग सेल व थाना इटवा पुलिस की प्रभावी पैरवी से हत्या के प्रयास के 7 दोषियों को 7-7 वर्ष के कठोर कारावास व 14-14 हजार के अर्थदंड से दंडित कराया गया है। न्यायाधीश हिमांशु दयाल श्रीवास्तव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी ने लालमन, दृगपाल पुत्र जेजे राम, रामप्रकाश, रामफेर, राजा, मनीष, रामबिहारी पुत्र लालमन निवासी बयारी थाना इटवा को सजा सुनाई।

## ओबरा डैम स्टेशन पर रुकेगी सिंगरौली एक्सप्रेस

**गोरखपुर, अमृत विचार :** 15073/15074 सिंगरौली-टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस का पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल अंतर्गत ओबरा डैम स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर 2 मिनट का ठहराव किया गया है। सिंगरौली से 17 फरवरी से चलने वाली 15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस ओबरा डैम स्टेशन पर 17.30 बजे पहुंचकर 17.32 बजे प्रस्थान करेगी। टनकपुर से 19 फरवरी से चलने वाली 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस ओबरा डैम स्टेशन पर 6.16 बजे पहुंचकर 6.18 बजे प्रस्थान करेगी। ये जानकारी मुख्य जन संपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# आवंटित लक्ष्य कम मिलने पर डीएम ने जताई नाराजगी

## समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

सिद्धार्थनगर कार्यालय

**अमृत विचार :** डीएलआरसी व डीसीसी बैंकिंग कार्यों की समीक्षा बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाधिकारी ने पिछली बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा की।

डीएम ने वार्षिक ऋण योजना अंतर्गत आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए लीड बैंक अधिकारी व सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि वार्षिक आवंटित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करें। पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के लोन व ग्रामीण आजीविका मिशन के सीसीएल के प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किए जाएं। किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण भी शीघ्र स्वीकृत किए जाएं। किसी भी योजना के पात्र लाभार्थी को अनावश्यक परेशान न किया जाए। फसलों की क्षतिपूर्ति का भुगतान किसानों को शीघ्र कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सीडी रेशियो बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज, लीड बैंक अधिकारी आरके सिन्हा, जिला कृषि अधिकारी मो. मुजम्मिल, जिला उद्यान अधिकारी नन्हेलाल वर्मा, मुख्य प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, शाखा प्रबंधक नौगढ़, सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी व मौजूद मुख्य विकास अधिकारी।

## बच्चों को उपलब्ध कराएं बेहतर शिक्षण सुविधाएं: डीएम

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह भ्रमणशील रहकर नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें। विद्यालयों में स्मार्ट क्लास व अन्य माध्यमों से बच्चों को बेहतर शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने परिवार सर्वेक्षण में विकास खंड खेसरहा एवं नौगढ़ की प्रगति कम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी को प्रगति ठीक करने का निर्देश दिया। जिन विद्यालयों में शौचालय नहीं बने, वहां शौचालय निर्माण समय से पूर्ण कराने को कहा। विद्यालयों में पढ़ रहे जिन छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड नहीं बने हैं, उनका बीआरसी पर आधार कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। सभी स्कूलों में बेंच, पेयजल, बाउंड्रीवॉल आदि पूर्ण होना चाहिए। यू-डायस पोर्टल पर 100 फीसदी फीडिंग पूर्ण कराएं। आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हांकन करा स्कूल भेजने का निर्देश दिया। बैठक में जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डॉ. संजय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिाकरी देवेंद्र कुमार पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, सभी खंडशिक्षा अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

**चोरी का खुलासा न होने से ग्रामीणों में दहशत**

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** चोरी की ताबड़तोड़ वारदात से उसका बाजार क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। थाना क्षेत्र के शेषपुर और पठानपुर मोड़ पर 7 दुकानों व मकानों में हुई चोरी के खुलासे में पुलिस के हाथ 72 घंटे बाद भी अब तक खाली हैं। पीड़ित परेशान हैं। हालांकि, पुलिस घटना का जल्द पर्दाफाश करने के दावे कर रही है। बता दें कि क्षेत्र के बृजमनगंज रोड स्थित शेषपुर और पठानपुर मोड़ पर सोमवार रात चोर एक साथ 7 दुकानों को निशाना बनाकर जेवरात और नकदी ले गए थे। इस वारदात में पीड़ित पूनम का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। उसे उम्मीद है कि पुलिस उसके जेवर व नकदी समेत चोरों को पकड़ने में सफल होगी लेकिन वारदात के 72 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। चोर पकड़ने की बात तो दूर, अभी तक सुराग भी नहीं लगा सकी है। एसओ उसका रोहित उपाध्याय ने बताया कि चोरों को पकड़ने के लिए टीम लगी हुई है।

# फर्जी विधायक बनकर रौब गांठते 4 गिरफ्तार

**कसा शिकंजा**

**पूर्व विधायक का बेटा भी पकड़ा गया, टोल टैक्स बचाने व वसूली के लिए करते थे फर्जीवाड़ा**

संवाददाता, गोरखपुर



एसएसपी गौरव ग्रोवर।



चेकिंग के दौरान पकड़े गए वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिस ने विधानसभा सचिवालय का फर्जी पास और विधायक लिखी गाड़ियां लेकर भौकाल टाइट करने वाले 4 लोगों को वाहन सहित गिरफ्तार किया है। ये चारों फर्जी पास और गाड़ियों पर विधायक लिखवाकर धौंस जमाने के साथ जालसाजी भी कर रहे थे। सभी गाड़ियों को सीज कर गिरफ्तार किए गए युवकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए लोगों में पूर्व विधायक जीएम सिंह का बेटा भी है।

मामला गोरखपुर के रामगढ़ ताल, कैंट थाना क्षेत्र का है जहां पुलिस के चेकिंग अभियान के तहत मामला उजागर हुआ। बुधवार रात विधायक लिखी चार गाड़ियों को पुलिस ने जांच के दौरान रोका तो उसमें सवार युवकों ने रौब जमाते हुए भौकाल टाइट करने की कोशिश की। किसी ने खुद को विधायक का बेटा तो किसी ने चाचा के विधायक होने की बात कही। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो उनका रुआब कम हुआ और पता चला कि न तो किसी के चाचा विधायक है, न वर्तमान में किसी के पिता। ये सब गाड़ियों पर विधायक या पूर्व विधायक, सांसद लिखवाकर भौकाल टाइट करते हैं। इन लोगों ने विधायक, विधानसभा सचिवालय का फर्जी पास तक बनवा रखा है। इसके सहारे ये लोग भौकाल जमाते हुए टोल टैक्स बचाने के लिए ऐसा करते थे। इसके साथ ही अधिकारियों पर प्रभाव जमा कर वसूली भी करते थे। पकड़े गए आरोपियों में से एक सहजनवा के पूर्व विधायक देवनारायण सिंह उर्फ जीएम सिंह का बेटा भी है। जीएम सिंह बसपा सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं और वर्तमान में बीजेपी में हैं। पुलिस ने सभी गाड़ियां सीज कर दी हैं। एसएसपी गौरव ग्रोवर ने बताया कि स्कॉर्पियो पर सहजनवा के पूर्व विधायक देवनारायण सिंह के पास का गलत इस्तेमाल पाया गया। पूर्व विधायक के बेटे नवनीत सिंह और कार लेकर घूमने आए पीपीगंज के रविंद्र कुमार व विशाल यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी ने बताया कि फर्जी पास कैसे बने, इसकी भी छानबीन की जा रही है।

# इंस्पायर अवॉर्ड योजना के लिए 12 छात्रों का चयन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे विज्ञान में नवप्रवर्तन कार्यक्रम इंस्पायर अवॉर्ड योजना में जनपद के 12 छात्रों का चयन हुआ है। बस्ती मंडल के तीनों जिलों में सर्वाधिक बच्चों का चयन जिले से हुआ है। इनके बनाए विज्ञान प्रोजेक्ट अगले चरण की प्रतियोगिता में शामिल किए जाएंगे। छात्रों को विज्ञान प्रोजेक्ट बनाने के लिए शासन की ओर से 10-10 हजार रुपये की धनराशि भी दी जाएगी।

जनपद के विभिन्न माध्यमिक, राजकीय, पूर्व माध्यमिक, जवाहर नवोदय विद्यालय व सीबीएससी बोर्ड के विभिन्न विद्यालयों में अभियान चलाकर शिक्षकों ने छात्रों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था। जिले से 500 छात्रों का पंजीकरण कराया गया जिसमें से 12 का चयन हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इंस्पायर अवॉर्ड मानक के जिला नोडल डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि 12 छात्रों में बस्ती मंडल के तीनों जिलों में सर्वाधिक बच्चों का चयन इस जनपद से हुआ है। बस्ती से 10 और संतकबीरनगर से 9 बच्चों का चयन हुआ है।

**सार-संक्षेप**

## सरस्वती ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक भाजपा में शामिल

**गोरखपुर, अमृत विचार :** पिपरौली ब्लॉक के दो बार प्रमुख प्रतिनिधि रहे सरस्वती ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक संजय दूबे गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। पार्टी के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह और सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल ने सहजनवा में आयोजित विधानसभा मिलन सम्मेलन में उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। संजय दूबे 90 के दशक से पंचायत प्रतिनिधित्व से जुड़े हुए हैं। अपनी पंचायती पकड़ के दम पर उन्होंने वर्ष 2005 में अपनी माता और वर्ष 2010 में अपनी अनुज वधु को पिपरौली ब्लॉक प्रमुख के रूप में जीत दिलाई। इन दोनों के प्रमुख रहते वह लगातार 10 साल तक उनके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते रहे। वर्तमान में उनकी पत्नी ग्राम प्रधान हैं। भाजपा में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि उनकी राजनीति की शुरुआत ही 1991 में भाजपा के सक्रिय सदस्य के रूप में हुई थी और एक बार फिर वह अपनी मातृ संस्था में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास और पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान को लेकर वह पार्टी की नीतियों, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यों से प्रभावित हैं और एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में वह अपनी सामाजिक व राजनीतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।



समारोह में मौजूद सरस्वती ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक, भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक।

## प्रमोशन का कैलेंडर जारी करने की उठाई मांग



आम सभा में मौजूद पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

**गोरखपुर, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे यांत्रिक कारखाना परिसर में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ ने पुरानी पेंशन योजना बहाली व कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर एक आम सभा का आयोजन किया। संचालन अध्यक्ष डीके तिवारी ने किया। सभा में बोलते हुए महामंत्री विनोद राय ने संघ की उपलब्धियां व कर्मचारी हित में कराए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी और पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारियों से एकजुट रहने का आह्वान किया। कारखाना प्रशासन से मांग की कि प्रमोशन का कैलेंडर शीघ्र जारी किया जाए। जो प्रमोशन लंबित हैं, उन्हें कर एचआरएमएस पर अपडेट किया जाए। उन्होंने कारखाने के स्वास्थ्य इकाई में स्पेशलिस्ट डॉक्टर नर्स व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। सभा को एक सिंह, रामकृपाल शर्मा, मनोज द्विवेदी, देवेंद्र प्रताप यादव व संयुक्त मंत्री दीपक चौधरी ने भी संबोधित किया। इस दौरान कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, अजय त्रिपाठी, सतीश श्रीवास्तव, बृजपाल सिंह, राजेश चंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।

## बच्चों ने बनाए एक से बढ़कर एक मॉडल



मॉडल का अवलोकन करते अधिकारी। अमृत विचार

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** स्माइल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के कई विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इसमें पीएम श्री विद्यालय परसा खुर्द, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चुरिहारी, कस्तूरबा बालिका विद्यालय उसका बाजार के बच्चों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के बच्चों ने साइंस मॉडल व चार्ट प्रस्तुत किए जिनका अवलोकन अधिकारियों और एसडीएम न्यायिक ने किया। इस दौरान अमित मणि त्रिपाठी, हरकेश दुबे, शैलेंद्र राय आदि मौजूद रहे।

# आईटीएमएस कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**गोरखपुर, अमृत विचार :** नगर निगम कैंपस में स्थापित शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक नियंत्रण के लिए आईटीएमएस प्रणाली के कंट्रोल रूम का सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी अंशिका वर्मा, प्रशिक्षु सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने गुरुवार को निरीक्षण किया।

शहर की बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था संचालित करने के लिए आईटीएमएस कंट्रोल रूम से लगाए गए कैमरों के जरिए प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा बराबर निगरानी की जाती है। शहर के 14 चौराहों पर कैमरे लगाए गए हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि आईटीएमएस में उच्च क्वालिटी के कैमरे चौराहे पर लगाए जाएंगे जो 300 मीटर की दूरी तक के वाहनों को जूम कर आसानी से देखकर पढ़ा जा सकेगा। ये कैमरे बेहद नजदीक से इंसान के चेहरे को फोकस करते हैं। स्टोरेज व्यवस्था सिर्फ एक माह तक रहेगी। बताया कि शासन से अनुमति मिलने के बाद कैमरे उच्च क्वालिटी के लगाए जाएंगे। निर्देश दिए कि शहर में अडॉप्टिव ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम के साफ्टवेयर का भी उपयोग किया जाएं। अगर इसके उपयोग के बाद साफ्टवेयर में कोई समस्या आती है तो उसे तत्काल ठीक किया जा सकेगा। इससे अपराधियों पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी।

# लॉजिस्टिक में बीबीए कराएगा गोरखनाथ विश्वविद्यालय

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** स्किल इंडिया मिशन के तहत महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में सत्र 2024-25 से लॉजिस्टिक के क्षेत्र में बीबीए (ऑनर्स) का पाठ्यक्रम शुरू होगा। लॉजिस्टिक अप्रेंटिशशिप प्रोग्राम के तहत इस कोर्स को शुरू करने के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने लॉजिस्टिक सेक्टर स्किल काउंसिल से समझौता करार (एमओयू) किया है।

गुरुवार को लॉजिस्टिक सेक्टर स्किल काउंसिल के प्रो. एस. गणेशन, प्रो. गायत्री. एच, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, प्रशासनिक अधिष्ठाता प्रो.राजेंद्र भारती, अधिष्ठाता प्रो .सुनील कुमार सिंह, अधिष्ठाता कृषि डॉ. विमल कुमार दुबे और परीक्षा नियंत्रक अमित सिंह की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर कर इसका आदान-प्रदान किया गया। करार के बाद लॉजिस्टिक सेक्टर स्किल काउंसिल के विशेषज्ञों ने बीबीए लॉजिस्टिक कोर्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यूजीसी के मानकों पर आधारित स्किल्ड बेस्ड पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। सरकार के स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत युवाओं को स्किल्ड बनाने के लिए बीबीए लॉजिस्टिक पाठ्यक्रम से युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इस पाठ्यक्रम की खासियत बताते हुए प्रो. एस. गणेशन ने कहा कि हर्ष का विषय है कि लॉजिस्टिक सेक्टर स्किल काउंसिल, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए रोजगार गारंटी योजना के लिए अनुबंध कर रहा है। इससे युवाओं को पढ़ाई के दौरान स्किल ट्रेनिंग के साथ शत-प्रतिशत रोजगार के प्रति संकल्पित किया जाएगा। युवाओं को पढ़ाई के दौरान ही 'सीखते हुए कमाएं' यानी (अर्निंग बाई लर्निंग) की तरफ अग्रसर किया जाएगा। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने लॉजिस्टिक सेक्टर स्किल के साथ हुए समझौता पत्र पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय कृत संकल्पित है। शिक्षा के साथ उन्हे रोजगार के प्रति उन्मुख करने के लिए लॉजिस्टिक सेक्टर स्किल से आज करार किया गया है।



एमओयू साइन करने के दौरान मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

**आयोजन** 10 करोड़ से अधिक निवेश करने वाले 12 उद्यमियों को लखनऊ में मिलेगा सम्मान

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 108 उद्यमी होंगे सम्मानित

सुनील मिश्रा, सिद्धार्थनगर

**555.39** करोड़ का होगा जिले में निवेश

**38,00** युवाओं को मिलेगा रोजगार

**अमृत विचार :** जिले में उद्योग लगाने वाले 108 उद्यमियों का ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन 19 फरवरी को लोहिया कला भवन में किया जाएगा। इसे लेकर उद्योग विभाग तैयारियों में जुटा है। जिले के 108 उद्यमी 555.39 करोड़ निवेश कर 3800 लोगों को रोजगार देंगे। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उद्यमी इस आयोजन को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

प्रदेश सरकार की ओर से उद्योगों को गति देने के लिए उद्योगपतियों की मदद की जा रही है। इसका उद्देश्य यह भी है कि उद्यमी उद्योग लगाएं और युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिल सके। 108 उद्यमी निवेश कर चुके हैं। इसमें से 96 को जिला मुख्यालय पर आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में सम्मानित किया जाएगा जबकि 10 करोड़ से अधिक निवेश करने वाले 12 उद्यमियों को लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में सम्मानित करने के लिए बुलाया गया है। उपायुक्त उद्योग दयाशंकर सरोज ने बताया कि पिछले वर्ष नवंबर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का सफल आयोजन हुआ था। इसमें जिले के 236 उद्यमियों ने ऑनलाइन एमओयू कर 897.69 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए आवेदन किया है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी मुख्यालय स्थित लोहिया कला भवन में होगा। इसमें जिले में 10 करोड़ से कम का उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। कार्यक्रम में उद्यमी, निवेशक संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। लखनऊ में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लाइव प्रसारण होगा। इससे जिले में बैठे उद्यमी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सीधे देख सकेंगे।




## सीबीसी प्लांट लगाने की कवायद शुरू

जिले में एक प्राइवेट कंपनी सीबीजी प्लांट लगाने के लिए कवायद शुरू कर दी है जिसके लिए कंपनी 150 करोड़ का निवेश करेगी। अभिषेक मतिमान ने बताया कि सीबीजी प्लांट लगाने से किसानों को पराली जलाने से छुटकारा मिलेगा। कंपनी प्रतिवर्ष 65 हजार टन पराली खरीदेगी जिससे बायो गैस कंप्रेस होगा। एलपीजी से चलने वाली गाड़ियों के लिए गैस उपलब्ध होगी। सीबीजी प्लांट के लगने से किसानों को कम दाम में उर्वरक भी उपलब्ध होगी जिसे वह अपने फसल में डालकर अच्छी पैदावार कर सकते हैं। सीबीजी प्लांट पूरी तरह से हाइटेक होने से इसमें 10 से 12 लोगों को रोजगार मिलेगा लेकिन प्लांट लगने के बाद पराली को 5 किमी के अंतराल में स्टोर बनाया जाएगा जिसे चलाने के लिए हजारों लोगों को रोजगार मिलने के आसार हैं।

## ट्रेन में मिले बच्चों को परिजनों के सुपुर्द किया

**गोरखपुर, अमृत विचार :** गाड़ी संख्या 15083 में टिकट निरीक्षक को 11 व 12 साल के दो बच्चे लावारिस हालत में मिले। इन्हें रेलवे सुरक्षा बल, मऊ पोस्ट पर लाया गया। पूछताछ के बाद दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति मऊ के सुपुर्द किया गया। इसी तरह मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, बलिया द्वारा गाड़ी संख्या 15111 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग उसे सुपुर्द किया गया। वहीं, मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, इज्जतनगर से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, लालकुआं द्वारा प्लेटफार्म संख्या-5 से यात्री का छूटा सामान बरामद किया गया। 12 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ सिटी द्वारा गाड़ी संख्या 12566 से यात्री का छूटा बैग बरामद किया। 14 फरवरी को उसे यात्री के उपस्थित होने पर सुपुर्द किया गया।

एक नजर

### राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 19 से

**मगहर, संतकबीरनगर।** शाही जामा मस्जिद ग्राउंड में पूर्व चेयरमैन स्व. जिया अंसारी की स्मृति में आगामी 19 व 20 फरवरी को दो दिवसीय राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रदेश की नामी गिरामी टीमें शिरकत करेंगी। उक्त आशय की जानकारी गुरुवार को प्रतियोगिता के आयोजक परवेज कौसर ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। दो दिनों तक चलने वाली इस राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में कुल 6 टीमें आमंत्रित की गयी हैं। जिनमे मऊ, मुरादाबाद की दो टीमें, आजमगढ़ जिले की दो टीमें और लखनऊ की टीम शामिल है।19 फरवरी दिन सोमवार को दिन में 10 बजे प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे द्वारा किया जायेगा।

# चुनाव में बड़ी विजय हासिल करेगी भाजपा: सिद्धार्थनाथ

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं के लाभार्थियों के दम पर भारतीय जनता पार्टी आजाद भारत में अब तक हुए लोकसभा चुनावों की सबसे बड़ी विजय हासिल करने जा रही है। उक्त बात उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने भाजपा कार्यालय पर आयोजित लाभार्थी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के करोड़ों बेघर गरीबों को आवास, शौचालय, आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार, उज्वला योजना के तहत करोड़ों गरीबों को रसोई गैस कनेक्शन

▸▸ **लाभार्थी सम्पर्क अभियान की कार्यशाला का हुआ आयोजन**

दिया। लगभग 80 करोड़ गरीबों को हर माह निःशुल्क खाद्यान्न, बेरोजगार नौजवानों को रोजगार दे रही है। मोदी और योगी सरकार की सकारात्मक पहल से अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बनकर तैयार हो गया। भाजपा जिलाध्यक्ष जगदंबालाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में पहुंचे भाजपा के क्लस्टर प्रभारी सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कार्यकर्ताओं में खूब जोश भरा। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि ने कार्यशाला में मौजूद प्रतिनिधियों से लाभार्थी सम्पर्क अभियान को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि लाभार्थी



कार्यशाला को सम्बोधित करते सिद्धार्थ नाथ सिंह। अमृत विचार

सम्पर्क के दौरान लाभार्थियों से मोबाइल नम्बर 9638002024 पर मिस्डकॉल करवाना है और मोदी जी का पत्र सौंपकर लाभार्थी के घर पर स्टीकर लगाने का कार्य पार्टी कार्यकर्ताओं को करना है। उन्होंने अभियान को लेकर पार्टी संगठन योजना रचना पर चर्चा करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में 25 फरवरी से 5 मार्च के बीच लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा। 1 मार्च से 3 मार्च के बीच विशेष सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा। अभियान में प्रदेश भर में लाभार्थी परिवारजनों से व्यापक स्तर पर सम्पर्क व संवाद स्थापित करना है। उन्होंने अभियान को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि 11 फरवरी से 16 फरवरी के बीच लोकसभा स्तर पर लाभार्थी सम्पर्क अभियान की कार्यशाला आयोजित होगी। 12 फरवरी से 20 फरवरी के बीच मण्डल स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएंगी। कार्यशाला का संचालन जिला महामन्त्री कौशलेश सिंह दीपू और अभियान संयोजक अमर राय ने किया।इस मौके पर धनघटा विधायक गणेश चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष रामललित चौधरी, राकेश सिंह बघेल, महामंत्री विनोद पांडेय, गणेश पांडेय, देवेंद्र सिंह, जगदीश चौरसिया, बब्बन शर्मा, सुरेश कननौजिया, अरुण सिंह, सर्वेश तिवारी, विजय बहादुर सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्र, किरण प्रजापति, हैप्पी राय आदि उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

### बलरामपुर में दर्जनों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता


अटल भवन कार्यालय पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले पदाधिकारियों को बुके देकर सम्मानित करते सदर विधायक पल्टूराम व अन्य। अमृत विचार

**बलरामपुर।** विभिन्न पार्टियों ने लगभग तीन दर्जन से अधिक लोगों ने गुरुवार को तुलसी पार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर पूर्व मंत्री व सदर विधायक पल्टूराम व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। लोगों ने भाजपा की नीतियों व विचारों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए। अटल भवन कार्यालय पर शिक्षक प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मधुकर सिंह, अपना दल एसके जिला महासचिव चंद्रिका प्रसाद चौहान, समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी पूर्व जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद चैधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष शुक्ला व दिलीप मौर्या ने लगभग तीन दर्जन से अधिक लोगों के साथ भाजपा पार्टी में शामिल हुए। सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि भाजपा के पास नीति भी है व विचारधारा भी। भारतीय जनता पार्टी का जनाधार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। जबकि अन्य पार्टियों के पास न तो नीति है और न ही कोई विचारधारा। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब पूरी तरह से खोखली हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी के पास न तो अब कार्यकर्ता बचे हैं और न ही जनाधार। राहुल गांधी जहां-जहां जा रहे हैं, वहीं एनडी गठबंधन कमजोर होता जा रहा है। आज कांग्रेस के कई नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 400 सीटों पर जीत हासिल करेगी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, मनीष त्रिपाठी, अंशुमान शुक्ला, आलोक रंजन पाण्डेय, अवधेश पाण्डेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



कंपोजिट स्कूल महेशभारी में वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** कंपोजिट विद्यालय महेशभारी में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। सामाजिक संस्था हुमाना पीपुल टू पीपुल इंडिया संस्था व ग्रामीण इंडियन सपोर्टिंग ट्रस्ट के सहयोग से चलाए जा रहे कदम कम प्लस प्रोग्राम व कदम शारदा प्रोग्राम के तहत खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया। संस्था के डिवीजन ऑर्गेनाइजेशन दीपेश कुमार सैनी के मार्गदर्शन से कंपोजिट विद्यालय महेशभारी में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत स्कूल प्रधानाध्यापिका पायल अरोड़ा, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी, ऐकेडमी रिसोर्स पर्सन पंकज कुमार पाण्डेय, ग्राम प्रधान महेश कुमार व विनोद कुमार वैष्णव ने सरस्वती पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम शुरू किया गया। इसके बाद स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों को स्टेशनरी देकर सम्मानित किया गया। अंत में विनोद कुमार ने कदम प्रोग्राम के बारे में विस्तार से सभी को बताया। इस अवसर पर स्कूल के समस्त अध्यापक शशि मिश्रा, किरण मिश्रा, सुनीता मिश्रा, हेमन्त कुमार, सरवर जहां, अमित, सरिता, स्कूल के छात्र, अभिभावक व प्रज्जवल मिश्रा, रश्मी, ललिता, कमल, अर्पण, पूजा पाण्डेय उपस्थित रही।

# परीक्षा केंद्र व कंट्रोल रूम का लिया जायजा

## बोर्ड परीक्षा : लापरवाही होने पर केंद्र व्यवस्थापक ही होंगे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद से यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर नोडल अधिकारी रामशंकर को शासन से नामित किया गया है। नोडल अधिकारी द्वारा जिले के बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम के साथ स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने नोडल अधिकारी को एमपीपी इंटर कॉलेज में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए तहसील व ब्लाक स्तर पर बने बोर्ड परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कराया है। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया है कि बोर्ड परीक्षा सभी केंद्र पर नकल विहीन शांतिपूर्ण तरीके से कराए। उन्होंने जिला विद्या निरीक्षक से उत्तर पुस्तिका व प्रश्न पत्र के साथ-साथ बोर्ड केंद्र पर उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त व्यवस्थापक को निर्देशित किया है कि यदि केंद्र पर कोई गड़बड़ी हुई तो वह स्वयं जिम्मेदार होंगे ऐसे में बोर्ड परीक्षा में किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं होगी।


एमपीपी इंटर कॉलेज बोर्ड परीक्षा कंट्रोल रूम का जायजा लेते नोडल अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

### पुलिस भर्ती बोर्ड परीक्षा में 8,016 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की परीक्षा आगामी शनिवार व रविवार को आयोजित होगी। यह परीक्षा 17 व 18 फरवरी को जिले के 14 केंद्र पर होगी। सभी केंद्र पर दो दिनों में होने वाली परीक्षा में 8016 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की सारी तैयारी जिला प्रशासन में पूरी कर ली है। प्रत्येक केंद्र पर पुलिस बल की तैनाती होगी।

परीक्षा नोडल अधिकारी डॉ राजीव रंजन श्रीवास्तव व डीआईओएस गोविंद राम ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड परीक्षा में 14 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें एमएलकेपीजी कॉलेज में 1296 छात्र परीक्षा देंगे। वही शक्ति स्मारक संस्थान दुल्हनपुर में 1488 परीक्षार्थी शामिल होंगे। एमएलकेपीजी कॉलेज के विज्ञान संकाय, बलरामपुर मार्डन इंटर कॉलेज, सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, सीएमएस गर्ल्स डिग्री कॉलेज, पायनियर पब्लिक स्कूल में प्रतिकेंद्र पर 480 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज, शारदा पब्लिक स्कूल व दीप नारायण सिंह डिग्री कॉलेज तुलसीपुर में प्रतिकेंद्र 432 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। इसी क्रम में सुंदर दास रामलाल बालिका इंटर कॉलेज एवं मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज उतरौला, विमला विक्रम महाविद्यालय पचपेड़वा व डीएवी इंटर कॉलेज में प्रतिकेंद्र 384 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। नकल विहीन शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती केंद्र पर की गई है।

जिलाधिकारी की निगरानी में केंद्र व्यवस्थापक को पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। परीक्षा नकल भी शांतपूर्ण आयोजन को लेकर केंद्र व्यवस्थापक को प्रशिक्षण दिया गया। केंद्र व्यवस्थापक ने अपने-अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी करने वाले कक्ष निरीक्षक को नकल विहीन शांतपूर्ण परीक्षा करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण में निर्देशित किया गया है कि दो दिवस परीक्षा आयोजित होगी। बिना प्रवेश पत्र के किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रवेश द्वार पर ही सघन तलाशी होगी। प्रशिक्षण सभी 14 केदो पर केंद्र व्यवस्थापक ने कक्ष निरीक्षक को दी है।

# संतकबीरनगर में हूटर लगी गाड़ियों की भरमार


निजी वाहनों पर हूटर लगाकर चलते रसूखदार लोग। अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिले में काली फिल्म, हूटर और सचिवालय के फर्जी पास लगाकर चलने वाली लग्जरी गाड़ियों की भरमार है। प्रशासनिक अधिकारी ऐसे वाहनों को रोकने तक की जहमत नहीं उठाते, वाहनों को चेक करने की बात तो दूर की कौड़ी है।

बताते चलें कि हाईकोर्ट ने वाहनों पर लालबत्ती और हूटर पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। सिर्फ मंत्रियों और बड़े अधिकारियों की पायलटिंग करने वाले पुलिस के स्कार्ट वाहनों पर ही हूटर लगाने और उसे बजाने की छूट दी गई है। काली फिल्म सभी प्रकार के वाहनों में प्रतिबंधित है। लेकिन संतकबीरनगर जिले में जितने भी रसूखदार नेता हैं लगभग सभी के वाहनों में हूटर लगे मिल जाएंगे।

> हूटर और काली फिल्म के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलता रहता है। अगर लोगों ने वाहनों में छिपाकर हूटर लगाया है और सचिवालय के फर्जी पास लगाकर चल रहे हैं तो शीघ्र ही व्यापक अभियान चलाया जाएगा। जिन लोगों ने अनधिकृत तरीके से वाहन पास और हूटर लगाए हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी। हाईकोर्ट के निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा।
>
> -सत्यजीत गुप्ता, पुलिस अधीक्षक

# केजरीवाल ग्रुप पर भूमि कब्जा करने का आरोप

▸▸ **ग्रामीणों ने डीएम व राजस्व मंत्री से किया शिकायत**

▸▸ **अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे ग्रामीण**

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम चंगेरा मंगेरा में नामी गिरामी औद्योगिक समूह केजरीवाल ग्रुप पर कठनैया नदी और ग्राम समाज के बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगा है। केजरीवाल समूह इस गांव में सैकड़ों बीघे जमीन खरीद कर औद्योगिक इकाई स्थापित कराने की तैयारी में है। खरीदी गई जमीन के साथ ही केजरीवाल ग्रुप पर नदी के किनारे की दर्जनों बीघा जमीन और ग्राम पंचायत की सरकारी जमीन पर भी कब्जा जमाने का आरोप लगने लगा है।

ग्राम प्रधान ने दर्जनों ग्रामीणों को साथ लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करने के साथ ही उन्हें मामले का शिकायती पत्र सौंपते हुए अवैध कब्जा खाली कराने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने राजस्व मंत्री उत्तर प्रदेश से भी मामले की शिकायत कर दिया है। इसके साथ ही ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कब्जा की गई जमीन पर ही अनिश्चितकालीन धरना भी शुरू कर दिया है।

> **जमीन की पैमाइश कराकर कब्जा कराया जाएगा खाली : डीएम**
>
> जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि मामले की शिकायत मिली है। राजस्व टीम को मौके पर भेजकर जमीनों की पैमाइश कराई जाएगी। अगर अवैध कब्जा किया गया है तो उसे खाली करा दिया जाएगा।

### भीषण कोहरे की चपेट में रही बृहस्पतिवार की सुबह

**संतकबीरनगर।** फ़रवरी महीना आधा बीत जाने के साथ ही ठंड का प्रकोप भी लगभग समाप्त होने लगा था। लोग अपने शरीर से गर्म कपड़ों का भार कम करने लगे थे। दिन में धूप निकलने से लोगों ने जैकेट आदि भारी भरकम कपड़ों से मुक्ति पाने लगे थे। लेकिन इसी बीच पिछले दो दिनों से छिट-पुट बूंदा-बांदी के बाद बृहस्पतिवार की सुबह घने कोहरे ने वापस लौट रही ठंड को दुबारा वापस लौटा दिया। आलम यह रहा कि दृश्यता महज 20 मीटर दर्ज की गई। जिसके चलते सड़कों पर वाहन हैडलाइट जलाकर रेंगते दिखे। एकाएक बदले मौसम को देख हर कोई हैरत में आ गया। मौसम विभाग की मानें तो कोहरे का यह प्रकोप कुछ दिनों की ही बात है। एक दो दिनों में ही मौसम में तेजी से बदलाव आएगा और तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने लगेगी।

# रोजगार मेले में 123 को मिली नौकरी



चयनित अभ्यर्थियों के साथ विधायक अनिल त्रिपाठी। अमृत विचार

**मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और जिला सेवायोजन कार्यालय संत कबीर नगर के संयुक्त तत्वावधान में मोहन धनसीरा महाविद्यालय परिसर और विकास खण्ड बेलहर कलां में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

रोजगार मेले में विधायक मेंहदावल अनिल त्रिपाठी ने विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयनित प्रतिभागियों को ऑफर लेटर वितरित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनी अमेज़ोन इंडिया लिमिटेड, डिक्सन लिमिटेड, टाटा मोटर्स, डी-मार्ट लिमिटेड, टाटा विन्स्ट्रोन, केस कोर्प, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एंड आयुर्वेदिक प्राइवेट लिमिटेड सहित निजी क्षेत्र की 7 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान 338 बेरोजगार प्रतिभागियों ने आवेदन किया जिसमें 123 प्रतिभागियों का चयन विभिन्न कम्पनियों ने कर लिया। विधायक अनिल त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार हर चेहरे पर खुशहाली की मुस्कान बिखेरने में जुटी है। बेरोजगार युवाओं को कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण दिलाकर उनकी प्रतिभा के अनुसार रोजगार दिलाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार हर युवा को रोजगार से जोड़ने की दिशा में बड़ी तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में जब भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा तो कोई परिवार रोजगार और नौकरी से वंचित नहीं रहेगा। जिला समन्वयक बृजेश कुमार, जिला प्रबंधक धीरेन्द्र विक्रम सिंह, प्रशांत कुमार मिश्र, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, मोहम्मद अख्तर समेत विभिन्न कम्पनियों के अधिकारी मौजूद रहे।

### पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति करने की मांग

**गैड़ास बुजुर्ग, बलरामपुर।** वरिष्ठ अधिवक्ता अभिमन्यु कुमार ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख न्यायमूर्ति को पत्र भेज कर उतरौला के सिविल जज जूनियर डिवीजन व अपर सिविल जज न्यायालय में पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति की मांग की है। पिछले 18 नवंबर से दोनों न्यायालय रिक्त है। दोनों न्यायालय हो पर पीठासीन की नियुक्ति के लिए पूर्व में कई बार अधिवक्ता संघ द्वारा उच्च न्यायालय को पत्र भेजा जा चुका है। लेकिन अभी तक रिक्त दोनों न्यायालय पर नियुक्ति नहीं हुई है।

पूर्वोत्तर रेलवे
Website : www.ner.indianrailways.gov.in
http://www.ireps.gov.in
ई-मेल : dycmmiznd@gmail.com
मु.कार्याधि./स्था. क्रय. आई.डी.: choslpiznd@gmail.com
निविदा सूचना सं. 09 दिनांक : 14.02.2024
ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण
उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
**क्र. सं. :** 1, **निविदा सं. :** 40245033A, **खुलने की तिथि :** 11.03.2024, **सामग्री का विवरण :** सप्लाई इन्सटालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ ई.ओ.टी. क्रेन केपेसिटी 10/3.5 टन, एस पर सेड्यूल आई ऑफ टेक्निकल स्पेशिफिकेशन आई.जेड.एन./एम. एंड पी./प्रोग./2023-24/ई.ओ.टी./10 टी. दि. 14/11/2023. कम्पलीट डीटेल ऑफ आईटम इज एवेलेबल ऑन आई.आर.ई.पी.एस. साइट, **मांगी गयी मात्रा :** 01 अदद, **बयाना राशि :** रु. 91,600/-. **क्र. सं. :** 2, **निविदा सं. :** 40245049, **खुलने की तिथि :** 13.03.2024, **सामग्री का विवरण :** सप्लाई इन्सटालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ ई.ओ.टी. क्रेन केपेसिटी 35/5 टन, एस पर सेड्यूल आई ऑफ टेक्निकल स्पेशिफिकेशन आई.जेड.एन./एम. एंड पी./प्रोग./2023-24/ई.ओ.टी. दि. 12/10/2023. कम्पलीट डीटेल ऑफ आईटम इज एवेलेबल ऑन आई.आर.ई.पी.एस. साइट, **मांगी गयी मात्रा :** 01 अदद, **बयाना राशि :** रु.1,51,560/-.
**1.** उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस के साईट www.ireps.gov.in पर स्थित है। जो प्रतिष्ठान इलेक्ट्रानिकली पंजीकृत हैं वे ई-टेन्डर में सम्मिलित हो सकते हैं। जो प्रतिष्ठान डिजिटल सर्टिफिकेट नहीं प्राप्त किये हैं वे अधिकृत एजेन्सी जो भारत सरकार के द्वारा अधिकार पत्र आईटी अधिनियम 2000 से अधिकृत हैं उनसे प्राप्त कर सकते हैं। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। **2.** उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर कार्यालय से जारी विज्ञापित निविदा एवं बुलेटिन निविदाएं केवल ईपीएस (ई-प्रोक्योरमेन्ट सिस्टम) के माध्यम से खोली जा रही हैं। उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर कार्यालय से जारी निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदाकार उन्हें डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा एवं अपने प्रतिष्ठान को क्रिश/न्यू दिल्ली में पंजीकृत कराना होगा। **3.** निविदा सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रकाशन में भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी प्रकाशन मान्य होगा। **4.** एलोकेशन शीर्ष निविदा जमानती धनराशि का 00844519 है।
**उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/डिपो,**
**मुजाधि/एस-135 पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर**
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

मुहिम

**पूर्व सांसद और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता केसी पाण्डेय के छोटे भाई ने थामा भाजपा का हाथ**

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख व पूर्व नपं प्रत्याशी समेत सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने जिले में दूसरे दलों को तगड़ा झटका दिया है। दूसरे दलों में तगड़ी सेंधमारी करते हुए बसपा, सपा, कांग्रेस और निर्दलीय तमाम जन प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल करा लिया।

एक तरफ भाजपा का राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व विरोधी दलों के तमाम बड़े नेताओं को भाजपा के पाले में खड़ा करके विरोधियों में जबरदस्त खलीबली मचाई है तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव भी अपनी कमेटी के साथ विरोधी दलों में सर्जिकल स्ट्राइक करने में जुटे हैं। बृहस्पतिवार को जिन नेताओं को भाजपा में शामिल कराया गया

▸▸ **चुनाव से पहले तमाम सभासदों ने भी बदल लिया पाला**

उनमें सबसे प्रमुख नाम कांग्रेस के पूर्व ब्लाक प्रमुख कृष्ण चन्द्र पांडेय उर्फ टुनटुन पांडेय का है। बताते चलें कि कृष्ण चंद्र उर्फ टुनटुन पाण्डेय पूर्व सांसद और दिग्गज कांग्रेसी नेता के.सी. पाण्डेय के छोटे भाई हैं। उनके अलावा नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा से पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी और तेज तर्रार युवा नेता अनंत कसेरा ने भी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए।

भाजपा जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव व ज्वाइनिंग कमेटी के जिला संयोजक गणेश पांडेय, सह संयोजक ज्ञानेंद्र मिश्र और हैप्पी राय के नेतृत्व में जिन नेताओं और जन प्रतिनिधियों ने



पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी समेत सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाते जिलाध्यक्ष जगदम्बा श्रीवास्तव। अमृत विचार

भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया उनमें पवन शर्मा, राम केवल चौधरी, राजाराम पांडेय, रमेश चंद्र पांडेय, सुशील कुमार वर्मा, मोहम्मद मुनीर खान, मनीष कुमार आजाद, धृतराष्ट्र चौधरी, कृष्णा यादव, चंद्रभान पांडेय, सुजीत कुमार पाठक, नागेंद्र प्रसाद चौधरी, अनुराग चौधरी, नूरे आलम, अंकित चौधरी, सरताज आलम, सितारा अहमद, कौशल किशोर राय, सौरभ चौधरी, हीरालाल चौधरी, राम अजोर, हरिवंश पांडेय, विधानसभा उपाध्यक्ष बसपा अवधेश उपाध्याय, राजेश चतुर्वेदी, सुनील ओझा, अभिषेक चौबे, धर्मेंद्र सिंह काका, राम शंकर, अशोक गुप्ता, पंकज गौतम, आशुतोष, दरोगा तिवारी, अरुण सिंह, शुभम, यीशु सिंह, राकेश कुमार, अजय सिंह, बृजेश सिंह, सभासद अनिल यादव, डॉक्टर राजू चौहान, सोमनाथ, कृष्ण मुरारी, जयप्रकाश तिवारी, मोहम्मद हारुन अंसारी, सोहन चौधरी, रामानंद आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे। भाजपा कार्यालय पर सभी आगंतुक नेताओं का माल्यार्पण कर और भाजपा के कमल चुनाव चिन्ह वाले अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नेताओं का स्वागत करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। सदैव देश को सर्वोपरि रखते हुए सर्व समाज का जो विकास ही भाजपा का मुख्य उद्देश्य है। ऐसे में पार्टी के आदर्शों से प्रभावित होकर लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जहां बूथ अध्यक्ष भी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद तक पहुंच सकता है। अन्य दलों में सिर्फ परिवार के सदस्यों को ही यह अवसर मिलता है। आम जनता का उत्साह और विरोधी दलों में मची खलबली साबित कर रही है कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर प्रचण्ड मतों से जीत हासिल करने के साथ ही देश में 400 से अधिक सीटों पर जीत का परचम लहराएगी।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना सं. व.मं.वि.इ./गतिशक्ति/इज्जत/इलै./03/2024
दिनांक 15.02.2024
निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती हैः- **क्र.सं. 1. कार्य का नामः** इज्जतनगर मंडल के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत (कासगंज, फर्रूखाबाद, कन्नौज, इज्जतनगर, बरेली सिटी, काठगोदाम, टनकपुर, काशीपुर, पीलीभीत तथा लालकुआं) रेलवे स्टेशनों के लिए यात्री लिफ्टों की व्यवस्था के संबंध में विद्युत कार्य।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹50,98,367.95; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹1,02,000/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य; **ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः** 11.03.2024 को 15:00 बजे तक; **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** चार माह; • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है IREPS और पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।
**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा./गति शक्ति),**
**मुजाधि/विद्युत-270 इज्जतनगर**
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## एक नजर

### अन्नदाता का अपमान सरकार को बहुत भारी पड़ेगा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सत्ता और तकनीक का नकारात्मक इस्तेमाल कर रही है। किसानों की मांगों को मानने के बजाय उन पर आंसू गैस के गोले दागकर लाठियां बरसायी जा रही है। अन्नदाता का अपमान सरकार को बहुत भारी पड़ेगा। पार्टी मुख्यालय द्वारा गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से कई झूठे वादे किए, बड़े-बड़े सपने दिखाए। भाजपा के झूठे वादों से किसानों के सब्र का बांध टूट चुका है। किसानों को अब भाजपा सरकार के झूठे वादे नहीं चाहिए। भाजपा किसान के हितों के बजाय पूंजीपतियों के हितों का संरक्षण कर रही है। किसान को बिचौलियों का बंधक बनाकर रखना चाहती है। सपा प्रमुख ने कहा कि देश का किसान अब एकजुट होकर भाजपा को सबक सिखाएगा।

# समाज सेवा को लेकर एलान भी करेंगे उद्योग घराने

जीबीसी

## समाज की जिम्मेदारी उठाने को लेकर अरबों का फंड जुटाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सरकार ने बनाई गरीबों की मदद को लेकर नायाब कार्य योजना
- कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों से संवाद करेगी शीर्ष अधिकारियों की टीम

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने जीबीसी के दौरान 10.15 लाख करोड़ के करीब 15 हजार निवेश प्रस्तावों को धरातल उतारने के साथ उद्योग घरानों से गरीबों की मदद के लिए भी एक नायाब कार्य योजना तैयार की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों को भी आमंत्रित किया गया है, जिनसे शासन के शीर्ष अधिकारियों से संवाद करके समाज की जिम्मेदारी से जुड़ी कार्य योजनाएं साझा करेंगे। उम्मीद है कि कुल लाभ पर दो फीसदी सीसीआर के रूप में दिग्गज कंपनियों के पास हर साल अरबों की धनराशि से राज्य को बड़ा फंड हासिल होगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 फरवरी से आयोजित तीन दिनी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में दूसरे दिन कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों से संवाद के लिए हाल तैयार हो रहा है। कई विभागों ने उद्योग घरानों को सीसीआर फंड देने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। समाज सेवा पीपीटी समेत आडियो-वीडियो प्रदर्शन के साथ जरूरत पड़ने पर लाइव जोड़ने की भी पूरी तैयारी है।

दअरसल, भारत में कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) संशोधन नियम- 2022 कंपनियों को सामाजिक उत्तरायित्व से जोड़ता है। इसके लिए कंपनियों को मौजूदा वित्तीय वर्ष से पहले के तीन वित्तीय वर्षों से अपने औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2 प्रतिशत सीएसआर के जरिए सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पहल पर खर्च करना होता है। ज्यादातर प्रतिष्ठित कंपनियां सीएसआर के तहत करोड़ों रुपए सामाजिक सरोकार से जुड़ी पहलों पर खर्च करते हैं।

### छह विभागों के शीर्ष अधिकारी देंगे प्रजेंटेशन

20 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में जीबीसी में सक्रिय प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों के बीच संगोष्ठी के दौरान सीधे संवाद होगें। महिला एवं बाल विकास, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, दुग्धशाला विकास विभाग और खेल विभाग के शीर्ष अधिकारी प्रदेश में सीएसआर से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्ट्स से अवगत कराएंगे। साथ ही सीएसआर उद्देश्यों के अनुरूप सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों से भी कॉर्पोरेट्स को परिचित कराएंगे।


इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी को लेकर बनायी जा रही मुख्य सड़कें। अमृत विचार

### आईजीपी की मुख्य सड़कें बना रहा एलडीए

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) को सजाया और संवारा जा रहा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। गुरुवार को एलडीए ने आईजीपी की मुख्य सड़कों को बनाने का काम शुरू कर दिया। मेहमानों के स्वागत में प्रतिष्ठान को जगह-जगह फूलों और लाइटिंग से सजाया जा रहा है। प्रवेश द्वार पर उद्यान विभाग ने वर्टिकल गार्डन लगाकर रंग-बिरंगे फूलों से सजाया है। इसके अलावा गमले और पौधे भी लगाए हैं। बिल्डिंग और गमलों को भी पेंट किया गया है। इसके लिए एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है। सचिव विवेक श्रीवास्तव और संयुक्त सचिव एसपी सिंह की देखरेख में ओएसडी राजीव कुमार और रविनंदन सिंह की इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में तैयारियां की जा रही हैं। अधिशासी अभियंता संजय जिंदल सिविल कार्य और उद्यान अधीक्षक कर्ण सिंह द्वारा औद्यानिक कार्य कराए जा रहे हैं।

# वैश्विक समुदाय को नया संदेश दे रहा वनवासी समाज

## सेवा समर्पण संस्थान के एकलव्य वनवास छात्रावास के लोकार्पण में बोले मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वनवासी समाज देश के अतीत की परंपराओं का वाहक है। अगर प्रकृति और परमात्मा के बीच में समन्वय नहीं होगा तो प्रलय जरूर आएगा। इससे बचना है तो हमें वन परंपरा के साथ जुड़ना होगा और कहीं न कहीं अरण्य संस्कृति को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित भी करना पड़ेगा।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एचपीसीएल के सीएसआर फंड के सहयोग से सेवा समर्पण संस्थान के एकलव्य वनवास छात्रावास के लोकार्पण एवं सारंग धनुर्विद्या प्रशिक्षण केंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी के साथ गोरखपुर में श्री राम वनवासी छात्रावास की स्थापना 1984 में हुई थी। पूर्वोत्तर के राज्यों में जहां पहले कोई जा नहीं सकता था। उस समय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सानिध्य में संचालित सेवा समर्पण संस्थान के श्री राम वनवासी छात्रावास में यहां के बच्चों को लाकर भारत के साथ जोड़ कर उन्हें राष्ट्र और समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ा गया। आज पूरा पूर्वोत्तर भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र की मुख्य धारा के साथ जुड़ करके आत्म गौरव की अनुभूति करता है। भारत को जोड़ने का सबसे बड़ा कार्य प्रचारकों ने किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एचपीसीएल की तरह अन्य संस्थाओं को भी अपनी आय का दो प्रतिशत भाग इस प्रकार के सामाजिक कार्यों के लिए देना चाहिये।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक संजीव, प्रांत प्रचारक कौशल, राजीव गोयल, जितेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।


मोहनलालगंज में धनुर्विद्या प्रशिक्षण केंद्र का शिलान्यास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

- एचपीसीएल की तरह अन्य संस्थाओं को भी अपनी आय का दो प्रतिशत सामाजिक कार्यों के लिए देना चाहिए : योगी

### महिला आत्मनिर्भर तो समाज सशक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता सशक्त समाज की अनिवार्य शर्त है। जिस समाज में महिला सशक्त होती है, उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रत्येक स्तर पर प्रयास करेगी ताकि उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन का कार्य सुनिश्चित रहे।

वे गुरुवार को गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं से संवाद और 3617 स्वयं सहायता समूहों को 54 करोड़ 25 लाख रुपये का अंशकालिक ऋण भी वितरित किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत अब लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा।

**कन्या सुमंगला योजना की धनराशि अप्रैल से 25 हजार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से स्नातक तक की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दे रही है। इस योजना के अन्तर्गत अप्रैल माह से इसकी धनराशि 25 हजार की जाएगी। इस योजना के अन्तर्गत 17 लाख से अधिक बेटियों को जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 3 लाख से अधिक बेटियों की शादी का कार्य सम्पन्न किया है। स्वामित्व योजना के तहत 90 लाख महिलाओं को घर का मालिकाना अधिकार दिलाया गया है।

**इंसेफेलाइटिस नियंत्रण देश-दुनिया का सफलतम मॉडल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि छह-सात वर्षों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रित और समाप्त हो चुका है। वे गुरुवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के लिए 60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए प्रशासनिक भवन का शिलान्यास तथा मेडिकल कॉलेज में सोलर रूफटॉप प्लांट के लोकार्पण के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**गरीबों को कोई नहीं उजाड़ पाएगा :** गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# पेपर लीक मामले में छात्रों ने कहा भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

संवाददाता, प्रयागराज

- आयोग की आंतरिक कमेटी ने शुरु की जांच

**अमृत विचार।** समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी की रविवार को हुई प्री परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद अभ्यार्थियों की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि कोई पहले बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी कई बार पेपर लीक हुये है। यह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की रविवार को हुई प्री परीक्षा का पेपर लीक होने का आरोप लगने के बाद उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने इस मामले की जांच स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) से कराने का निर्णय लिया है। आयोग एक इस जांच के लिए एक आंतरिक कमेटी भी बनाई है। बतादेंकि 58 जिलों में परीक्षा कराने के लिए 2387 केद्र बनाए गए थे। जिसमें 10,76,004 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 64 प्रतिशत अभ्यर्थी शामिल किये गये थे।

इसको लेकर गाजीपुर में छात्रों ने हंगामा भी किया था। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी वीडियो भी साझा की थी। हलांकि अब इस पेपर लीक के मामले में छात्रों ने भी आवाज उठाना शुरु कर दिया है। बुधवार को लोक सेवा आयोग के गेट के बाहर कुछ छात्र छात्राए बैठे हुए थे। वहीं अजय यादव ने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है। छात्र मेहनत करते हैं। पढ़ाई करते है और बाद पेपर लीक हो जाता है। पहले भी पेपर लीक के मामले आये है। एक बार फिर से यह घटना हुयी है। इस तरह से भविष्य अन्धकार में जा रहा है। इस मामले कि सही तरीके से जांच कराई जाये।

वहीं नरेश कुमार ने कहा कि अगर इसी तरह से होता रहा तो छात्र कैसे परीक्षा देंगे। सरकार नौकरी देने का दावा करती है और यहां पर पेपर लीक हो जाता है। इस मामले में वहीं यूपी लोकसेवा आयोग प्रयागराज के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने एक प्रेस नोट जारी किया है। जिसमें बताया गया कि यूपी लोक सेवा आयोग प्रयागराज की ओर से समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा 2023 उत्तर प्रदेश के 58 जिलों में 2387 परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई थी। परीक्षा में 10 लाख 76 हजार 4 अभ्यर्थी शामिल थे। जिसमें लगभग 64 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे। आरओ-एआरओ परीक्षा सकुशल, निर्विघ्न एवं शुचितापूर्वक सम्पन्न हुई है।

### एसटीएफ करेगी जांच

पेपर लीक मामले में सचिव अशोक कुमार ने बताया आज कई बिंदुओं पर एसटीएफ से जांच कराई जाएगी। जांच के लिए शासन से आदेश लेना है। इस मामले में आयोग की आंतरिक कमेटी का गठन कर जांच शुरु करा दी गई है। ने भी इसकी जांच शुरू कर दी है।

### पेपर लीक के बाद हुआ प्रदर्शन

रविवार को परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद सोमवार को आयोग गेट पर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता हरेंद्र कुमार की अगुवाई में कई प्रतिभागियों ने प्रदर्शन और हंगामा किया था। उस दौरान भी यही कहा गया कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

# स्टैटिक मजिस्ट्रेट के पास होगी स्ट्रांग रूम की चाबी

## एडीएम प्रशासन और डीआईओएस की मौजूदगी में हुई यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- जोनल, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैयार, जिले में छह सचल दलों का हुआ गठन

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद के दिशा निर्देशन में जिले स्तर पर यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 की तैयारियां जिलाधिकारी व शिक्षा विभाग की ओर से जारी हैं। इस बार राजधानी में 134 केंद्रों पर 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं आयोजित होंगी। 1 लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

सभी केंद्रों पर नकलविहीन परीक्षा कराए जाने के लिए गुरुवार को एडीएम प्रशासन डॉ शुभि सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार की मौजूदगी में पायनियर इंटर कॉलेज में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें अलग-अलग केंद्रों से उपस्थित केंद्र व्यवस्थापकों ने तैयारियों के बारे में विस्तार से प्रस्तुति दी।

समीक्षा बैठक में सभी केंद्रों पर ऑनलाइन मॉनीटरिंग को लेकर विशेष चर्चा हुई। जिसमें निर्देश दिए गये सभी केंद्र व्यवस्थापक ये सुनिश्चित कर लें कि उनके यहां सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था में कोई खामी न होने पाये। न ही परीक्षा के दौरान कैमरे बंद होने चाहिए। परीक्षा में निगरानी के लिए जोनल, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैयारियां भी पूरी हैं।

हर साल की तरह से इस बार भी जिले में 6 सचल दलों का गठन किया गया है। बैठक में निर्देश दिए गये कि स्ट्रांग रूम के मुख्य दरवाजे के ताले की चाभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट के पास रहेगी। जिन्हें परीक्षा के समय से एक घंटा पूर्व केंद्र पर पहुंचना होगा। केंद्र व्यवस्थापकों को भी परीक्षा अवधि में समस्त परीक्षा कक्ष के दोनों वायस रिकार्डर युक्त कैमरे संचालित रहेंगे व मुख्य गेट तथा स्ट्रांग रूम सीसीटीवी कैमरे लगातार संचालित रहना आवश्यक है। बता दें कि यूपी बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक आयोजित होंगी।

> परीक्षा से जुड़ीं सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। समीक्षा बैठक में शेष कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गये हैं। साथ ही केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के भी इंतजाम सुनश्चित किए गये हैं।
>
> -राकेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, लखनऊ

### कंट्रोल रूम तैयार

यूपी बोर्ड परीक्षा में केंद्रों की आनलाइन निगरानी के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना सिटी स्टेशन के निकट राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में की गई है। यहां प्रत्येक कम्प्यूटर पर एक व्यक्ति की ड्यूटी निर्धारित की गई है। कंट्रोल रूम में तैयारियों की समीक्षा भी कई है।

### केंद्र व परीक्षार्थियों की संख्या

- कुल परीक्षार्थी 104792
- हाईस्कूल में परीक्षार्थी 56,597
- इंडरमीडिएट में परीक्षार्थी 48195
- कुल परीक्षा केंद्रों की संख्या 134

### तैयार हुआ निगरानी तंत्र

- पांच जोनल मजिस्ट्रेट
- 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट
- 133 स्टैटिक मजिस्ट्रेट
- 6 सचल दल
- 134 केंद्र व्यवस्थापक
- 134 वाह्य व्यवस्थापक

## मिली लक्ष्मी तो आसान होगी शिक्षा की राह

**अमृत विचार, लखनऊ :** छात्रों को विद्या प्राप्त करने के लिए अब लक्ष्मी की कमी से दो चार नहीं होना पड़ेगा। प्रदेश के ढाई लाख छात्रों के खाते में छात्रवृत्ति की राशि चली गई है। जबकि 60 प्रतिशत केंद्रांश के लिए जल्द ही डाटा भेजा जाएगा और राशि की मांग की जाएगी। बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से छात्रवृत्ति योजना का संचालन किया जाना है। अनुसूचित जाति और सामान्य वर्ग के छात्रों को इसका लाख दिया जाता है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नवंबर से शुरू हुए थे और जनवरी में आवेदन के लिए दो बार तिथि बढ़ाई गई थी। इस बाद प्री मैट्रिक्स में पढ़ने वाले लगभग ढाई लाख छात्रों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था। छात्रवृत्ति के लिए 60 प्रतिशत धनराशि केंद्र की ओर से जबकि 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार की ओर से दी जाती है। विभाग ने राज्य सरकार की ओर से दिए जाने वाले राज्यांश के तहत 38 करोड़ की राशि बच्चों के खाते में भेज दी है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि छात्रों का पूरा ब्योरा केंद्र को भेजा जाएगा। साथ ही केंद्र से 60 प्रतिशत शेष राशि का भुगतान करने के लिए बजट मांगा जाएगा।

# राजस्थान में कई विकास परियोजनाओं का प्रधानमंत्री करेंगे शिलान्यास

लखनऊ ब्यूरो

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को 'विकसित भारत विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे तथा प्रधानमंत्री राजस्थान में 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और शिलान्यास करेंगे। सभी परियोजनाएं सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत ट्रांसमिशन, पेयजल तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की हैं

इन परियोजनाओं का शुभारंभ राजस्थान की आधारभूत अवसंरचना परिदृश्य को बदलने तथा प्रगति और विकास के अवसर पैदा करने के प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों को रेखांकित करता है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 फरवरी, 2024 को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से श्विकसित भारत विकसित राजस्थान कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। ये परियोजनाएं सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत ट्रांसमिशन, पेयजल तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित हैं।

प्रधानमंत्री राजस्थान में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री 8-लेन दिल्ली-मुंबई ग्रीन फील्ड अलाइनमेंट (एनई-4) के तीन पैकेजों अर्थात बौंली-झालाई रोड से मुई विलेज सेक्शनः हरदेवगंज गांव से मेज नदी सेक्शनः और तकली से राजस्थान/मध्य प्रदेश सीमा तक का सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। ये सेक्शन क्षेत्र में तेज और बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे। ये सेक्शन वन्यजीवों के निर्बाध आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए छलावरण के साथ पशु अंडरपास और पशु ओवरपास से लैस हैं। प्रधानमंत्री काया गांव में एनएच-48 के दक्षिणपुर-शामलाजी सेक्शन के साथ देबारी में एनएच-48 के चित्तौड़गढ़-उदयपुर राजमार्ग खंड को जोड़ने वाले 6-लेन ग्रीनफील्ड उदयपुर बाईपास का भी उद्घाटन करेंगे। यह बाईपास उदयपुर शहर की भीड़भाड़ कम करने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे जो राजस्थान के झुंझुनू, आबू रोड और टोंक जिलों में सड़क आधारभूत अवसंरचना में सुधार करेंगी।

# बुजुर्गों की जेहन में नरसंहार की तस्वीर आज भी जीवंत

शैलेश अवस्थी,कानपुर ।

- कोर्ट का निर्णय तो आया, लेकिन दो गांवों के मध्य दुश्मनी ज्यों की त्यों
- फूलन को अपना मानने वाले बहुतेरे, मंदिर बना की जाती उसकी पूजा

**अमृत विचार।** अब से 43 साल पहले कानपुर देहात जिले के सिकंदरा तहसील के बेहमई गांव में दस्यु सुंदरी फूलन देवी व उसके गैंग ने जो नरसंहार किया था उसका फैसला तो आ गया। लेकिन, दो गांवों के बीच नफरत की दीवार वैसे ही खड़ी है। आज भी बेहमई गांव के लोग न तो गुढ़ा का पुरवा (फूलन का गांव ) जाते हैं और न ही वहां के लोग बेहमई की तरफ झांकने की हिम्मत जुटा पाते हैं । बेहमई गांव से गुढ़ा का पुरवा के दूरी करीब चार किलोमीटर है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने जब फूलन को सांसद बनाया तब कहा था कि वह बेहमई को सैफई बना देंगे। फूलन भी बेहमई जाकर माफ़ी मांगना चाहती थीं पर उन्हें वहां घुसने नहीं दिया गया था। गांव वालों का कहना है कि फूलन ने गुनहगारों को मारा होता तो कोई बात नहीं। लेकिन उसने बेहगुनाहों का खून बहाया । उनकी विधवाएं अभी भी खून के आंसू रो रहीं हैं। बेहमई ठाकुरों तो गुढ़ा का पुरवा ( कालपी ) मल्लाहों का गांव है। कहते हैं अपने ऊपर अत्याचार से परेशान होकर फूलन ने बंदूक उठाई थी। उसे जानकारी हुई कि उसके दुश्मन डकैत लालाराम - श्रीराम को बेहमई में शरण मिलती है और इसी कारण उसने 14 फरवरी 1981 को उस गांव में धावा बोला था। पूरे गांव को घेरकर सभी 25 पुरुषों को कुएँ के पास एकत्र किया। फिर मैदान में उन्हें लाइन में खड़ा कर उन पर गोलियों की बौछार कर दी थी। इसमें 20 की मौत हो गई थी। उस समय वीपी सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। इस नरसंहार से सरकार हिल गई थी । इसके बाद कई डकैत मारे गए और फूलन ने आत्मसमर्पण कर दिया था। बाद में मुलायन सिंह यादव ने फूलन को मिर्जापुर से सपा का टिकट देकर सांसद बना दिया था। इसके बाद तो बेहमई ने हमेशा सपा का बहिष्कार किया।



# सोनिया की भावुक अपील से उठ सकती सहानुभूति की लहर

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष व सांसद सोनिया गांधी द्वारा राजस्थान से राज्यसभा के लिए पर्चा दाखिल करने के बाद रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से नेहरू-गांधी खानदान की एक और पीढ़ी की विदाई की इबारत लिख गई। विदाई के पहले सोनिया ने रायबरेली के निवासियों के नाम एक भावुक अपील जारी की है।

इस अपील में परिवार के पीढ़ियों पुराने संबंधों की याद दिलाते हुए परिवार के नए सदस्यों का साथ देने का आग्रह भी शामिल है। लेकिन,सवाल यह है कि क्या इस भावुक अपील से सोनिया या गांधी परिवार के प्रति रायबरेली में सहानुभूति की लहर आसन्न लोकसभा चुनाव में उठ पाएगी? अपने अपील में उन्होंने दो दशक के चुनावी सफर में दिए गए सहयोग के प्रति आभार जताया है। बताया है कि रायबरेली से परिवार का रिश्ता कायम रहेगा।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि सोनिया गांधी ने अपने ससुर फिरोज गांधी और सास इंदिरा गांधी की तरह ही अपने दो दशक के प्रतिनिधित्व काल में रायबरेली के विकास की चिंता की। वर्ष 2006 में उपचुनाव में उन्होंने कुल पड़े मतों का 80 प्रतिशत वोट प्राप्त कर इंदिरा गांधी की लोकप्रियता को भी पीछे छोड़ दिया था। जनता के इस प्यार को उन्होंने विकास के रूप में लौटाने की कोशिश भी अपने दो दशक के कार्यकाल में पूरी शिद्दत से की। दो दशक में करीब 15000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं रायबरेली के लिए मंजूर कराई। रेल कोच कारखाना, रेल पहिया कारखाना, आयुर्विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी), 5-5 राजमार्गों की स्वीकृति, रायबरेली लखनऊ फोरलेन आदि विकास के कार्य सोनिया गांधी की ही देन हैं।

सोनिया गांधी रायबरेली में सांसद के रूप में कम गांधी परिवार की बहू के रूप में में ही ज्यादा आती-जाती रहीं। जब तक उनका स्वास्थ्य साथ देता रहा वह अपने लोकसभा क्षेत्र में हर तीन महीने में एक बार भ्रमण के रिवाज को जारी रखे रहीं। बहुत कम मौके ऐसे आए होंगे जब सोनिया को सार्वजनिक सभा में सिर पर पल्लू के बिना किसी ने देखा या सुना होगा। उनकी संजीदगी यहां के आम लोगों के दिलों पर राज करती है।

लेकिन पिछले चुनाव के बाद से क्षेत्र में न आना भाजपा को चुनाव के लिए मुद्दा जरूर देता है। पर्चा दाखिले के बाद से ही स्थानीय भाजपा नेता हमलावर हैं। भाजपा नेता इस पराजय के डर से मैदान छोड़ना कहकर प्रचारित करना शुरू कर चुके हैं।

सोनिया के भावुक अपील पर सहानुभूति उठने का दावा कांग्रेस के मीडिया प्रभारी विनय द्विवेदी भी कर रहे हैं। विनय ने कहा कि रायबरेली के लोग गांधी परिवार के उत्तराधिकारी को भी वैसे हाथों-हाथ लेंगे जैसे उन्होंने सोनिया को दो दशक पहले लिया था। अब यह आने वाला लोकसभा चुनाव परिणाम बताएगा कि इस भावुक अपील का असर हुआ या भाजपा का सोनिया के खिलाफ प्रचार परवान चढ़ पाया।

**राजनीतिक विश्लेषण:** गौरव अवस्थी (रायबरेली)

## कांग्रेसियों ने चौराहों पर लगाई होर्डिंग्स राहुल गांधी को बताया- जिगर वाला




**प्रयागराज, अमृत विचार।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 18 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेगी। इसको लेकर कांजर्स कार्यकर्ताओ ने शहर में होर्डिंग्स और बैनर लगाना शुरु कर दिया है। राहुल गांधी की इस न्याय यात्रा को लेकर स्थानीय कांग्रेसी नेताओ में काफी उत्साह देखने को मिल रहा हैं।

गुरुवार को शहर के सिविल लाइंस के चौराहो पर राहुल गांधी के स्वागत को लेकर कांग्रेसियों ने जगह-जगह पोस्टर और बैनर लगाना शुरू कर दिया है। जिसमें राहुल गांधी को जिगरवाला, हिम्मतवाला और दिलवाला बताया गया है। पोस्टर लगाने वाले कांग्रेसी नेता हसीब अहमद ने कहा कि राहुल गांधी ने बड़ा दिल दिखाते हुए हर वर्ग को अपने साथ जोड़ा है। इसलिए वह दिलावला है, राहुल गांधी ने सभी तबके को अपने साथ लेकर चल रहें हैं, जो बेहद हिम्मत का काम है इसीलिए उन्हे पोस्टर में हिम्मतवाला दिखाया गया है। साथ ही पोस्टर में राहुल गांधी को जिगरवाला भी संबोधित किया गया है।

- भारत जोड़ो न्याय यात्रा सड़कों पर लगे पोस्टर

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 835 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# खाद्य कीमतों के झटके और भू-राजनीतिक तनाव मुद्रास्फीती से निपटने में चुनौतियां

## गवर्नर्स सम्मेलन में आरबीआई गवर्नर दास बोले-अंतिम चरण के लिए हम सतर्क


**मुंबई, एजेंसी**

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि खाद्य कीमतों की तरफ से बार-बार झटके लगने और भू-राजनीतिक मोर्चे पर नए तनाव पैदा होने से मुद्रास्फीति से निपटने की राह में चुनौतियां पैदा होती हैं। दास ने यहां '59वें सीसेन गवर्नर्स सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि कहा-हम अवस्फीति (मुद्रास्फीति में गिरावट) के अंतिम चरण से निपटने के लिए सतर्क हैं क्योंकि यह अक्सर सफर का सबसे मुश्किल दौर होता है। हमारा दृढ़ मत है कि स्थिर और निम्न मुद्रास्फीति स्थायी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी आधार देगी।

उन्होंने कहा कि भारत कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर चुका है और सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा-विवेकपूर्ण मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतियों ने मुश्किल परिस्थितियों से निपटने में भारत की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है।

आरबीआई का अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। देश के लिए यह लगातार चौथा साल होगा जब इसकी वृद्धि दर सात प्रतिशत या उससे अधिक रहेगी। इसके साथ ही दास ने कहा कि मुद्रास्फीति वर्ष 2022 की गर्मियों के उच्चतम स्तर से अब नीचे आ चुकी है। द्विमासिक मौद्रिक नीति के लिए अहम खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी महीने में 5.1 प्रतिशत रही है।

### नए अवसर भी दरवाजे पर दे रहे हैं दस्तक



आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए आज यहां कहा कि इससे निपटने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ तो भरपूर हैं, लेकिन नए अवसर भी दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई वास्तविकताओं के अनुरूप हों। अनिश्चित दुनिया में, केंद्रीय बैंकों को मूल्य और वित्तीय स्थिरता के उद्देश्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए सक्रिय होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस माहौल में सहयोग एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। वैश्विक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति करने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की आवश्यकता है।

# निर्यात 3.12% बढ़कर 3 माह के उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- जनवरी में व्यापार घाटा 9 माह के निचले स्तर पर पहुंच गया



लाल सागर संकट और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद जनवरी में देश का निर्यात 3.12 प्रतिशत बढ़कर 3 महीने के उच्चस्तर 36.92 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि व्यापार घाटा कम होकर 9 महीने के निचले स्तर 17.49 अरब डॉलर पर आ गया। बृहस्पतिवार को सरकार ने यह आंकड़ा जारी किया।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, लगातार दो महीनों तक नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने के बाद जनवरी में आयात लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 54.41 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान निर्यात भी सालाना आधार पर 3.12 प्रतिशत बढ़कर 36.92 अरब डॉलर हो गया। यह तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। इसके साथ आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी व्यापार घाटा 17.49 अरब डॉलर पर आ गया, जो नौ महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले अप्रैल, 2023 में व्यापार घाटा 15.24 अरब डॉलर रहा था। व्यापार घाटे में पिछला निचला स्तर अप्रैल, 2023 में 15.24 अरब डॉलर दर्ज किया गया था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में यह 17.03 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन माह में कच्चे तेल का आयात 4.33 प्रतिशत बढ़कर लगभग 16.56 अरब डॉलर हो गया। वहीं सोने का आयात लगभग 174 प्रतिशत उछलकर 1.9 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में कुल निर्यात 4.89 प्रतिशत घटकर 353.92 अरब डॉलर रह गया। इस दौरान आयात 6.71 प्रतिशत घटकर 561.12 अरब डॉलर हो गया। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले दस महीनों में 207.2 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ जबकि अप्रैल-जनवरी, 2022-23 में यह 229.37 अरब डॉलर रहा था।

पिछले 10 माह में कच्चे तेल का आयात 15.91 प्रतिशत घटकर 146.75 अरब डॉलर रह गया जबकि सोने का आयात 301.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 38 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि भारत ने लाल सागर संकट, विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती और जिंस कीमतों में गिरावट के बावजूद 'जनवरी में उत्पाद निर्यात में सकारात्मक वृद्धि' दर्ज की है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,225 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,100-47,300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 71,300 |
| चांदी तैयार | 71,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,350 |
| चांदी पक्की | 710 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,500 |
| चांदी आभूषण | 71,350। |

## भारतीयों के कनाडा चीन, अमेरिका और ब्रिटेन पंसदीदा स्थल

**नई दिल्ली।** बीते वर्ष में भारतीयों के बीच कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका लोकप्रिय स्थलों में शामिल है। वीजा से जुड़ी सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी वीएफएस ग्लोबल ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कहा कि वर्ष 2023 में भारतीयों ने सबसे अधिक कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका के लिए वीजा आवेदन किये1 उसने कहा कि 2023 में दिल्ली से वीज़ा आवेदन में 10 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गई है।

## सरकार दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कर रही प्रयास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने 2027 तक का लक्ष्य बताया



दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता भारत 2027 तक दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने और आयात कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि घरेलू दलहन उत्पादन में पहले ही उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो 2014 के 1.7 करोड़ टन से अब काफी अधिक हो चुका है। इस साल के लिए लक्ष्य 2.95 करोड़ टन के उत्पादन का है। मुंडा ने जलवायु अनुकूल किस्मों और अन्य प्रौद्योगिकियों के तेजी से प्रसार की जरूरत पर भी जोर दिया। दालों की कमी को पूरा करने के लिए देश सालाना लगभग 35 लाख टन दलहन का आयात करता है। मुंडा ने यहां ग्लोबल पल्स कन्फेडरेशन और सहकारी संस्था नेफेड की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-भारत चने और कई अन्य दलहन फसलों में आत्मनिर्भर हो गया है।

## ईएसआई में 18.86 लाख नए श्रमिकों का नामांकन

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ईएसआई योजना में दिसंबर 2023 में 18.36 लाख से अधिक श्रमिक शामिल हुए हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि ईएसआई योजना में दिसंबर, 2023 में 18.86 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। इसी माह में नये 23,347 प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। आंकड़ों के अनुसार देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं क्योंकि आलोच्य अवधि के दौरान जोड़े गए कुल 18.86 लाख कर्मचारियों में से 8.83 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु वर्ग तक के हैं,जो लगभग 47 प्रतिशत है।

## प्रवर्तन निदेशालय ने पेटीएम के अधिकारियों से की पूछताछ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आरबीआई की कार्रवाई के बाद कई दस्तावेज जमा किए

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोकने की आरबीआई की हालिया कार्रवाई के बाद, पेटीएम के वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की और कई दस्तावेज जमा किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत फिनटेक कंपनी में आरबीआई द्वारा चिह्नित कथित अनियमितताओं की औपचारिक जांच शुरू करने का निर्णय लेने से पहले दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच कर रही है।

सूत्रों ने बताया कि पेटीएम के अधिकारियों ने हाल ही में कुछ दस्तावेज जमा किए थे जिसके बाद उनसे कुछ सवाल पूछे गए। कुछ और जानकारी भी मांगी गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोई अनियमितता नहीं पाई गई है। फेमा के तहत कोई उल्लंघन पाए जाने पर ही इस कानून के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

# राष्ट्रीय

**सांस्कृतिक उत्सव गुलदस्ता-ए-जम्मू और कश्मीर...**



जम्मू में गुरुवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव गुलदस्ता-ए-जम्मू और कश्मीर के दौरान महिला कलाकारों ने मनमोहक नृत्य का प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

## भाजपा के नंदकिशोर सर्वसम्मति से बने बिहार विधानसभा के अध्यक्ष

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री नंदकिशोर यादव को सर्वसम्मति से गुरुवार को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। विधानसभा में सभाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने श्री यादव के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने की घोषणा की। इसके बाद सदन के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव श्री नंदकिशोर यादव को अध्यक्ष की कुर्सी तक ले गए और उन्हें आसन पर बैठाया। इससे पहले उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सदन के नेता और तेजस्वी प्रसाद यादव को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान की जाने की घोषणा की। इसके बाद सभाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू करते हुए सभाध्यक्ष पद के लिए एक ही नामांकन होने की सदन को सूचना दी।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बोलीं-इलाके में शांति बहाली के लिए की गई आवश्यक कार्रवाई

# संदेशखालि मामले में दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा

**कोलकाता, एजेंसी**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अशांत संदेशखालि में समस्या पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए हरसंभव आवश्यक कार्रवाई की गई है। बनर्जी ने राज्य विधानसभा में कहा कि अशांत संदेशखालि क्षेत्र में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि में शामिल दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचारों को लेकर जिस क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन हो रहा है, उसका जिक्र करते हुए बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि उन्होंने कभी किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया है और न ही होने देंगी। उन्होंने कहा-हम संदेशखालि की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। किसी भी गलत काम में शामिल किसी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। मैंने वहां राज्य महिला आयोग को भेजा है और संदेशखालि के लिए एक पुलिस दल गठित किया है। बनर्जी ने कहा-क्षेत्र में अशांति फैलाने के लिए एक भयानक साजिश रची जा रही है और राज्य सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की है। बुधवार को सातवें दिन संदेशखालि में विरोध प्रदर्शन जारी रहा, बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की।

### बंगाल पुलिस ने शुभेंदु अधिकारी को संदेशखालि जाने से रोका

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी को बृहस्पतिवार को संदेशखालि जाने से रोक दिया। जिस वाहन में पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और तीन अन्य भाजपा विधायक सवार थे, उसे संदेशखालि जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाले रामपुर गांव में पुलिसकर्मियों के एक दल ने रोक दिया। अधिकारी ने कहा कि कुल चार विधायक इलाके में जा रहे थे इसलिए निषेधात्मक आदेश के उल्लंघन का सवाल ही नहीं उठता। इससे पहले, अधिकारी और पांच अन्य भाजपा विधायकों को सोमवार को संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोक दिया गया था।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की टीम ने संदेशखालि का किया दौरा

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि का दौरा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष अरुण हलदर ने कहा कि वहां के लोगों ने आयोग के सदस्यों के साथ अपने 'खौफनाक अनुभव' साझा किए। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचार किए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। हलदर के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने उस क्षेत्र के निवासियों से बात की, जहां मुख्य रूप से अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़े समुदायों के लोग रहते हैं। दौरे के बाद हलदर ने कहा कि हमने विभिन्न लोगों से बात की जिन्होंने अपने साथ हुए खौफनाक अनुभवों के बारे में बात की।

## एक नजर

### भाजपा की आज से होगी राष्ट्रीय परिषद की बैठक

**नई दिल्ली।** भाजपा की राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक शनिवार को यहां स्थित भारत मंडपम में शुरू होगी, जिसमें देश भर के करीब 11,500 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिनिधियों में देश भर से पार्टी के पदाधिकारी, वर्तमान और पूर्व सांसद, विधायक और निर्वाचित महापौर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इसका एक व्यापक संगठनात्मक एजेंडा होगा।

### तमिलनाडु में भाजपा पदाधिकारी की हत्या

**मदुरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के मदुरै शहर में वंडियूर टोल प्लाजा के पास एक अज्ञात बदमाशों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पदाधिकारी की गुरुवार को बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान एम.पी. शक्तिवेल (40) के रूप में हुई है। वह मदुरै शहरी जिले के भाजपा के ओबीसी विंग के सचिव थे। जब वह मोटरसाइकिल चला रहे थे तो हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और उनकी हत्या कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी राजाजी अस्पताल (जीआरएच) भेज दिया गया।

## गुजरात में दो समूहों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत, 30 लोगों पर मामला दर्ज

**हिम्मतनगर।** गुजरात के साबरकांठा जिले के प्रांतिज शहर में दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार रात खोडियार कुवा इलाके में हुई। पुलिस अधीक्षक विजय पटेल ने कहा-मयूर भोई और इमरान कादरी नाम के दो व्यक्तियों के बीच पैसों को लेकर हुए झगड़े के बाद झड़प हुई। जिसमें राजू भोई नामक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''राजू की हत्या के आरोप में 30 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें से 17 लोगों की पहचान कर ली गई है।

## एनआईए ने महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापे मारे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**आईएसआईएस षड्यंत्र मामला**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिमी घाट क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस की साजिश से संबंधित एक मामले में महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापों के बाद बृहस्पतिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) में नौ जगहों पर अनेक संदिग्धों के आवासों पर छापों के दौरान मोहम्मद जोहेब खान को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि इस कार्रवाई के दौरान मामले से संबंधित अनेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। प्रवक्ता ने कहा कि खान के खिलाफ मामला एनआईए मुंबई द्वारा इस जानकारी के आधार पर दर्ज किया गया था कि उसने और उसके साथियों ने आईएसआईएस खलीफा के लिए काम करने की शपथ ली थी।

# अयोग्यता के मामले में अजित गुट की जीत

**मुंबई, एजेंसी**

- विधानसभा अध्यक्ष राहुल ने खारिज की सभी याचिकाएं
- नार्वेकर बोले-संख्या के हिसाब से अजित गुट असली एनसीपी



महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि अजित पवार की अगुवाई वाला समूह उस समय असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) था, जब पार्टी में जुलाई 2023 में दो गुट उभरे थे, और अजित तथा शरद पवार नीत खेमों की अयोग्यता याचिकाएं खारिज कर दीं।

नार्वेकर ने यहां विधानमंडल परिसर में अपने फैसले में कहा-(विधायकों की) अयोग्यता का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं खारिज की जाती हैं। अजित पवार के अपने समर्थकों के साथ जुलाई 2023 में महाराष्ट्र की शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अयोग्यता याचिकाएं शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार नीत प्रतिद्वंद्वी खेमों ने दायर की थीं। नार्वेकर ने फैसले में कहा कि पार्टी संस्थापक शरद पवार के फैसलों पर सवाल उठाना या उनकी इच्छा की अवहेलना करना दल-बदल नहीं है बल्कि यह केवल एक आंतरिक असहमति है।

उन्होंने कहा कि दल-बदल रोधी प्रावधानों से संबद्ध संविधान की 10वीं अनुसूची का इस मामले में दुरूपयोग किया गया। पार्टी नेतृत्व बड़ी संख्या में सदस्यों को अयोग्य करार दिये जाने की धमकी देकर उनकी असहमति की आवाज दबाने के लिए 10वीं अनुसूची का इस्तेमाल नहीं कर सकता। फैसले में कहा गया है कि राकांपा में (जुलाई 2023 में) हुआ घटनाक्रम स्पष्ट रूप से पार्टी की अंदरूनी असहमति थी।

विधानसभा अध्यक्ष हुल नार्वेकर ने कहा कि पार्टी में टूट होने के समय अजित पवार खेमे में ज्यादातर विधायक थे। उन्होंने कहा कि अजित पवार खेमे के फैसले ने राकांपा की इच्छा को प्रदर्शित किया। पिछले हफ्ते, अजित पवार नीत पार्टी को असली राकांपा करार देने संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले के बाद नार्वेकर का यह निर्णय आया है। विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राकांपा-शरदचंद्र पवार पार्टी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि यह शिवसेना में अयोग्यता मामले में दिये नार्वेकर के पूर्व के फैसले का ही दोहराव है।

## पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत अर्जी खारिज

**पटना।** पटना की एक विशेष अदालत ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात एवं रंगदारी के मामले में अभियुक्त बनाए गए पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत याचिका आज खारिज कर दी। सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित पटना की विशेष अदालत के प्रभारी न्यायाधीश आशुतोष खेतान ने यादव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद उन्हें जमानत पर मुक्त किए जाने से इनकार कर दिया। पूर्व सांसद श्री यादव की ओर से विशेष अदालत में 13 फरवरी 2024 को आत्म समर्पण सह जमानत याचिका दाखिल की गई थी लेकिन जमानत अर्जी पर बहस नहीं की गई थी।

## कोर्ट का 182 साल जेल की सजा टाल रहे कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- हाईकोर्ट ने कहा-निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता




दिल्ली उच्च न्यायालय ने भूखंड खरीददारों से ठगी करने के मामले में 182 साल जेल की सजा को टाल रहे एक रियल एस्टेट कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा है कि इसे प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, नियमित रूप से विस्तारित किए जाने वाला अधिकार नहीं। उच्च न्यायालय ने कहा कि निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता और महज इस आधार पर पैरोल को अनंत काल तक जारी रखने की व्यक्ति द्वारा की जा रही कोशिशें दिल्ली कारागार नियम, 2018 के तहत 'फर्लो' एवं 'पैरोल' प्रदान करने की योजना के खिलाफ होगी।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा-मौजूदा मामले में, याचिकाकर्ता दिल्ली कारागार नियम, 2018 के अनुरूप पैरोल प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकार के समक्ष अर्जी लगाए बिना, कानूनन सुनाई गई सजा को वर्षों से टाल रहा है। उन्होंने कहा कि रिट याचिकाओं के जरिये पैरोल के स्वतः विस्तार को नियमित नहीं माना जा सकता, जो करीब चार साल से जारी है। तिरुपति एसोसिएट्स के राकेश कुमार की याचिका खारिज करते हुए उच्च न्यायालय का यह आदेश आया है। कुमार ने छह महीनों के पैरोल के लिए अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने कहा-पैरोल प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, और उपरोक्त अवधि के लिए नियमित रूप से पैरोल अधिकार नहीं है...। याचिकाकर्ता के अनुसार, वह सात साल हिरासत में रह चुके हैं। उन्हें एक उपभोक्ता मंच ने भूखंड खरीददारों के एक संघ द्वारा दायर किये गये मामले में 182 साल जेल की सजा सुनाई है। कुमार ने दलील दी कि उच्च न्यायालय के 13 सितंबर 2019 के एक आदेश पर उन्हें पैरोल पर रिहा किया गया और मामले को सुलझाने के उनके आश्वासन के मद्देनजर समय-समय पर इसे विस्तारित किया गया। पिछला आदेश इस साल 10 जनवरी को जारी किया गया था।

